सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 24 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 79, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 1837 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,837 अंक का गोता लगा गया, निफ्टी 602 अंक लुढ़क गया। } 10

## मुर्मू ने किया तपेदिक को पूरी तरह समाप्त करने का आग्रह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तपेदिक (टीबी) को हमेशा के लिए समाप्त करने के मकसद से सभी हितधारकों से सामूहिक संकल्प के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। } 12



# ईरान- अमेरिका जंग का लंबे समय तक रहेगा असर

### कोरोना की तरह संयम के साथ हालात से निपटने के लिए रहें तैयार, भारत 41 देशों से कर रहा है ऊर्जा का आयात

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान में जारी जंग के बीच तेल और गैस के मुद्दे पर लोकसभा में भरोसा दिलाया कि देश के लोगों के हित सुरक्षित रहेंगे और सरकार सभी जरूरी प्रयास कर रही है।

उन्होंने इस दौरान यह भी कहा कि हम शांति के पक्ष में हैं और इसके लिए सारे प्रयास करेंगे। उन्होंने यह चिंता भी जताई कि इस जंग का असर लंबे समय तक रह सकता है और हमें संयम के साथ हालात से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि हम कोरोना में तैयार थे और उसका फायदा मिला था। उसी तरह हमें फिर से धीरज और संयम के साथ हर चुनौती का सामना करना है। यही हमारी पहचान है और यही हमारी ताकत है। हमें बहुत सावधान और सतर्क भी रहना है। हालात का फायदा उठाने वाले झूठ फैलाने का भी प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों की कोशिशों को सफल नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि करीब एक करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं और वहां काम करते हैं। वहां समंदर में चलने वाले जहाजों में भी बड़ी संख्या में क्रू मेंबर भारतीय ही हैं। इसलिए यह जरूरी है कि भारत की संसद से एकजुट आवाज दुनिया में जाए। इस जंग के शुरू होने के बाद से ही प्रभावित देशों में भारतीयों को जरूरी मदद दी जा रही है। मैंने खुद पश्चिम एशिया के सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों से दो राउंड फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का भरोसा दिया है। दुर्भाग्य से इस दौरान कुछ भारतीयों की मौत हुई है और कुछ घायल हुए हैं। प्रभावित देशों में हमारे मिशन भारतीयों को मदद कर रहे हैं। वहां गए पर्यटक हों या फिर काम करने वाले लोग, सभी को हेल्प की जा रही है। हमारे दूतावासों की ओर से लगातार एडवाइजरी जारी हो रही है और हेल्प लाइन भी स्थापित हैं। देश-विदेश में भारतीयों की सुरक्षा हमारे लिए प्राथमिकता रही है। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 3 लाख 75 हजार भारतीय वापस लौट चुके हैं। ईरान समेत कई देशों में सीबीएसई के स्कूल चलते हैं। वहां सुरक्षा के लिहाज से परीक्षाएं भी रद्द की... शेष पृष्ठ 10 पर

# ईरान के बिजली संयंत्रों पर पांच दिन नहीं करेंगे हमले : ट्रंप

एजेंसी



दुबई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दी गई समय सीमा सोमवार को बढ़ा दी और कहा कि अमेरिका पांच दिन के लिए बिजली संयंत्रों पर हमले नहीं करेगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल साइट पर पोस्ट में यह घोषणा की। इसके ठीक बाद ईरानी सरकारी टेलीविजन की स्क्रीन पर एक ग्राफिक में कहा गया, ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत हुई है।

जिससे युद्ध का पूर्ण और निर्णायक समाधान निकल सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि बातचीत पूरे सप्ताह जारी रहेगी। ट्रंप ने कहा कि बिजली संयंत्रों पर हमला करने की उनकी धमकी को स्थगित करना चल रही बैठकों और चर्चाओं की सफलता पर निर्भर है। ट्रंप ने राजनयिक वार्ताओं के बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। ईरान ने दोनों देशों के बीच हुई किसी भी बातचीत की फिलहाल पुष्टि नहीं की है। ईरान के अर्द्धसैन्य बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के करीबी दो समाचार एजेंसियों ने दावा किया कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है। इससे पहले, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उन्होंने तुर्किये के अपने समकक्ष हाकान फिदान से फोन पर बात की। ईरान और अमेरिका के बीच वार्ताओं में तुर्किये पहले भी मध्यस्थ की भूमिका निभा चुका है। ट्रंप की यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब संयुक्त अरब अमीरात ने सोमवार दोपहर को बताया कि उसकी हवाई रक्षा प्रणाली ईरान की ओर से हो रही गोलाबारी को रोकने का प्रयास कर रही है।

### जमीनी आक्रमण होने पर फारस की खाड़ी में बारूदी सुरंगें बिछायेगा ईरान

**दुबई।** ईरान की रक्षा परिषद ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर जमीनी आक्रमण हुआ, तो वह पूरे फारस की खाड़ी में समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछा सकता है। ईरानी रक्षा परिषद का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब तेहरान में इस बात को लेकर चिंता बढ़ रही है कि अमेरिकी मरीन नौसैनिक क्षेत्र में तैनात किए जा सकते हैं। रक्षा परिषद ने कहा कि दुश्मन द्वारा ईरान के तटों या द्वीपों को निशाना बनाने का कोई भी प्रयास स्वाभाविक रूप से और स्थापित सैन्य प्रथाओं के अनुसार फारस की खाड़ी और तटीय इलाकों में पहुंच के सभी मार्गों को बारूदी सुरंगों ... शेष पृष्ठ 10 पर

ईरान ने कहा था कि वह पूरे मध्य पूर्व में बिजली संयंत्रों को निशाना बनाएगा। वहीं ट्रंप ने कहा था कि महत्वपूर्ण जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोले जाने पर अमेरिका, ... शेष पृष्ठ 10 पर

## षष्ठम-कात्यायनी



**चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।**

महर्षि कात्यायन ने माता दुर्गा की तपस्या कर उनसे अपनी पुत्री होने का वर मांगा था। उनके यहां पुत्री रूप में प्रकट माता का नाम कात्यायनी हुआ। कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्ति के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। माता पार्वती का सबसे ज्वलंत स्वरूप देवी कात्यायनी हैं।

# योगी सरकार का किसानों को बड़ा तोहफा

### 2585 रुपये प्रति कुंतल एमएसपी पर होगी गेहूं खरीद

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट ने गेहूं खरीद नीति को मंजूरी दे दी। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। जो पिछले वर्ष से 160 रुपये अधिक है। 30 मार्च से गेहूं खरीद होगी, जो 15 जून तक चलेगी। सरकार ने आगामी रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद की नीति स्पष्ट कर दी है, जिससे अन्नदाताओं की आय में सीधा इजाफा होगा। सोमवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक हुई।

इसमें कुल 37 प्रस्ताव आए, जिसमें से कैबिनेट ने 35 को स्वीकृति प्रदान की। इसमें गेहूं खरीद पर भी निर्णय किया गया। ऊर्जा क्षेत्र में घाटमपुर पावर प्लांट के लिए कोल माइन विकास के लिए 2242.90 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए। वहीं गोरखपुर में 20 मेगावॉट का फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। नगर विकास के तहत नवयुग पालिका योजना को भी मंजूरी दी गई है, जो 58 जिला मुख्यालयों में लागू होगी। उत्तर प्रदेश निजी बिजनेस पार्क विकास योजना-2025 को मंजूरी दे दी गई है। योजना के अंतर्गत प्रदेश में ऐसे बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जहां वैश्विक निगमों के कार्यालय, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) तथा संचालन केंद्र स्थापित किए जा सकेंगे। कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। केंद्र सरकार ने गत वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की है। रामनवमी के उपरांत 30 मार्च से गेहूं खरीद होगी, जो 15 जून तक चलेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रदेश में खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल 8 एजेंसियों की ओर से 6500 क्रय केंद्र स्थापित होंगे। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पानी व बैठने समेत सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि उतराई, छनाई व सफाई के लिए किसानों को 20 रुपये प्रति कुंतल अलग से दिया जाएगा। किसानों ने इस साल प्रदेश के भीतर काफी अच्छी फसल लगाई है। कृषि विभाग ने उन्हें पर्याप्त मात्रा में बीज भी उपलब्ध कराए हैं। पर्याप्त मात्रा में इसकी खरीद की जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं उठाना पड़े। उन्होंने बताया कि खाद्य व रसद विभाग ने 30 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा था, लेकिन मुख्यमंत्री ... शेष पृष्ठ 10 पर

# प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज ढहने से चार श्रमिकों की मौत, 12 घायल

### घायलों को पचास-पचास हजार की दी जायेगी सहायता



एजेंसी

प्रयागराज। जिले में गंगा नगर के फाफामऊथाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक कोल्ड स्टोरेज के अचानक ढह जाने से चार श्रमिकों कीमौत हो गई, जबकि 12 श्रमिक घायल हो गये।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज ढहने की घटना में अभी तक चार लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 12 श्रमिक घायल हैं जिनका इलाज एसआरएन अस्पताल में चल रहा है। जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल से मलबा हटाकर लोगों की तलाश रही है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि फाफामऊथाना क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोरेज आज दोपहर अचानक भर भराकर ढह गया और उससे अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है तथा अग्निशमन विभाग की टीम भी सक्रिय है जो गैस रिसाव रोकने की दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा एक्स पर किये गये पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों और उनके परिजनों के साथ मेरी सहानुभूति है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और ... शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### एनआईए ने मारे जम्मू कश्मीर में 9 जगह छापे

नयी दिल्ली/श्रीनगर। गत वर्ष लाल किले के पास कार में हुए बम धमाके के मामले की जांच के तहत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को जम्मू कश्मीर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू कश्मीर के नौ स्थानों पर यह तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इन स्थानों में कुपवाड़ा जिले का हंदवाड़ा इलाका, बारामूला जिले का ... शेष पृष्ठ 10 पर

### ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत पांच चिकित्सकों पर केस दर्ज

बलिया। बलिया स्थित एक निजी अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजन ने अस्पताल में हंगामा किया। इस मामले में अस्पताल के पांच चिकित्सकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने महिला के पति शिवांशु राय की शिकायत के हवाले से बताया कि सुखपुरा थाना क्षेत्र के देवकली गांव की निवासी उनकी पत्नी अनीषा राय को रविवार दोपहर दो बजे बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था।

# धामी सरकार के चार साल पूरे, राज्य को मिली 401.86 करोड़ की सौगात

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित 4 साल बेमिसाल कार्यक्रम में प्रदेश की उपलब्धियों, नीतियों और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने 401.86 करोड़ की 74 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कनक चौक से परेड ग्राउंड तक भव्य रोड शो किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चार वर्ष पूर्व जनता ने उन्हें पुनः सेवा का अवसर देकर एक नई जिम्मेदारी सौंपी थी। उसी समय उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को साकार करने और देवभूमि के गौरव को पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया था, जो अब धीरे-धीरे साकार रूप ले रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी देहरादून के विकास को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर को आधुनिक स्वरूप देने के लिए 1400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, ... शेष पृष्ठ 10 पर

# एलपीजी लदे दो और भारतीय जहाज होर्मुज पार

### ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय झंडे वाले जहाज में शामिल हैं जो पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद फारस की खाड़ी में फंस गये थे

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर फारस की खाड़ी से आगे बढ़ना शुरू कर चुके हैं। खबर है कि वे युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे है। जहाज निगरानी से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत सोमवार दोपहर को ईरान के लारक और क्वेशम द्वीपों के बीच के जलक्षेत्र के पास थे।

दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय झंडे वाले जहाज में शामिल हैं जो पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद फारस की खाड़ी में फंस गए थे। इसका कारण युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य का लगभग बंद होना है। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच का संकरा जलमार्ग है जो तेल और गैस उत्पादक खाड़ी देशों को शेष विश्व से जोड़ता है। जहाज ट्रैकिंग आंकड़ों से पता चला है कि ये दोनों जहाज सोमवार को किसी समय जलडमरूमध्य को पार कर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ सकते हैं। इससे पहले, लगभग 92,712 टन एलपीजी ला रहे एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी सुरक्षित रूप से भारतीय तट पर पहुंच चुके हैं। यह देश की लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले और ईरान के पलटवार के बाद पश्चिम एशिया में बनाव बढ़ गया है। उस समय होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय ध्वज वाले 28 भारतीय जहाज मौजूद थे। इनमें से 24 जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में और चार पूर्वी हिस्से में थे। पिछले कुछ दिन में, दोनों तरफ ... शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 27.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 14.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- बेफिक्र देशसेवा करें, परिवार की सुरक्षा, सम्मान सरकार के जिम्मे (पृष्ठ-02)
- बिहार की धरती ज्ञान, अध्यात्म, संस्कृति की अनमोल धरोहर : गुरुमीत (पृष्ठ-02)
- आरबीआई ने 2.53 अरब डॉलर खरीदे (पृष्ठ-10)
- रुपया 50 पैसे टूटकर 94.03 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** सर्वोच्च न्यायालय ने जतायी चिंता, नारों के बजाय संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देने पर दिया जोर

# यूएपीए के अंधाधुंध इस्तेमाल से हासिल नहीं होगा विकसित भारत का लक्ष्य

एजेंसी



नयी दिल्ली/बेंगलुरु। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने कहा है कि असहमति को अपराध घोषित करने, आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत अंधाधुंध गिरफ्तारियों और गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है।

रविवार को बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति भुइयां ने उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने इसकी तुलना देश भर में जिला न्यायपालिका में न्यायिक अधिकारियों के पदों पर 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की नियुक्ति से की। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा लेकिन क्या संवैधानिक अदालतों में भी यही प्रणाली लागू हुई है? सवाल यही है। यहीं पर कॉलेजियम प्रणाली की जांच पड़ताल का महत्व सामने आता है। ऐसा क्यों है कि जब मूल्यांकन व्यक्तिपरक हो जाता है, तो महिलाएं उस स्तर तक नहीं पहुंच पातीं? उन्होंने कहा कि 1950 से अब तक उच्चतम न्यायालय के 287 न्यायाधीशों में से कुल मिलाकर केवल 11 महिला न्यायाधीश रही हैं। ऐसा क्यों? फातिमा बीवी से लेकर अब न्यायमूर्ति नागरत्ना तक, यह आंकड़ा लगभग दो प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम के व्यक्तिपरक मूल्यांकन मानदंडों के अनुसार, बहुत कम लोगों का ही उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में चयन होता है। गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के इस्तेमाल के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने 2019 से 2023 तक के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि सही मायने में विकसित राष्ट्र को राजनीतिक नारों के बजाय संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यूएपीए के तहत कम दोषसिद्धि दर कानून के दुरुपयोग को नहीं तो अत्यधिक उपयोग को दर्शाती है। यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों के 2019 से 2023 तक के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन दोषसिद्धि दर लगभग पांच प्रतिशत है। न्यायाधीश ने कहा कि इससे लगातार कम दोषसिद्धि दर दिखती है। इससे क्या संकेत मिलता है? दुरुपयोग नहीं, तो अत्यधिक इस्तेमाल का, और आपराधिक न्याय ... शेष पृष्ठ 10 पर

# तलाक मामले में दोबारा सुनवाई के हाई कोर्ट के फैसले पर 'सुप्रीम' रोक

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें एक तलाक के मामले की नए सिरे से सुनवाई करने को कहा गया था। यह मामला इसलिए चर्चा में आया क्योंकि एक परिवार न्यायालय ने तलाक की मंजूरी देते समय कानून की ऐसी धारा का इस्तेमाल कर दिया था, जो असल में है ही नहीं।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसने पुराने तलाक को रद्द कर नए सिरे से सुनवाई का आदेश दिया था। फिलहाल उच्चतम न्यायालय ने इस दोबारा सुनवाई पर रोक लगा दी है। पूरा मामला तब उलझ गया जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने पाया कि परिवार न्यायालय के न्यायाधीश ने अलग-अलग कानूनों को आपस में मिला दिया था। केस हिंदू मैरिज एक्ट के तहत दर्ज था, लेकिन न्यायालय ने विशेष विवाह अधिनियम (स्पेशल मैरिज एक्ट) की एक ऐसी धारा का जिक्र कर दिया जो कानून की किताब में मौजूद ही नहीं है। इन कानूनी गलतियों की वजह से उच्च न्यायालय ने पूरे मामले को शुरू से सुनने का निर्देश दिया था। अब उच्चतम न्यायालय ने इस बात की जांच करेगा कि क्या ... शेष पृष्ठ 10 पर

# बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बीबीडीयू ने किया विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन







विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बीबीडी विश्वविद्यालय द्वारा 20 मार्च को विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2026 बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री, कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एवं एंडोडॉन्टिक्स विभाग तथा इनरव्हील क्लब के सहयोग से दंत स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर के दौरान व्यापक दंत परीक्षण किए गए तथा सही ब्रश करने की विधि का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में मरीजों की ओरल प्रोफिलैक्सिस की गई तथा मोबाइल डेंटल वैन के माध्यम से दांतों की रेस्टोरेशन सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त, कॉलेज परिसर के सामने मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु आकर्षक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस पहल के माध्यम से निवारक दंत चिकित्सा के महत्व पर बल दिया गया तथा विद्यार्थियों को जीवनभर स्वस्थ मौखिक आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आयोजकों ने विद्यालय प्रशासन, इनरव्हील क्लब के सदस्यों एवं दंत चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया। हम बी.बी.डी.यूनिवर्सिटी के प्रबंधन का आभार व्यक्त करते है जिन्होंने इस कार्यक्रम को आयोजित करने का अवसर प्रदान किया।

# गोरखपुर बनेगा सोलर सिटी, चिलुआताल में 20 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट को मंजूरी

## परियोजना के लिए कोल इंडिया लि. को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जायेगी पर्यटन विभाग की 28 एकड़ भूमि



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैबिनेट बैठक में गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा फैसला लिया गया है। इसके तहत चिलुआताल में 20 मेगावाट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के मानकों के अनुसार सोलर सिटी के रूप में विकसित शहरों में 5 वर्षों के भीतर पारंपरिक ऊर्जा की कुल मांग में कम से कम 10% की कमी लाना अनिवार्य है। गोरखपुर के लिए यह लक्ष्य लगभग 121.8 मिलियन यूनिट ऊर्जा अक्षय स्रोतों से प्राप्त करना निर्धारित किया गया है।

गोरखपुर के तहसील सदर स्थित चिलुआताल में प्रस्तावित फ्लोटिंग सोलर प्लांट के लिए करीब 80 एकड़ जल क्षेत्र का उपयोग किया जाएगा। यह क्षेत्र पर्यटन विभाग, राजस्व विभाग तथा हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के स्वामित्व के अधीन है। परियोजना के लिए पर्यटन विभाग की 11.4181 हेक्टेयर (28.20 एकड़) भूमि कोल इंडिया लिमिटेड को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी इस 20 मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर प्लांट की स्थापना अपने संसाधनों से करेगी। चिन्हित भूमि ताल श्रेणी की है और धारा-77(1) के अंतर्गत सुरक्षित श्रेणी में आती है। इस पर फ्लोटिंग सोलर प्लांट लगाने से भूमि की मूल प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं होगा, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहेगा।

इस परियोजना से प्रति वर्ष न्यूनतम 33.29 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा, जिसे विद्युत ग्रिड में जोड़ा जाएगा। इससे गोरखपुर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी और पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता घटेगी। फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, निवेश को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी। साथ ही शहर को स्वच्छ और सतत ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ाने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पहले से ही औरैया में 20 मेगावाट तथा खुर्जा में 11 मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। गोरखपुर में प्रस्तावित यह प्लांट कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा अपने संसाधनों से स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा लगभग 80 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। इस पहल से न केवल हरित ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि गोरखपुर को सोलर सिटी बनाने में भी बड़ी मदद मिलेगी तथा प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा, निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

**पछवारा साउथ कोल ब्लॉक विकास को मंजूरी, सस्ती बिजली का रास्ता साफः** कैबिनेट बैठक में नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड (एनयूपीपीएल) को आवंटित पछवारा साउथ कोल ब्लॉक के विकास के लिए 2242.90 करोड़ की आकलित लागत को मंजूरी प्रदान की गई। यह कंपनी उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड एवं एनएलसी इंडिया लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम है। परियोजना का वित्तपोषण 70% ऋण (1570.03 करोड़ रुपये) एवं 30% अंशपूंजी के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें उत्पादन निगम की 49% हिस्सेदारी के अनुसार 329.71 करोड़ रुपये अंशपूंजी देय होगी। इस कोल ब्लॉक से प्राप्त कोयला मुख्य रूप से कानपुर नगर स्थित 3660 मेगावाट घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की इकाइयों में उपयोग किया जाएगा। ब्लॉक में खनन कार्य 19 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हो चुका है और अगस्त 2026 से कोयला निकासी का लक्ष्य रखा गया है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इस कोल ब्लॉक के विकसित होने से घाटमपुर प्लांट में बिजली उत्पादन लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी। प्रारंभिक आकलन के अनुसार लगभग 80 पैसे प्रति यूनिट तक बिजली सस्ती होगी, जबकि कुल मिलाकर करीब 1 रुपये प्रति यूनिट तक कमी आने की संभावना है। इससे प्रदेश को सस्ती, सुलभ और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में बड़ी मदद मिलेगी।

# यूपी में वैश्विक कंपनियों के लिए तैयार होंगे आधुनिक बिजनेस पार्क

- 45 वर्षों के लिए किया जायेगा विकसित न्यूनतम 10 एकड़ भूमि का प्रावधान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश निजी बिजनेस पार्क विकास योजना-2025 को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत प्रदेश में विश्वस्तरीय प्लग-एंड-प्ले बिजनेस पार्क विकसित कर वैश्विक निवेश, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को नई गति दी जाएगी। योजना के अंतर्गत प्रदेश में ऐसे बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जहां वैश्विक निगमों के कार्यालय, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) तथा संचालन केंद्र स्थापित किए जा सकेंगे। इन पार्कों में रेडी-टू-ऑपरेट और प्लग-एंड-प्ले सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी से विस्तार होगा।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने बताया कि अभी तैयार इंफ्रास्ट्रक्कर के अभाव में परियोजनाओं में देरी और लागत वृद्धि होती है। यह योजना इस समस्या का समाधान करते हुए आधुनिक व रेडी-टू-यूज इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराएगी, जो प्रदेश की औद्योगिक निवेश नीतियों का पूरक बनेगा। विश्वस्तरीय बिजनेस पार्क्स की स्थापना से औद्योगिक सेटअप में तेजी आएगी, बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा, हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे, राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और स्टार्टअप को समर्थन मिलेगा और औद्योगिक क्लस्टरिंग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साझा जोखिम मॉडल को प्रोत्साहन मिलेगा।

योजना को डिजाइन, बिल्ट, फाइनेंस, आपरेट एवं ट्रांसफर मॉडल के तहत लागू किया जाएगा। इसके माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी और दक्षता को बढ़ावा मिलेगा, जिससे परियोजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। प्रत्येक बिजनेस पार्क को 45 वर्षों की रियायत अवधि पर विकसित किया जाएगा, जिसे आगे 45 वर्षों तक बढ़ाया जा सकेगा। इसके बाद विकसित संपत्तियां राज्य सरकार को हस्तांतरित कर दी जाएंगी। प्रत्येक बिजनेस पार्क के लिए न्यूनतम 10 एकड़ भूमि का प्रावधान किया गया है। हालांकि, स्थान विशेष की उपलब्धता और उपयुक्तता के आधार पर इसमें लचीलापन भी रखा गया है। योजना की वित्तीय संरचना में अपफ्रंट लैंड प्रीमियम और राजस्व भागीदारी शामिल होगी। चयनित डेवलपर को योजना के तहत डीबीएफओटी की पूरी जिम्मेदारी उठानी होगी।

योजना लागू होने के बाद संबंधित औद्योगिक विकास प्राधिकरण या सरकारी भूमि स्वामित्व एजेंसियां आवेदन और बोली प्रक्रिया संचालित करेंगी। इसमें प्रस्ताव आमंत्रण, प्रारंभिक जांच और तकनीकी मूल्यांकन शामिल होगा। प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए एक स्क्रीनिंग समिति गठित की जाएगी, जो शॉर्टलिस्ट आवेदकों की सिफारिश आवंटन समिति को करेगी। अंतिम भूमि आवंटन का निर्णय संबंधित प्राधिकरण द्वारा लिया जाएगा। विकासकर्ता को अर्धवार्षिक आधार पर प्रगति एवं वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें भौतिक प्रगति, व्यय का विवरण और समय-सीमा के अनुपालन की जानकारी शामिल होगी। यह रिपोर्ट नामित प्राधिकरण को सौंपी जाएगी।

इस योजना के अंतर्गत सभी निविदाएं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) दिशा-निर्देशों के अनुसार जारी की जाएंगी। प्रत्येक निविदा के लिए संबंधित प्राधिकरण को अपने प्रशासनिक विभाग से अनुमोदन लेना अनिवार्य होगा। यह योजना कैबिनेट से अनुमोदित होने के बाद अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभावी होगी। इसके बाद प्रदेश की विभिन्न भूमि स्वामित्व एजेंसियां बिजनेस पार्क विकास के लिए इस नीति को अपनाएंगी।

# नक्शा पास होते ही माना जायेगा लैंड यूज परिवर्तन

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट ने प्रदेश में उप्र. राजस्व संहिता, 2006 की धारा-80 में संशोधन के लिए अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी है। इस अहम फैसले के तहत विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में गैर-कृषि उपयोग (लैंड यूज) परिवर्तन की प्रक्रिया को बेहद सरल बना दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में अलग से लैंड यूज बदलवाने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी भूखंड का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास हो जाता है, तो उसी को भूमि उपयोग परिवर्तन माना जाएगा। इससे पहले लोगों को दोहरी प्रक्रिया (पहले लैंड यूज परिवर्तन और फिर नक्शा पास कराने) से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि नई व्यवस्था में नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में ही सभी औपचारिकताएं समाहित कर दी गई हैं। इससे न केवल आमजन को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि निवेशकों के लिए भी प्रक्रिया आसान और पारदर्शी बनेगी।

**सम्भल में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर को मिली मंजूरी :** कैबिनेट बैठक में अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत गंगा एक्सप्रेसवे के निकट जनपद सम्भल में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर की स्थापना हेतु अवस्थापना विकास कार्यों को मंजूरी दे दी गई है। उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित एक्सप्रेस-वे नेटवर्क के अंतर्गत 29 स्थलों पर प्रस्तावित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना के तहत यह क्लस्टर विकसित किया जाएगा, जिसमें सड़क, आरसीसी नालियां, कल्वर्ट, फायर स्टेशन, अवर जलाशय, जलापूर्ति लाइन, फेंसिंग, विद्युत ढांचा तैयार किया जाएगा। परियोजना का निर्माण ईपीसी मॉडल पर किया जाएगा तथा प्रस्तावित 293.59 करोड़ रुपये की लागत के सापेक्ष वित्त समिति द्वारा अनुमोदित 245.42 करोड़ रुपये की धनराशि पर कैबिनेट ने अंतिम स्वीकृति प्रदान की है।

# बेफिक्र देशसेवा करें, परिवार की सुरक्षा, सम्मान सरकार के जिम्मे

- जवानों की समस्याओं का समयसीमा के भीतर उचित निराकरण कराएं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आप बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए। आपके परिवार समेत प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सहूलियत, सुरक्षा और सम्मान सरकार के जिम्मे है। सरकार इसे लेकर पहले दिन से गंभीर है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में आए सैनिकों से कहीं। मुख्यमंत्री ने सैनिकों की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए। सरकार हर समस्या का निराकरण कराएगी। जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता व स्थानांतरण आदि से जुड़े मामले भी आए।

सीएम ने एक-एक कर सबकी समस्याओं को सुना, प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समय सीमा के अंदर उनके उचित निस्तारण का निर्देश दिया। जनता दर्शन में कई जनपदों से सैनिक भी आए। इनमें से कुछ मामले जमीनी विवादों के भी थे। सीएम योगी ने इनके प्रार्थना पत्र लिए और स्थानीय जिला-प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश की सीमा व आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों से संपर्क करें।

इस दौरान पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े मामले भी आए। सीएम योगी ने पीड़ितों के प्रार्थना पत्र लेते हुए कहा कि जमीनी विवाद में सभी पक्षों को सुनकर कार्रवाई की जाए। इलाज के लिए आर्थिक सहायता के मामले पर सीएम ने मरीज के परिजनों से कहा कि आर्थिक सहायता के लिए आवेदन करते हुए अस्पताल से एस्टिमेट बनवा लीजिए।

## भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है बलिदानियों का त्याग : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलिदान दिवस पर महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को नमन किया। मुख्यमंत्री ने इनके साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम को प्रेरक बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि क्रांति की ज्योति प्रज्वलित करने वाले अमर बलिदानी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का त्याग भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की भावना सदियों तक हमें 'राष्ट्र सर्वोपरि' की प्रेरणा देती रहेगी। आज बलिदान दिवस पर वीर हुतात्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि।

# बिहार की धरती ज्ञान, अध्यात्म, संस्कृति की अनमोल धरोहर : गुरुमीत

- देहरादून के लोकभवन में आयोजित हुआ बिहार दिवस

विशेष संवाददाता (vol)



**देहरादून।** बिहार की धरती ज्ञान, अध्यात्म, संस्कृति और इतिहास की अनमोल धरोहर रही है। बिहार वही पावन भूमि है जहां भगवान बुद्ध और भगवान महावीर ने ज्ञान और अहिंसा का संदेश दिया तथा नालंदा विश्वविद्यालय जैसे विश्वविख्यात शिक्षा केंद्र से ज्ञान की धारा पूरे विश्व में प्रवाहित हुई। यह उद्बोधन उत्तराखंड के राज्यपाल ले. जन. (सेनि) गुरुमीत सिंह ने देहरादून के लोक भवन में आज बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दिया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड में निवास कर रहे बिहार के लोगों सहित यहाँ कार्यरत शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

राज्यपाल ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त बनाने के लिए सभी राज्यों की सांस्कृतिक विशेषताओं को जानना और अपनाना आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन न केवल विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को भी सुदृढ़ करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि बिहार ने शासन, प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान बिहारी महासभा द्वारा बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विशेष रूप से नन्हीं बालिकाओं की ओर से प्रस्तुत मनमोहक लोक नृत्य ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया और कार्यक्रम की विशेष आकर्षण का केंद्र बना।

इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव अमित कुमार सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक ए. पी. अंशुमान, सचिव नितेश झा, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, बिहारी महासभा के अध्यक्ष ललन सिंह, सचिव चंदन कुमार झा, कोषाध्यक्ष रितेश कुमार, डॉ. राम विनय सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव की ओर से किया गया।

# भाजपा सरकार में किसान बर्बाद हो गया : अखिलेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में किसान बर्बाद हो गया है। आलू किसानों को फसल की कीमत नहीं मिली। आगरा, फरुर्खाबाद, मैनपुरी, इटावा, एटा समेत अन्य जिलों में आलू किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आलू की कीमत इतनी कम है कि किसानों ने आलू की खुदाई नहीं की, ट्रैक्टरों से आलू समेत खेतों की जुताई करा दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों का आलू खरीदने का वादा किया था। सरकार बताए कि आलू खरीदने के लिए कितना बजट दिया था। सोमवार को गोमती नगर स्थित लोहिया पार्क में डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मीडिया से बात करते हुए श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार झूठे वादे करती और झूठ बोलती है। सरकार इन्वेस्टमेंट के नाम पर भी झूठा प्रचार करती है। सरकार बताए कि जो एमओयू हुए थे उनमें से कितना इन्वेस्टमेंट जमीन पर उतरा। निवेश किस औद्योगिक नीति के तहत आया। निवेश के लिए सरकार ने कितना इंसेंटिव दिया। इंसेंटिव के लिए बजट में कितना प्रावधान हुआ और अगर निवेश हुआ तो कितने लोगों को रोजगार मिला।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश और प्रदेश की जनता लाइनों में है। कभी नोटबंदी के लिए लाइन, कभी खाद के लिए लाइन अब रसोई गैस सिलेंडर के लिए लाइन लगी है। एलपीजी, लापता गैस हो गयी है। चाय-पानी, ठेले, रेस्टोरेंट, चाट की दुकानें बंद है। शहरों में गैस सिलेण्डर के लिए लाइनें लगी है। गैस एजेंसियों पर एलपीजी सिलेंडर के लिए मेला लगा है। जनता परेशान है।

उन्होंने कहा कि अगर युद्ध लम्बा चला तो रसोई गैस का संकट और गहराएगा और कीमतें बढ़ जाएंगी। महंगाई और बढ़ जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। गोरखपुर, वाराणसी, मथुरा, बदायूं में जिस तरह की घटनाएं हुई है उससे कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो गया है। गोरखपुर की घटना में भाजपा के राज्यसभा सदस्य ने जो कहा है वह बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि कि अगर दोषी नहीं पकड़े गए। सच्चाई बाहर नहीं आयी तो राज्यसभा में नंगा कर दूंगा। एक राज्यसभा सदस्य अखिर किसको नंगा करना चाहते हैं।

## कांग्रेस ने क्रातिकारियों को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करने वाले, युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने वाले देश के महान क्रांतिकारी योद्धा शहीद भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु जी के बलिदान दिवस पर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ पर कांग्रेसजनों द्वारा उक्त महान क्रांतिकारियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके अदम्य साहस, देशभक्ति एवं बलिदान को नमन किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरू जैसे महान क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर एड, अली आसिफ जमा रिजवी, किसान कांग्रेस मध्य जोन के अध्यक्ष बृज मौर्या, शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ, अमित कुमार राय, प्रो. श्रवण कुमार गुप्ता, अनामिका यादव, सिद्धि सर्वेश श्रीवास्तव ने विचार रखे।

# भाजपा लखनऊ महानगर कार्यकारणी घोषित, कार्यकर्ताओं में खुशी



**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर कार्यकारणी की घोषित होने के बाद कैसरबाग कार्यालय पर बड़ी संख्या में बधाई देने वाले कार्यकताओं का ताता लगा रहा। महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने सभी पदाधिकारियों को नवीन दायित्व के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

कार्यालय पर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों में महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सतेन्द्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष कुमकुम राजपूत, योगेंद्र पटेल, सीता नेगी, विनायक पाण्डेय, मानवेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ बाल्मीकि, दीपक कुमार शुक्ला दीपू, जी.डी. शुक्ला, महानगर मंत्री आनंद कुमार पाण्डेय, सतीश चन्द्र मिश्रा, अपूर्व भार्गव, अर्चना साहू, चन्द्र प्रकाश अवस्थी, मीडिया प्रभारी अनुराग साहू, महानगर कोषाध्यक्ष मनोज के. गुप्ता, महानगर कार्यालय सह मंत्री शैलेन्द्र राय, मयंक बाजपेयी, महानगर संयोजक सोशल मीडिया टी.आर. जोशी, महानगर सह संयोजक सोशल मीडिया सतवीर सिंह आनंद सन्नी, मणिकांत शुक्ला, महानगर संयोजक आई.टी. विभाग उत्तम प्रकाश मिश्रा, महानगर सह संयोजक आई.टी. विभाग संतोष सिंह, सतीश अडवानी को मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों पर संगठन ने जो भरोसा जताया है, उसे सभी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएं। संगठन को और मजबूत करने में लगाएंगे।

## रालोद ने डॉ. राम मनोहर लोहिया को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** आज राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय की अध्यक्षता में महान समाजवादी चिंतक एवं प्रखर विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने जयंती सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. लोहिया का जीवन संघर्ष, सादगी और जनसेवा का प्रतीक है। उनके विचारों को आत्मसात कर ही देश में वास्तविक सामाजिक परिवर्तन संभव है।

# दुबग्गा चौराहे पर बनेगा फ्लाईओवर

## वृंदावन में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशन सेंटर, रोशन-उद-दौला भवन और छतर मंजिल को किया जायेगा विकसित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकभवन में सोमवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुनियादी ढांचे, हेरिटेज संरक्षण और यातायात व्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं में लखनऊ के वृन्दावन योजना सेक्टर-15 में प्रस्तावित इंटरनेशनल एक्जीबिशन-सह-कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए पुनरीक्षित लागत को स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही कैबिनेट फैसलों में राजधानी के ऐतिहासिक घरोहर के संरक्षण के उद्देश्य से रोशन-उद-दौला भवन और छतर मंजिल को एडाप्टिव रि-यूज के तहत पीपीपी मॉडल पर विकसित करने और परिवहन सुविधा के लिए दुबग्गा चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण करने की परियोजना की स्वीकृति शामिल हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में राजधानी लखनऊ में नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए इंटरनेशनल एक्जीबिशन-सह-कन्वेंशन सेंटर की पुनरीक्षित लागत को स्वीकृति प्रदान की गई है। कैबिनेट ने लखनऊ की वृन्दावन योजना, सेक्टर-15 में प्रस्तावित इंटरनेशनल एक्जीबिशन-सह-कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए पहले 1297.42 करोड़ रुपये की लागत को स्वीकृत किया था, लेकिन निविदा प्रक्रिया के दौरान लागत अधिक आने के कारण इसे संशोधित कर 1435.25 करोड़ रुपये को मंजूर दी गई है। इस लागत में जीएसटी, लेवी, कंटीजेंसी और सुपरविजन चार्ज सहित अन्य खर्च भी शामिल हैं। ईपीसी मोड पर बनने वाले इस अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर में 10,000 लोगों की क्षमता वाला विशाल कन्वेंशन हॉल और 2,500 लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। साथ ही बड़े स्तर पर पार्किंग की सुविधा और सुरक्षा मानकों के अनुरूप भीड़ नियंत्रण व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।



इंटरनेशनल एक्जीबिशन-सह-कन्वेंशन सेंटर का निर्माण प्रदेश की राजधानी, लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय स्तर के डिफेंस एक्सपों जैसे आयोजनों के स्थल के रूप में की जा रही है। कन्वेंशन सेंटर के आसपास 5-स्टार और बजट होटल विकसित करने की भी योजना है, जिससे देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों को बेहतर आवास सुविधाएं मिल सकें। साथ ही, यहां आयोजित होने वाले आयोजनों के दौरान भारी उपकरणों, मॉडलों के प्रदर्शन की भी व्यवस्था होगी।

यह परियोजना लखनऊ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख आयोजन स्थल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसी क्रम में योगी सरकार की ने लखनऊ की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रोशन-उद-दौला भवन और छतर मंजिल को एडाप्टिव रि-यूज के तहत सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी) मॉडल पर विकसित करने को कैबिनेट ने मंजूर प्रदान की है। इसके लिए इन भवनों से संबंधित भूमि का स्वामित्व पर्यटन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने का प्रस्ताव किया गया है। इन ऐतिहासिक इमारतों को हेरिटेज पर्यटन इकाइयों के रूप में विकसित कर राज्य में पर्यटन को नई दिशा देने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह भूमि हस्तांतरण अपवादस्वरूप किया जा रहा है और इसे भविष्य के लिए उदाहरण नहीं माना जाएगा। साथ ही लखनऊ की यातायात समस्या के समाधान के लिए भी एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दी गई है।

इस क्रम में लखनऊ-हरदोई मार्ग पर स्थित दुबग्गा चौराहे पर 1,811.72 मीटर लंबा तीन लेन का फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 305.31 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। दुबग्गा चौराहा लखनऊ शहर का एक प्रमुख यातायात केंद्र है, फ्लाईओवर के निर्माण से इस क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि ये सभी परियोजनाएं लखनऊ को आधुनिक, सुव्यवस्थित और पर्यटन के दृष्टिकोण से आकर्षक शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## लखीमपुर खीरी में शारदा नदी के ढेबर घाट पर पुल की लंबाई बढ़ेगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट ने सोमवार को लखीमपुरी खीरी में शारदा नदी के ढेबर घाट पर पुल की लंबाई को बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। यह अकबरपुर-रायपुर गांव के बीच स्थित बेंटी-चांदीभानपुर-तंबौर मार्ग पर स्थित है। सेतु की निमार्णावधि में शारदा नदी की मुख्य धारा में अप्रत्याशित रूप से आए बदलाव के कारण कार्यस्थल पर एक नई धारा ढेबर की तरफ प्रवाहित होने लगी है।

वहीं, शारदा नदी की मुख्य धारा बदलकर 980 मीटर ढेबर गांव की ओर विस्थापित हो गई है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वाराणसी ने मॉडल का अध्ययन किया और पाया कि पुल को जनोपयोगी बनाने के लिए इसकी लंबाई लखीमपुर खीरी की तरफ 675 मीटर बढ़ा देनी चाहिए। परियोजना पूरी होने में 228 करोड़ 76 लाख छह हजार रुपये का खर्च आएगा।

## चारबाग से बसंतकुंज मेट्रो रूट 2030 तक होगा पूरा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में संचालित मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समयसीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और संबंधित विभागों के बीच नियमित समन्वय बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो परियोजनाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आय के नए स्रोत विकसित किए जाएं। स्टेशनों और परिसरों में व्यावसायिक गतिविधियों जैसे मल्टीलेवल पार्किंग, रिटेल, फूड कोर्ट और ऑफिस स्पेस को बढ़ावा दिया जाए, विज्ञापन और डिजिटल ब्रांडिंग के अवसरों का अधिकतम उपयोग हो, तथा मेट्रो की भूमि और अन्य परिसंपत्तियों का बेहतर ढंग से उपयोग किया जाए।

ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट के माध्यम से बड़े स्तर पर राजस्व सृजन, भूमि मूल्य संवर्धन और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया, ताकि मेट्रो परियोजनाएं दीर्घकाल में आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि मेट्रो के साथ मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी को मजबूत किया जाए और लास्ट माइल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जाए, ताकि यात्रियों को घर तक निर्बाध यात्रा मिल सके।

बताया गया कि लखनऊ मेट्रो का लगभग 23 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर पूर्ण रूप से संचालित है और इसके विस्तार के अंतर्गत चारबाग से वसंत कुंज (कॉरिडोर-1बी, लगभग 11.16 किमी) को वर्ष 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे पुराने लखनऊ के घनी आबादी वाले क्षेत्रों को आधुनिक कनेक्टिविटी मिलेगी। कानपुर मेट्रो परियोजना के कुल 32.4 किलोमीटर लंबे दोनों कॉरिडोर पर कार्य तेजी से चल रहा है।

# प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों को दी जायेगी प्रोत्साहन राशि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सोमवार को 3,540 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत अयोध्या, गोरखपुर, रायबरेली, फतेहपुर और मीरजापुर में पांच औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। वहीं कैबिनेट ने औद्योगिक इकाइयों को 566.77 करोड़ रुपये की एसजीएसटी प्रतिपूर्ति के प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसके तहत रामपुर की रेडिको खेतान लिमिटेड को 6.88 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं गोरखपुर की गैलेंट इस्पात लिमिटेड को 244.39 करोड़ की प्रतिपूर्ति राशि दी जाएगी।प्रदेश में निवेश करने वाली एक दर्जन से अधिक कंपनियों को अलग-अलग नीतियों के तहत प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने का निर्णय किया गया है। कैबिनेट ने औद्योगिक विकास विभाग के वित्तीय प्रोत्साहनों से जुड़े सात प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। तीन कंपनियों को भूमि पर सब्सिडी दिए जाने का फैसला किया गया है। छह कंपनियों को लेटर आफ कंफर्ट को मंजूरीउप्र औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत अयोध्या में पक्का लिमिटेड को 676.26 करोड़ रुपये, गोरखपुर में गैलेन्ट इस्पात लिमिटेड को 765.11 करोड़ रुपये, रायबरेली में रिलायंस सीमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को 550.31 करोड़ रुपये, फतेहपुर में डालमिया भारत ग्रीन विजन लिमिटेड को 776.35 करोड़ रुपये, मीरजापुर में डालमिया भारत ग्रीन विजन लिमिटेड को 772.26 करोड़ रुपये और सीतापुर में रेडिको खेतान लिमिटेड को 591.14 करोड़ रुपये का मेगा सुपर श्रेणी में प्रस्तावित निवेश को लेकर लेटर आफ कंफर्ट जारी करने की स्वीकृति दी गई है। साथ ही मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड को सोनभद्र में इकाई की स्थापना को लेकर 9.37 करोड़ रुपये की एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति देने संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

**5000 टीसीडी क्षमता की नई चीनी मिल को मंजूरी :** बागपत जिले की पुरानी और जर्जर 2500 टीसीडी क्षमता वाली किसान सहकारी चीनी मिल में 5000 टीसीडी क्षमता की नई मशीने स्थापित करने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत अब दि किसान सहकारी चीनी मिल के पुराने हो चुके जर्जर प्लांट एवं पुरानी तकनीक पर आधारित मशीनों की जगह नई तकनीक वाली मशीनें स्थापित की जाएंगी। पुरानी तकनीक वाली मशीनों के कारण मिल को न सिर्फ हानि हो रही थी बल्कि कम क्षमता होने के कारण गन्ना किसानों को भी इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था।

**बीडा कर्मियों के नियुक्ति से जुड़ा प्रस्ताव मंजूर :** कैबिनेट ने उप्र औद्योगिक विकास प्राधिकरण केन्द्रीयित सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली-2026 को स्वीकृति प्रदान की है। सभी विकास प्राधिकरणों की तरह अब बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) भी इस नियमावली के दायरे में होगा। इससे बीडा में कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। राज्य सरकार ने विभिन्न प्राधिकरणों में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए 2018 में नियावमली बनाई थी, तब बीडा का गठन नहीं हुआ था।

**यूपी में री-यूज वाटर का पीने के अतिरिक्त कामों में होगा इस्तेमाल :** प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए शोधित जल (ट्रीटेड वॉटर) के सुरक्षित पुनः उपयोग के लिए नई नीति लागू करने की तैयारी कर ली है। इस नीति का उद्देश्य घरों और उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को शोधित कर दोबारा उपयोग में लाना है, जिससे पेयजल संसाधनों पर दबाव कम हो सके। प्रदेश में सिंचाई, घरेलू, औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्रों में पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सरकार ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) के जरिए शोधित जल के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। नीति के तहत शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाले अपशिष्ट जल को ट्रीट कर पहले चरण में नगर निकाय उपयोग, निर्माण कार्य, बागवानी और सिंचाई में इस्तेमाल किया जाएगा। दूसरे चरण में उद्योग, कृषि और रेलवे जैसे क्षेत्रों में इसका विस्तार होगा। वहीं तीसरे चरण में ड्यूल पाइप सिस्टम के जरिए घरों तक गैर-पीने योग्य उपयोग के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

# नगर निगम मुख्यालय के निर्माण में लापरवाही पर जतायी नाराजगी

- महापौर ने कल्याण मंडप व शक्ति उपवन का किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को गोमती नगर स्थित निमाणार्धीन नगर निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात सहित नगर निगम एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने पाया कि नगर निगम की केंद्रीय कार्यशाला के पुराने भवनों को खाली कराने के निर्देश 16 जुलाई 2024 में दिए जाने के बावजूद अब तक कार्रवाई पूरी नहीं की गई है।

इस पर उन्होंने चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात को कड़ी फटकार लगाई और नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद महापौर और नगर आयुक्त स्वयं मौके पर बैठे और तत्काल प्रभाव से भवन खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कराई। उन्होंने कहा कि जब 16 जुलाई 2024 को भूमिपूजन के बाद केंद्रीय कार्यशाला को खाली करने के निर्देश दिए जा चुके थे डेढ़ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी लापरवाही क्यों बरती गई। कड़ी फटकार के बाद हरकत में आए अधिकारियों ने बुलडोजर चलवाकर पुराने भवन के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही भी प्रारंभ कराई।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को कुकरैल बंधे के किनारे विकसित हो रहे शक्ति उपवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने परियोजना के विभिन्न पहलुओं का जायजा लेते हुए कार्यों की गति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना को निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। शक्ति उपवन को लगभग 3.6 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित किया जा रहा है।

इस उपवन में नागरिकों के लिए लॉन्ग वॉक ट्रैक और एक्सरसाइज की विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, इसे पिकनिक स्थल के रूप में भी विकसित किया जा रहा है, जिससे परिवार और बच्चों के लिए यह आकर्षण का केंद्र बनेगा।

इसके अलावा जोन-3 के कपूरथला चौराहे के पास निमाणार्धीन कल्याण मंडप का सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने अब तक हुए कार्यों और आगे की योजना के बारे में महापौर को अवगत कराया।

## कूड़ा कलेक्शन के लिए ईवी वाहनों को दिखायी झंडी

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ के अंतर्गत जोन-2, 5 और 8 में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कर रही लॉयन एनवायरो के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का सोमवार को 1090 चौराहे पर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड, 1090 जियामऊ (जोन 01) में स्थापित पोर्टेबल कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का लोकार्पण वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना किया गया। अब तक लखनऊ स्वच्छता अभियान की ओर से शहर के जोन 1, 3, 4, 6 और 7 में 21 पीसीटीएस/एफसीटीएस स्थापित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 101 इलेक्ट्रिक वाहनों को मंत्री एवं महापौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



## नगर निगम की जमीन पर रि. पुलिसकर्मी का कब्जा कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** सरोजनी नगर मे नगर निगम की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने के मामले में रिटायर्ड पुलिसकर्मी का नाम सामने आने से हड़कंप मच गया है। इस संबंध में स्थानीय निवासी सचिन श्रीवास्तव ने तहसील समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, सरोजनीनगर क्षेत्र के बिजनौर रोड गौरी दुर्गानगर कालोनी में रहने वाले रिटायर्ड पुलिसकर्मी मुरली प्रसाद द्वारा नगर निगम की भूमि पर कब्जा कर निर्माण कराया गया है। आरोप है कि उक्त पुलिसकर्मी लंबे समय तक सरोजनीनगर थाने में तैनात रहा है और इसी प्रभाव का उपयोग कर सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया।

शिकायतकर्ता ने बताया कि नगर निगम की यह भूमि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के रूप में दर्ज है, जिस पर पूर्व में भी अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे हौसले बुलंद हैं।

# रेसलिंग गोल्ड कप में देश-विदेश के पहलवानों का प्रदर्शन

- विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने की 5 लाख सहयोग की घोषणा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अमर शहीदों की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित रेसलिंग गोल्ड कप में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि इस भव्य प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब सहित विदेशों जॉर्जिया एवं ईरान, से आए कुल 45 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि कुश्ती हमारे देश की लगभग पाँच हजार वर्ष पुरानी गौरवशाली परंपरा रही है। यह केवल एक खेल नहीं, बल्कि शक्ति, टेक्निक, संयम और संस्कृति का अद्भुत संगम है। आज के मुकाबलों में स्टैमिना, टेक्निक और स्टाइल का शानदार संतुलन देखने को मिला।



विधायक डॉ. सिंह ने आयोजकों के सतत प्रयासों की सराहना की एवं कुश्ती को और आगे बढ़ाने के लिए सीएसआर फण्ड के माध्यम से 5 लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की। डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ी किसी भी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनमें अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत भावना होती है। वे न केवल स्वयं को स्वस्थ और संस्कारित रखते हैं, बल्कि अपने प्रदर्शन से देश का गौरव विश्व पटल पर ऊँचा करते हैं। इसी कारण वे राष्ट्र के सर्वश्रेष्ठ नागरिकों में सम्मिलित होते हैं।

डॉ. सिंह ने आगे कहा कि हमारी प्राचीन अखाड़ा परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा और मिट्टी से जुड़ी इस खेल संस्कृति ने सदैव समाज को सशक्त किया है। यह परंपरा निरंतर आगे बढ़ती रहे, यही कामना है। इस अवसर पर अभिमन्यु सिंह, पूर्व आईएएस एसपी सिंह, प्रोफेसर संजय सिंह, पी.के. मिश्रा, गोपाल राय, कैप्टन कमल सिंह, शंकरी सिंह सहित अनेक गणमान्य व दर्शक जन उपस्थित रहे।

## नगर निगम में नामित पार्षदों ने ली पद की शपथ

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को शासन की ओर से नामित 10 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार भी मौजूद रहे। शपथ के बाद मेयर और नगर आयुक्त ने सभी पार्षदों को लड्डू खिलाकर बधाई दी।

समारोह के दौरान भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से पूरा परिसर गूंजता रहा। 10 नामित पार्षदों ने ली शपथशासन द्वारा जारी सूची के अनुसार गणेश वर्मा, दीप जायसवाल, रूपचंद अग्रवाल, पंकज बोस, किशन पाल, संतोष सिंह बलखंडी, नेहा सिंह, अखिलेश गिरी, मधुबाला त्रिपाठी और पुरुषोत्तम पुरी को नामित पार्षद बनाया गया है। शपथ लेने के बाद सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस मौके पर महापौर ने सभी पार्षदों को जनसेवा के प्रति समर्पित रहने और नगर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# वर्टिकल व्यवस्था में निकाले जा रहे हैं संविदाकर्मी और कंप्यूटर ऑपरेटर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 'जबरा मारे, रोने न दे' इस मुहावरे का मतलब यह होता है कि जब कोई समर्थ विभाग किसी निर्बल कर्मचारी को परेशान करे और उसे पीड़ा कहने से भी रोक दे। यह इसलिए कहा जा रहा है कि लेसा के जानकीपुरम, अमौसी, गोमतीनगर, सेन्ट्रल जोन में प्रतिसप्ताह लगभग दर्जन भर से अधिक कंप्यूटर आपरेटर और संविदाकर्मी निकाले जा रहे है। ऐसे में अचानक नोटिस देकर निकालने पर ऐसे कर्मचारियों के सामने रोजीरोटी का डर सता रहा है। किसी की शादी होने वाली है तो किसी के बच्चे पढ़ाई कर रहे है। एक आपरेटर ने बताया कि दस वर्ष से नौकरी कर रहा हूं लेकिन अचानक नौकरी से निकाल दिया गया। पुछने पर निकालने की सही जानकारी भी नही दिया जा रहा है।

अमौसी जोन के मुख्य अभियंता ने रामकुमार ने बताया कि आप लोगों की अब विभाग को जरुरत नही है। ऐसे मे अब सैकड़ो कर्मचारी नौकरी जाने से सड़क पर आ गये है। एक आपरेटर ने बताया कि पुराने का निकाल दिया जा रहा है और जो एक वर्ष पहले भर्ती हुआ है उससे पैसा लेकर रख लिया जा रहा है।

**पहले यह व्यवस्था :** वर्षो पहले यह व्यवस्था था कि चीफ को दो कंप्यूटर आपरेटर, अधीक्षण अभियंता को एक, अधिशांसी अभियंता को एक और एसडीओ को एक आपरेटर कार्य के लिए नियमतह रहते थे। जबकी उपभोक्ताओं की संख्या 2 लाख 11 हजार 32 सौ के लगभग में थे।

**अब व्यवस्था:** अमौसी जोन में वर्टिकल व्यवस्था होने के बाद दो अवर अभियंता दो डिवीजन देख रहे है जिसमें लाखो उपभोक्ता है। ऐसे में नया कनेक्शन लेने वाले महिनो अमौसी जाने का चक्कर लगा रहे है फिर भी कनेक्शन नही मिल रहा है बताया जा रहा है कि आपकी रिपोर्ट नही लगी है। ऐसे में जेई को कोई आपरेटर नही मिला है। अमौसी जोन के उपभोक्ता की बात करे तो 56 लाख 5 हजार 2 सौ के लगभग में है। जबकी अभी सप्ताह भर मे लगने वाला रिपोर्ट महिनो में लग रहा है।

**ये कर रही है प्राइवेट कंपनी :** मीटर लगाने का कार्य, बिजली व्यवस्था सुधार कार्य, सोशल मीडिया बंद, मीटर रिडिंग कार्य, बिजली दफ्तरो में लगे मीटर की रिडिंग कई वर्षो से नही हो रही है, क्योकि कंपनी इसकी रिडिंग ही नही करती है।

बिना बात के कंम्प्यूटर आपरेटर और संविदाकर्मियों को निकाल दिया जा रहा है। जो वर्षो से नोकरी करके अपना पेट पाल रहे है अचानक निकाले जाने से परेशान हो रहे है जबकी अधिकारी इनकी सुन तक नही रहे है।

**उप्र निविदा संविदाकर्मी कर्मचारी संघ, महामंत्री**
**देवेन्द्र कुमार पाण्डेय**

# बिजली निजीकरण के विरुद्ध संघर्ष होगा तेज




- शहीद-ए-आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु एवं सुखदेव थापर के बलिदान दिवस पर प्रदेशव्यापी संकल्प सभाएं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर के बलिदान दिवस पर सोमवार को उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर व्यापक सभाएं आयोजित की गईं। लखनऊ में आयोजित आमसभा में मुख्य वक्ता शैलेन्द्र दुबे ने शहीद भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों को बताते हुए कहा कि क्रांति पूंजीवाद, वर्गवाद और विशेषाधिकारवादी व्यवस्था का अंत कर एक नए राष्ट्र और नए समाज का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह का स्पष्ट मानना था कि जब तक मजदूरों, किसानों और वंचित वर्गों को राजनीतिक सत्ता में वास्तविक भागीदारी नहीं मिलेगी, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। आर्थिक नीतियों में समानता और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष ही अंततः राजनीतिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करता है।

शैलेन्द्र दुबे ने अपने संबोधन में बिजली कर्मियों से आह्वान किया कि वे अन्याय, शोषण और उत्पीड़न के विरुद्ध भगत सिंह की तरह आवाज उठाएं। उन्होंने कहा, जहां भी अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठती है, वहीं भगत सिंह जीवित होते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश केवल धन-संपदा और चमकदार परियोजनाओं से नहीं बनता, बल्कि मेहनतकश मजदूरों के संघर्ष, त्याग और संकल्प से बनता है। सभा में यह संकल्प लिया गया कि जनता की गाढ़ी कमाई से खड़े किए गए सार्वजनिक क्षेत्र के पावर सेक्टर को किसी भी कीमत पर निजी हाथों में नहीं जाने दिया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि यह केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि आम जनता के अधिकारों और देश की आर्थिक संप्रभुता का प्रश्न है। लखनऊ में आयोजित सभा में जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेन्द्र राय, पीके दीक्षित, सुहेल आबिद, छोटे लाल दीक्षित, श्री चन्द, दीपक चक्रवर्ती, सनाउल्लाह, मोहम्मद इलियास, प्रेम नाथ राय, सरजू त्रिवेदी ने भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बिजली कर्मियों से सार्वजनिक क्षेत्र को हर कीमत पर बचाए रखने की अपील की।

प्रदेशभर में आयोजित सभाओं में बिजली कर्मियों ने एक स्वर में निजीकरण के खिलाफ संघर्ष को और तेज करने, उत्पीड़न के हर रूप का विरोध करने तथा जनहित में सार्वजनिक बिजली व्यवस्था को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निजीकरण की दिशा में कदम आगे बढ़ाया, तो बिजली कर्मी व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## उत्कृष्ट योगदान पर सचिवालयकर्मी सम्मानित



**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित अलंकरण-2026 समारोह में उत्तर प्रदेश सचिवालय के निजी सचिव सर्वेश कुमार मिश्र और मुक्तिनाथ झा सहित 24 साहित्य साधकों को एक-एक लाख रुपये नगद, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम 22 मार्च को सीएमएस गोमती नगर में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सर्वेश कुमार मिश्र को उनके काव्य संग्रह यथार्थ के लिए जयशंकर प्रसाद पुरस्कार से सम्मानित किया, जबकि मुक्तिनाथ झा को उनकी उत्कृष्ट कहानियों के लिए महादेवी वर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक डॉ. हरिओम, अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता तथा सेवानिवृत्त आईएएस राम मनोहर मिश्र समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आवास विकास ने लागू की एकमुश्त समाधान योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने अपने बकायेदार आवंटियों को बड़ी राहत देते हुए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का विस्तृत एक्शन प्लान जारी कर दिया है। सोमवार को अपर आवास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। इस योजना का मुख्य उद्देश्य डिफॉल्टर आवंटियों की बकाया देयताओं पर लगा ब्याज कम करना है। योजना के तहत आवंटियों को दंड ब्याज में राहत मिलेगी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि 90 दिन तक किस्त जमा न करने वाले डिफॉल्टरों से केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, किसी भी प्रकार का दंडात्मक ब्याज नहीं वसूला जाएगा। योजना के तहत प्रोसेसिंग फीस संपत्ति की श्रेणी के अनुसार 100 से 11000 तक निर्धारित की गई है, जिसे आवेदन के समय एकमुश्त जमा करना होगा। जिन आवंटियों ने किस्तों का पुनर्निर्धारण कराया है, उनके मामलों में ओटीएस की गणना मूल आवंटन की शर्तों के आधार पर की जाएगी।

जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी
(रेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण संस्थान)
JAGJIVAN RAM RPF ACADEMY
(A CTI OF GOVERNMENT OF INDIA UNDER THE MINISTRY OF RAILWAYS)
TALKATORA ROAD, ALAMBAGHI, P.O. MANAK NAGAR, LUCKNOW- 226011
Email: directorjir.academy@gov.in & Website: https://jrrpfa.indianrailways.gov.in
Control Room Nos. Mob: 9794833743 Landline: 0522-2983344

जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी, तालकटोरा रोड, मानकनगर लखनऊ परिसर में 145 अदद आम, 18 अदद कटहल व 18 अदद लीची के वृक्षों की फसल की खुली नीलामी वर्ष-2026 के लिए दिनांक 28.03.2026 को 15.00 बजे अकादमी प्रांगण में करायी जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यापारी किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 17.00 बजे तक फसल का भौतिक निरीक्षण तथा नीलामी की शर्तों की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

उप-प्रधानाचार्य
ज.रा. रे.सु.ब. अकादमी
लखनऊ

पत्रांकः रेसुब-अ/मु.व्या.प्रशि./नीलामी/2026, दिनांक : 21.03.2026

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद



**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** पीजीआई पुलिस ने रविवार देर रात करीब 23.45 बजे हुई मुठभेड़ के दौरान एक शातिर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए गए हैं। अभियुक्त की पहचान अर्जुन रावत उर्फ गंगाधर (25) पुत्र मुन्नालाल रावत निवासी किला मोहम्मदीनगर थाना आशियाना के रूप में की गयी है। पुलिस का कहना है कि रविवार रात बदमाश प्रीती सिंह पत्नी देशराज सिंह निवासी भदुरुक, थाना आशियाना का मोबाइल फोन छीनकर बाइक से फरार हो गया था। इस संबंध में पीड़िता ने थाना पीजीआई पर लिखित तहरीर दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कार्रवाई शुरू की और कई टीमों का गठन किया गया। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों का गहन विश्लेषण किया गया, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की पहचान के लिए तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए गए, संभावित मार्गों एवं घटनास्थल के आसपास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में वृन्दावन योजना क्षेत्र में गश्त व चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि एक शातिर लुटेरा अवैध असलहे के साथ नहर पुलिया की ओर आने वाला है। वह किसी वारदात के इरादे से है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बरौली पुलिया के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें अभियुक्त अर्जुन रावत उर्फ गंगाधर पुत्र मुन्नालाल रावत निवासी किला मोहम्मदीनगर थाना आशियाना, लखनऊ उम्र करीब 25 वर्ष के बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अवस्था में अभियुक्त को गिरफ्तार कर उपचार हेतु भेजा गया।

अभियुक्त के कब्जे एवं जामा तलाशी में रेडमी मोबाइल फोन (घटना से संबंधित), एक अन्य मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल पल्सर 125 सीसी, एक देशी तमंचा .315 बोर, दो जिन्दा कारतूस .315 बोर, एक खोखा कारतूस .315 बोर, एक खोखा कारतूस 9 एमएम और 1165/- नकद बरामद हुए। अभियुक्त ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह शौक, दिखावा एवं ऐशो-आराम की पूर्ति के लिए सुनसान स्थानों पर राहगीरों को निशाना बनाकर मोबाइल व अन्य कीमती सामान झपट लेता था और तेजी से फरार हो जाता था। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में थाना आलमबाग एवं आशियाना, लखनऊ में चोरी, सेंधमारी, गैंगस्टर एक्ट तथा अन्य गंभीर धाराओं में अनेक अभियोग दर्ज हैं।

**वारंटी गिरफ्तार:** इटौंजा पुलिस वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश द्वितीय, पारिवारिक न्यायालयझ्र बाराबंकी द्वारा निर्गत गिरफ्तारी प्रपत्र सम्बन्धित वाद सं0 306/2023 अन्तर्गत धारा 144(3) बीएनएसएस से सम्बन्धित वारंटी इक्तियाज अहमद पुत्र नियाज अहमद निवासी मोहल्ला कटरा वार्ड न02 नगर पंचायत महोना थाना इटौंजा को उसके घर से गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार:** गोमतीनगर पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तयार कर धोखाधड़ी करने के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि माला दर्ज होने के बाद अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी, तभी रविवार को मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सुनियोजित ढंग से घेराबंदी कर अभियुक्त प्रदीप कुमार जायसवाल पुत्र राम शरण जायसवाल निवासी ग्राम निजामपुर मल्हौर थाना चिनहट को आगरा एक्सप्रेसवे अंडरपास क्षेत्र से रात करीब 10 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में थाना गोमतीनगर पर पीड़ित सुशील कुमार पुत्र श्याम सुन्दर गुप्ता निवासी सी-13, ऑफिसर कॉलोनी, डीएससीएल शुगर अजबापुर, जनपद लखीमपुर खीरी ने एक मई 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि नामजद अभियुक्तों प्रदीप कुमार जायसवाल पुत्र रामशरन जायसवाल निवासी निजामपुर मल्हौर, सुशील मिश्रा निवासी अज्ञात व सूर्य प्रताप सिंह ने कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर पीड़ित को धोखे में रखकर आर्थिक हानि पहुंचाई।

## अवैध तमंचे के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा



**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने अवैध रूप से तमंचा रखने वाले मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार रविवार को सूचना प्राप्त हुई थी कि बेल वाली बगिया, श्याम विहार कालोनी में एक व्यक्ति नाजायाज देशी तमंचा के साथ घूम रहा है यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर उसके द्वारा बताये गये व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम प्रियांशु कुमार शर्मा पुत्र विमलेश कुमार शर्मा निवासी द्वारिकापुरी कालोनी फैजुल्लागंज द्वितीय थाना मड़ियांव व मूल पता जलालापुर बंडिया सीतापुर बताया।

पकड़े गये व्यक्ति के कब्जे से एक अवैध तमंचा 0.303 बोर व 02 प्रतिबंधित जिन्दा कारतूस .303 बोर बरामद हुए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। आरोपित प्रियांशु कुमार शर्मा पेशे से रिक्शा चालक है।

**शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार:** शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध बनाने के मामले में आरोपी को हसनगंज पुलिस टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि 13 मार्च को पीड़िता ने खुद से शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध बनाना, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में मुकदमा शिवम अवस्थी पुत्र अवधेश अवस्थी निवासी प्रकाश नगर अर्जुनपुरवा मिश्रा मेडिकल एजेंसी के पास थाना कोतवालीनगर जनपद लखीमपुर खीरी के विरुद्ध दर्ज कराया था। मामले में विवेचना के दौरान हसनगंज पुलिस ने कार्यवाही करते हुये अभियुक्त शिवम अवस्थी पुत्र अवधेश अवस्थी को उइके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

## घरेलू नौकरानी गिरफ्तार, लाखों के जेवर व नकदी बरामद

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**



**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने चोरी के माल के साथ घरेलू नौकरानी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी किये पीली-सफेद धातु के कीमती आभूषण व एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस का कहना है कि रवीश कुमार त्रिपाठी पुत्र रामसेवक त्रिपाठी निवासी मकान संख्या 27/ई सेक्टर 06 गोमतीनगर विस्तार के अनुसार वह परिजनों सहित उज्जैन गये हुए थे। घर में ऊपर चार व साल से एक नौकरानी चन्दा रहती थी और घर में काम करती थी। 11 से 17 मार्च के बीच उनके घर से नौकरानी चन्दा ने पीली-सफेद धातु के कीमती आभूषण, नगद 10,000 रुपए व लेडीज पर्स चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच में विवेचक उपनिरीक्षक भीमसेन सिंह ने घटना के अनावरण के लिए टीम का गठन कर इलेक्ट्रानिक सर्विलांस मैन्युअल इनपुट व सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन किया। जांच में पता चलाने के बाद 22 मार्च को रात करीब 10 बजे एसएसबी बिल्डिंग के पास बने अंडरपास के नीचे थाना क्षेत्र गोमतीनगर विस्तार से अभियुक्ता चंदा पत्नी अनुज कुमार निवासी ग्राम मदारपुर थाना कैसरगंज जनपद बहराइच को चोरी किये गये माल से साथ गिरफ्तार किया गया। चंदा के कब्जे से एक हार बडा (पीली धातु) टूटा हुआ, एक हार छोटा (पीली धातु), एक चैन मय लोकेट (पीली धातु), दो चेन पतली (पीली धातु), एक चेन मोती वाली (पीली धातु), एक जोड़ी कंगन (पीली धातु), मगंल सूत्र (पीली धातु), नथ मोती मय लडी (पीली धातु), अंगूठी नग जडी (पीली धातु), दो अंगूठी (पीली धातु), 06 जोड़ी टाप्स कान के (पीली धातु), एक जोड़ी झुमके (पीली धातु), 02 जोड़ी नया पायल (सफेद धातु), 02 जोड़ी पुराने पायल (सफेद धातु), 02 जोड़ी बिछिया नये (सफेद धातु), 01 जोड़ी बच्चे के कंगन (सफेद धातु), 02 सिक्के (सफेद धातु), एक चेन लाकेट सहित (सफेद धातु), लेडिस पर्स भूरे रंग व मोबाइल ओप्पो कम्पनी सिल्वर रंग का बरामद हुई है।

## अमीनाबाद में दो बुक डिपो पर बिक रही थी नकली किताबें, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** अमीनाबाद क्षेत्र में रामा बुक डिपो व मालवीय बुक डिपो पर भारती भवन, धनपत राय पब्लिकेशन, न्यू सरस्वती हाउस पब्लिशर्स का टैग लगाकर 10वीं और 12वीं की नकली पाठ्य पुस्तकें बेचने का मामला सामे आया है। इस जानकारी पर पब्लिकेशन हाउस के अधिकारियों ने पुलिस के साथ दोनों दुकानों में छापेमारी की। मौके से बड़ी संख्या में कक्षा-आठ से लेकर 12वीं तक की गणित, विज्ञान समेत अन्य विषयों की नकली पुस्तकें बरामद हुई हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पब्लिशर्स हाउस के अधिकारी ललित सरदाना ने उन्हें जानकारी मिली थी कि रामा बुक डिपो और मालवीय बुक डिपो में लंबे समय से फर्जीवाड़ा चल रहा है। इसकी पुष्टि होने पर अमीनाबाद थाने में रामा बुक डिपो के मालिक राजकुमार मल्होत्रा और मालवीय पुस्तक केंद्र के संचालक के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम 1957 की धारा 63 और 65 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। अमीनाबाद इंस्पेक्टर सुनील कुमार आजाद के मुताबिक ललित सरदाना ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के ब्लाक 111 में उनका चैम्बर नंबर 601 है। वह भारती भवन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रिब्यूटर, एस चंद्र एंड कंपनी लिमिटेड, धनपत राय पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, न्यू सरस्वती हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी हैं। उन्हें कुछ दिन पूर्व ही इसकी जानकारी हुई कि अमीनाबाद पुस्तक मार्केट में रामा बुक डिपो और मालवीय पुस्तक केंद्र पर उनके पब्लिकेशन की नकली पुस्तकों की बिक्री की जा रही है। इससे विद्यार्थियों के भविष्य से भी खिलवाड़ हो रहा है। इसके साथ ही कंपनी का नाम बदनाम करने की घोषित की जा रही है। उन्होंने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। इसके बाद इंस्पेक्टर अमीनाबाद ने शनिवार को टीम तैयार कर दरोगा शैलेंद्र, हेड कांस्टेबल सत्येंद्र बाजपेयी और अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर भेजा। दोनों दुकानों में छापेमारी हुई। रामा बुक डिपो से कुल 312 और मालवीय पुस्तक केंद्र से 30 पुस्तके नकली बरामद हुई। यह बोरों में भरी थी और रैक में लगी थी। माल बरामद कर लिया गया। बरामद पुस्तकों में कक्षा-आठ, नौ, 10 और 12 की गणित व विज्ञान समेत अन्य विषयों की पुस्तकें हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र सुरेश साहनी व पुत्रवधू पूजा साहनी के व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **हीरालाल साहनी पुत्र राम सुंदर साहनी नि.- सी-663 मायावती कॉलोनी, इंदिरा नगर, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड, पैन व बैंक खाता में मेरा नाम आलोक दीक्षित दर्ज है जबकि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम आलोक कुमार दीक्षित दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे आलोक दीक्षित के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। **आलोक दीक्षित पुत्र श्री मुरारी शरण दीक्षित नि.- ग्राम अरियामऊ, पो. कोटवाधाम, जिला बाराबंकी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अर्जुन कुमार गौतम है, प्रार्थी के पासपोर्ट सं०-K4471080 मे अर्जुन प्रसाद अंकित है जो गलत है। जबकि सभी सरकारी एवं गैर सरकारी अभिलेखों मे अर्जून कुमार गौतम अंकित है जो सही है। अब मुझे अर्जून कुमार गौतम के नाम से ही जाना पहचाना जाय। **अर्जून कुमार गौतम पुत्र नरायन प्रसाद निवासी मुन्डेरा उपाध्याय, पोस्ट-विक्रम विशुनपुर, थाना व तहसील- हाटा, जनपद- कुशीनगर, (उ.प्र.)**

**वन विभाग के अधिकारियों पर अवैध धन की मांग का आरोप:** सरोजनीनगर तहसील परिसर में शनिवार को एडीएम (पूर्वी) महेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एक पीड़ित ने वन विभाग के अधिकारियों पर उसकी जमीन पर जबरन खुदाई व अवैध धन की मांग करने के साथ ही फर्जी मुकदमों में फासने की धमकी दिये जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर दिवस अधिकारी द्वारा जांच के निदेश दिये गये है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र शब्बू को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। **इश्तियाक अली उर्फ पप्पू पुत्र शमसार अली निवासी- मोहल्ला नई बस्ती घोसियाना, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड पर मेरा का नाम मेनका c/o संदीप कुमार तथा पैन कार्ड पर मेनका पुत्री विजय शंकर दूबे लिखा हुआ है जबकि मेरे सेकेंडरी स्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र/अंक पत्र पर मेरा नाम मेनका दूबे पुत्री विजय शंकर दूबे लिखा हुआ है, दोनों नाम प्रार्थिनी का ही है। **प्रार्थिनी- मेनका निवासी भगवानपुर, सरोई, संत रविदास नगर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-सुखऊपुर अशरफपट्टी, वि.ख.- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-23.03.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- सुखऊपुर अशरफपट्टी, विकासखंड- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक- 24.03.2026 से दिनांक- 30.03.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- सुखऊपुर अशरफपट्टी पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 30.03.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पिचरोड से पंकज के घर तक इण्टर लॉकिंग कार्य। | 11,93,601 लाख। | प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, मोरंग, बालू, सीमेंट, सरिया इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | पंचायत भवन पर मिट्टी पटाई एवं इंटर लॉकिंग कार्य | 2.62 लाख। | मिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, मोरंग सीमेंट, सरिया इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देख जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.- सुखऊपुर अशरफपट्टी, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत, मां-बेटी गंभीर

मलिहाबाद। क्षेत्र में रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की जान चली गई, जबकि उसकी मां और बहन गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। यह हादसा रात करीब 9:30 बजे पुरवा गांव के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक चला रहे साहिल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि साहिल अपनी मां निर्मला देवी और बहन चाहत के साथ उन्नाव से लौट रहे थे। वे होली के अवसर पर मायके गए थे और वापसी में बक्शी का तालाब स्थित चंद्रिका देवी मंदिर में दर्शन करने के बाद घर लौट रहे थे। घर पहुंचने से पहले ही यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर पीछे बैठी निर्मला देवी उछलकर दूर जा गिरीं, जबकि साहिल और उनकी बहन भी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों और पुलिस ने तुरंत तीनों को अस्पताल पहुंचाया। मामले में इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## शालीमार गैलेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव बने सुमित



लखनऊ। शालीमार गैलेंट वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव रविवार को सुचारू और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए कुल 21 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। चुनाव प्रक्रिया 10 उम्मीदवारों को नई कार्यकारिणी के रूप में चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास टंडन, सचिव सुमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकुंद शर्मा को चुना गया। वहीं, प्रमुख सदस्यों में अरुण खन्ना, शिव कुमार सिंघानिया, ॠतु गुप्ता, अजय अग्रवाल, रेनू आहूजा, अनिल सचर शामिल हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

लखनऊ। कालीचरण पी. जी. कॉलेज लखनऊ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर मोहन रोड स्थित ग्राम इब्राहिम गंज के सामुदायिक भवन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के लिए निकलते समय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय जी ने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के गतिविधियों में अनुशासित तरीके से प्रतिभाग करते हुए व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। सुबह सभी शिविरार्थी महाविद्यालय से बस के माध्यम से गांव में पहुंचे। सर्वप्रथम सभी स्वयंसेवकों ने गांव में श्रम दान कर सामुदायिक केंद्र की विधिवत साफ सफाई की। श्रम दान के उपरांत शिविर का उदघाटन सत्र आयोजित किया गया। शिविर का उदघाटन स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत गाकर शिविर की शुरूआत की। शिविर के उदघाटन सत्र में ग्राम प्रधान राम पाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रधान जी ने सभी शिविरार्थियों का अपने गांव में स्वागत किया और गांव के विकास में योगदान करते हुए गांव से जुड़ने की बात कही। उदघाटन सत्र के बाद भोजनावकाश एवं बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया।

## साइबर अपराधों से बचने के लिए डिजिटल सतर्कता जरूरी : वर्मा

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**



लखनऊ। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और ठग नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, ईमेल और फर्जी कॉल के माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी की जा रही है। इन साइबर अपराधों से बचने के लिए डिजिटल सतर्कता जरूरी है। वह सोमवार को सरोजनीनगर थाना परिसर में आयोजित साइबर जागरूकता शिविर को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या संदेश पर तुरंत विश्वास न करें और किसी भी प्रकार की निजी जानकारी, ओटीपी या बैंक डिटेल साझा न करें। एसीपी श्री वर्मा ने कहा कि ठग अक्सर केवाईसी अपडेट, बैंक खाता बंद होने, पार्सल अटकने या लॉटरी जीतने जैसे बहाने बनाकर लोगों पर जल्दबाजी का दबाव बनाते हैं। ऐसे मामलों में सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने व्यापारियों को सलाह दी कि वे केवल स्क्रीनशॉट के आधार पर भुगतान स्वीकार न करें और बैंक या यूपीआई के माध्यम से भुगतान की पुष्टि अवश्य करें। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नौकरी, टास्क, स्कॉलरशिप या गेमिंग रिवॉर्ड के नाम पर आने वाले लिंक से बचें और पहले उनकी सत्यता की जांच करें। सरोजनीनगर के प्रभारी निरीक्षक राजदेव प्रजापति ने कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, जिससे समय रहते कार्रवाई संभव हो सके।

## सैमसंग इनोवेशन कैंपस: तकनीक से लैस 400 युवाओं को मिले सर्टिफिकेट




**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सोमवार को 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' के तहत प्रशिक्षण पूरा करने वाले 400 से अधिक विद्यार्थियों के लिए प्रमाणपत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। अटल सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने शिरकत की। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का है और उत्तर प्रदेश के युवा अब न केवल डिग्री हासिल कर रहे हैं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और कोडिंग जैसे वैश्विक कौशलों से भी लैस हो रहे हैं। उन्होंने राष्ट्र विरोधी ताकतों को शिक्षा संस्कार वाली होनी चाहिए। वो कौन सी शिक्षा है जो बच्चों को कलम देने बजाए बंदे भारत पर पत्थर फिंकवा ये, पढ़े लिखे डॉक्टरों को हत्यारा बनाये। शिक्षा संस्कार वाली होनी चाहिए। हमें देश हित राष्ट्र भावना वाली शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। शिक्षा राष्ट्र विरोधी हरकत करना नहीं सिखाती है वह हमें तकनीक के साथ चलना सिखाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम के जरिए छात्रों को बिग डेटा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे उन्नत क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया है। इससे न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी बल्कि डिजिटल इकोनॉमी में उनके लिए रोजगार के नए द्वार भी खुलेंगे। सैमसंग इंडिया के सीएसआर हेड शुभम मुखर्जी और एएरउक्के वाइस प्रेसिडेंट सरोज आपाटो ने बच्चों एआई के दौर में सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के महत्व को समझाया।

## स्कूल बस हादसे में निलंबित आरटीओ को राहत

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने स्कूल बस हादसे के मामले में निलंबित क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) वंदना को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए उनके निलंबन आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवायी 20 अप्रैल वाले सप्ताह में नियत किया है।

यह आदेश जस्टिस मनीष माथुर की एकल पीठ ने याची वंदना की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने अपने आदेष में स्पष्ट किया है कि निलंबन आदेश पर रोक तो रहेगी लेकिन विभागीय जांच जारी रखने या पूरी करने पर कोई रोक नहीं होगी। याचिका में 1 मार्च 2026 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत वंदना को विभागीय जांच की प्रत्याषा में निलंबित कर दिया गया था। याची पर आरोप था कि 28 फरवरी 2026 को एक स्कूल बस का फर्श धंसने से उसमें सवार एक बच्चे की मृत्यु हो गई थी। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि घटना दुखद जरूर है, लेकिन इसमें आरटीओ की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि बस के निरीक्षण की जिम्मेदारी आरटीओ पर नहीं होती अपितु निरीक्षण अधिकारियों पर होती है। ऐसे में याची के खिलाफ कदाचार का कोई मामला नहीं बनता। राज्य सरकार की ओर से याची के तर्को का कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया जा सका। इस पर कोर्ट ने मामले में विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता बतायी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है — **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2026-49, कार्य का नाम :** NER-LJN डिवीजन :- Sr.DEN/II और Sr.DEN/HQ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टिम्बल गेदो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैंपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण, **अनुमानित लागत :** ₹ 2,28,08,294.44, **अग्रिम धन :** ₹ 4,56,200.00, **समापन अवधि :** 12 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-49** के लिए ई-निविदा दिनांक **14.04.2026** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-522 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

# चैत्र नवरात्र : मंत्रोच्चार के साथ हुई स्कंदमाता की पूजा-अर्चना





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन सोमवार को स्कंदमाता स्वरूप की पूजा हुई। स्कंदमाता ममता और वात्सल्य की प्रतीक हैं। माता की गोद में भगवान स्कंद बाल रूप में विराजित हैं। माता की चार भुजाएं हैं। मां को लाल रंग प्रिय है। माता कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं। वाहन सिंह है। माता की पूजा करने से सभी तरह की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। संतान सुख और बेहतर स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है।

माता के मंदिरों में सुबह से ही भक्त दर्शन के लिए पहुंचने लगे। भक्तों ने माता रानी के जयकारे लगाए। माता को पुष्प, फल और मिष्ठान अर्पित किए। वहीं घरों में भी पूरे विधि विधान के साथ पूजन कर ज्योत जलाई। भक्तों ने मां दुर्गा सप्तशती का पाठ कर आरती उतारी। सभी ने सुख, शांति, कल्याण के साथ कोरोना से मुक्ति के लिए प्रार्थना की। चौक स्थित बड़ी काली मंदिर में माता को हरे रंग के वस्त्र पहनाए गए और गुलाब के फूलों से श्रृंगार किया गया। माता को सिंघाड़े का हलवा और खीर का भोग लगाया गया। ठाकुरगंज स्थित मां पूर्वी देवी मंदिर में माता को फिरोजी रंग के वस्त्र पहनाए गए। माता को 21 किलो के दूध के केक का भोग लगाया गया। मंदिर की महिला मण्डली ने सोने का दरबार सिंघासन, मां को जन्मदिन आज बधाई गाओ सजनी जैसे एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर में मां ने हाथी पर सवार सहस्त्र नेत्रों द्वारा इंद्राणी रूप में दर्शन दिए। पक्का पुल स्थित मरी माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, संतोषी माता आदि मंदिरों में भी विधि विधान के साथ पूजन हुआ।

**श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी:** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पाँचवें दिन माँ स्कंदमाता की पूजा-अर्चना अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दूर से आए भक्तों ने माँ स्कंदमाता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। महंत विवेकानंद गिरी ने बताया मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। विशेष रूप से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी करवाए और मंदिर प्रांगण के बाहर लगे मेले का भी आनंद लिया। भक्तों ने पूरे विधि-विधान के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से की गई थीं। शाम की आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं के लिए माँ स्कंदमाता से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर में प्रत्येक दिन रात्रि 10 रात्रि आरती की जाती है जिसमें ढोल नगाड़े ताशे का प्रयोग किया जाता है एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम आरती पश्चात प्रत्येक दिन नवरात्रि तक चलता रहता है । मंदिर में विशेष रूप लखनऊ नगर निगम महापौर सुषमा खर्कवाल पार्षद अन्नू मिश्रा मनीष रस्तोगी ने माता के दर्शन लाभ लिए। मंदिर व्यवस्था में मुख्य रूप से अभय उपाध्याय मुकुंद मिश्रा सिंह देवराज सिंह आदर्श महाराज शिवम् पंडित जी राहुल सारस्वत तुषार वर्मा पंकज उपाध्याय मेघांश वैभव सिंह एवं अन्य सेवादार उपस्थित रहे।



**हरे रंग में रंगा 51 शक्तिपीठः** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ में चल रहे नवरात्र महोत्सव में सोमवार को मां स्कन्दमाता की पूजा अर्चना हुई। इस मौके पर मां का हरिताम्बर श्रृंगार किया गया। मां के वस्त्र हरे रंग के थे तो पूरा मन्दिर हरे रंग की रोशनी से जगमगा रहा था। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें पुष्पा दीक्षित ने स्वीकार करो जगदम्बे मां मेरी आरती भजन सुनाया। मन्दिर की अध्यक्षा तृप्ति तिवारी ने बताया कि आज पीण्डी पूजन आचार्य मयंक पाण्डेय और वन्दना पाण्डेय ने किया।

**मंदिरों में महिलाओं ने किया भजन कीर्तनः** इंदिरा नगर स्थित भूतनाथ मंदिर में मां की विधि.विधान के साथ पूजा की गई। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। स्कंदमाता प्रेम और वात्सल्य की देवी हैं। मान्यता है कि संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण करने के लिए दंपतियों को इस दिन सच्चे मन से मां के इस स्वरूप की आराधना करनी चाहिए, इससे उनकी मुराद पूरी होती है। भगवान कार्तिकेय यानी स्कंद कुमार की माता होने के कारण दुर्गाजी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता कहा जाता है। देवी के इस स्वरूप में भगवान स्कंद बालरूप में माता की गोद में विराजमान हैं। शाम को मंदिरों में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया तथा मां की आराधना कर घर में सुखशांति की कामना की।

**हर संकट हरती हैं माता संकटा देवीः** चौपटिया स्थित रानी कटरा इलाके में स्थित संकटा देवी बेहद प्राचीन मंदिर है। मंदिर की स्थापना करीब आज से 500 वर्ष पूर्व हुई थी। माता की आराधना करने से हर संकट दूर होते हैं। मां को पिन्नी का प्रसाद चढ़ाने की परंपरा है। माता संकटा देवी मंदिर समिति के महामंत्री राजुकमार मेहरोत्रा ने बताया कि मां के दरबार में जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से आराधना करते हैं मां उनकी हर मुराद पूरी करती हैं। नवरात्र में मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने आते हैं। मां की पूजा करने से विवाह में आ रही समस्या दूर होती है। मनोकामना पूर्ण होने के बाद भक्त चावल, खोया और शकर को मिलाकर बना पिन्नी का प्रसाद चढ़ाते हैं।

## आज होगी मां कात्यायनी की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्ति के नौ रूपों में छठवीं रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है, संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, हेमावती व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमे भद्रकाली और चंडिका भी शामिल है, में भी प्रचलित हैं। यजुर्वेद के तैत्तिरीय आरण्यक में उनका उल्लेख प्रथम किया है। स्कन्द पुराण में उल्लेख है कि वे परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थीं, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दी गई सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया। वे शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतञ्जलि के महाभाष्य में किया गया है, जो दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में रचित है। परम्परागत रूप से देवी दुर्गा की तरह वे लाल रंग से जुड़ी हुई हैं।

नवरात्रि उत्सव के षष्ठी को उनकी पूजा की जाती है। उस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक माँ कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से माँ के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार महर्षि कात्यायन ने संतान प्राप्ति के लिए देवी भगवती की कठोर तपस्या की। महर्षि की तपस्या से प्रसन्न होकर मां भगवती ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए और उन्हें वरदान दिया कि वह उनके घर उनकी पुत्री के रूप में जन्म लेंगी। एक बार जब महिषासुर नामक के एक दैत्य का अत्याचार बहुत बढ़ गया, जिससे सभी परेशान हो गए। तब त्रिदेव



(ब्रह्मा, विष्णु और महेश) के तेज से देवी उत्पन्न हुईं, जिसने महर्षि कात्यायन के घर जन्म लिया, जिस कारण उनका नाम कात्यायनी पड़ा। माता रानी के घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने के बाद ऋषि कात्यायन ने सप्तमी, अष्टमी और नवमी तिथि पर मां कात्यायनी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद मां कात्यायनी ने दशमी तिथि पर महिषासुर का वध किया, इसलिए उन्हें महिषासुर मर्दनी के नाम से भी जाना गया।

**मां कात्यायनी की पूजा विधिः** नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा करने के लिए सुबह स्नान आदि करने के बाद पूजा घर की सफाई करें। मां कात्यायनी का ध्यान लगाते हुए उनके चरणों में पुष्प अर्पित करें। इसके बाद माता को अक्षत, कुमकुम, पुष्प और सोलह श्रृंगार आदि अर्पित करें। मां को जल अर्पित करके दुर्गा चालीसा व दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

# लखनऊ में भी धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर मचा रही धमाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है।

फिल्म ने पहले तीन दिनों में ही 300 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली थी और अब चौथे दिन भी इसका जलवा कायम है। फिल्म को लेकर ऑडियंस का क्रेज साफ देखने को मिल रहा है। जहां देशभर के सिनेमाघरों में इसके शोज हाउसफुल जा रहे हैं वहीं लखनऊ में भी धुरंधर 2 ने दर्शकों को अपना दिवाना बना लिया है। राजधानी लखनऊ के सभी मल्टीप्लेक्स में धुरंधर 2 हाउसफुल जा रही है। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों की भीड़ दिखायी दी। गोमती नगर के वेव सिनेमा में सोमवार को हाउसफु ल होने के कारण दर्शकों को खाली हांथ वापिस जाना पड़ा। इंदिरानगर के शुभम अपने परिवार के साथ धुरंधर 2 देखने वेव सिनेमा पहुंचे तो उन्हें टिकट न मिलने से निराशा हाथ लगी। शुभम ने बताया कि वो अपने परिवार के साथ फिल्म देखने आये थे, मगर टिकट नहीं मिल पायी, जिस वजह से हमे वापस जाना पड़ रहा है। आगे शुभम कहते हैं कि रविवार को ऑनलाइन टिकट बुक करना चाहा मगर नहीं कर पाया, इसलिए सोचा कि काउन्टर से टिकट ले लें मगर शो हाउसफुल जा रहा था, जिस वजह से हमे वापिस जाना पड़ रहा है। ये कहानी सिर्फ शुभम की नहीं बल्कि ऐसे कई दर्शक टिकट नहीं मिल पाने के कारण निराश होकर लौट गये।

एक्शन और इमोशन से भरपूर कहानी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है, जिसके चलते वीकडे में भी फिल्म मजबूत पकड़ बनाए हुए है. धुरंधर 2 ने ओपनिंग डे पर ही 145.55 करोड़ रुपये की कमाई कर धमाकेदार शुरूआत की थी। इसके बाद फिल्म की कमाई में लगातार उछाल देखने को मिला और महज तीन दिनों में इसने 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया.यह फिल्म 2025 में आई धुरंधर का सीक्वल है, जिसने करीब 1300 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था. ऐसे में अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या धुरंधर 2 उस रिकॉर्ड को तोड़ पाएगी या नहीं. ट्रेड एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि फिल्म आने वाले दिनों में कई नए रिकॉर्ड बना सकती है। दरअसल धुरंधरःद रिवेंज को पेड प्रीव्यू से ही काफी फायदा हो गया था. खास बात यह है कि यह बॉलीवुड की सबसे बड़ी फिल्म बन गई है. जिसने भारत में 100 करोड़ का पहले दिन कारोबार किया. यह काम शाहरुख खान की जवान भी नहीं कर पाई थी. हालांकि, जहां से फिल्म को बिल्कुल भी फायदा नहीं हुआ है, वो है साउथ. अबतक कोई खास बिजनेस होता तो नजर नहीं आ रहा है. खास बात यह है कि रणवीर सिंह के लिए यह कमाई वीक डेज में होल्ड रहनी जरूरी है. साथ ही साउथ मार्केट में भी अच्छा कारोबार करना होगा।

# नाटक चिमनी-चोगा ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग एवं रंगनाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नाट्य गतिविधियों के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय इंटर कॉलेज प्रेक्षागृह तोपखाना बाजार कैंटोनमेंट लखनऊ में पर्यावरण विषयक नाटक चिमनी-चोगा का सफल मंचन किया गया। यह नाटक प्रकृति और औद्योगिक विकास के बीच संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए दर्शकों को गहन चिंतन के लिए प्रेरित करता है।

नाटक का कथानक पंचतत्व–अग्नि, वायु, जल, आकाश और पृथ्वी–पर आधारित है, जिनके माध्यम से आधुनिक समय में बढ़ते प्रदूषण और उसके दुष्परिणामों को प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। चिमनी औद्योगिक विकास की अंधी दौड़ और प्रदूषण का प्रतीक बनी, वहीं चोगा ने प्रकृति की सहनशीलता और संरक्षणकारी शक्ति को अभिव्यक्त किया। नाटक ने यह प्रश्न उठाया कि क्या मानव अपने ही अस्तित्व को खतरे में डाल रहा है मंच पर मानवी की भूमिका में आद्या मिश्रा, पापा के रूप में लोकेश पांडे, के.पी./गांव वाली की भूमिका में शालू तिवारी, मानव/गांव वाले के रूप में अभिषेक त्रिपाठी, जमादार की भूमिका में रवि सिन्हा तथा अन्य पात्रों में अंकित देव मिश्रा और भूमिका गुप्ता ने सशक्त अभिनय प्रस्तुत किया। मंच सज्जा में आकाश दयाल, मंच सामग्री में भूमिका गुप्ता व अंकित मिश्रा, वेशभूषा में शिल्पी दुबे, संगीत संयोजन व संचालन में राहुल शर्मा, मुख सज्जा में भावना गुप्ता तथा प्रकाश संचालन में देवाशीष मिश्र का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन के.डी. तिवारी ने किया। पोस्टर निर्माण आद्या मिश्रा, ब्रोशर रवि सिन्हा तथा वीडियो व फोटोग्राफी का कार्य हेरी तिवारी द्वारा किया गया।

## 11 विभूतियों को मिलेगा 'सतरंगी सम्मान'

**लखनऊ।** जे.पी.एस.स्टार 11 के तत्वावधान में संस्था के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आगामी 5 अप्रैल 2026 को मलिक कॉम्प्लेक्स प्रांगण वृंदावन योजना रायबरेली रोड, लखनऊ मे जीवन में खुशियों रंग द फैमिली फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा।

संयोजक अरविन्द सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरना, नव कलाकारों का नव निर्माण, प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उत्कृष्ट कलाकारों की प्रस्तुतियों को सतरंगी के माध्यम से समाज के समक्ष रखना, जिससे हमारी भारतीय कला एवं संस्कृति जीवंत रहे और कार्यक्रम के माध्यम से जन जन तक भारतीय कला एवं संस्कृति के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने बताया कि संस्था के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कला-संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 11 विभूतियों को सतरंगी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# संवेदनाओं व सवालों से सजी 'एक बच्चे की डायरी'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से लखनऊ लिट्रेरी क्लब द्वारा डॉ करुणा पाण्डेय के उपन्यास का विमोचन एवं मंचन कल शाम अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ में किया गया। नाटक का निर्देशन ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी का था ।

नाटक का कथनक के अनुसार यह कहानी एक संवेदनशील बच्चे समीर की है जो अकेलेपन और दबाव से घबराकर आत्महत्या का प्रयास करता है समीर के मम्मी-पापा बहुत अच्छी नौकरी में थे पैसों और आधुनिकता की चकाचौंध में डूबी राज ( समीर की माँ ) अपने बेटे के बचपन की कोमल भावनाओं को नहीं समझ पाती हैं और उसको आधुनिकता की चकाचौंध और हाई-फाई सोसायटी के अनुसार बनने के लिए दबाव डालती है समीर को यह सब अच्छा नहीं लगता एक दोस्त की सलाह पर वह डायरी लिखने लगता है जब समीर की डायरी उसकी माँ को मिलती है तो वह अपनी मित्र रेखा के साथ यह डायरी शेयर करती है डायरी पढ़कर रेखा को समीर के छिपे रूप में बाल जीवन में झाँकने का मौका मिलता है वह राज से बात करते हुए महसूस करती है कि राज ने अपने बचपन में जो कटुता और अभाव झेले हैं उनकी परछाई भी अपने बेटे पर नहीं पड़ने देना चाहती है और इसीलिये वह समीर को बहुत लाड-प्यार से भरा संपन्न जीवन देती है पर वह भूल जाती है कि पैसा , ओहदा और ऊंची सोसायटी को मासूम बचपन महत्त्व नहीं देता ,उसे तो स्वाभाविक और निश्छल जीवन पसंद आता है बार बार वह अपनी अमीर मित्र के बेटे से समीर की तुलना करती है और उसे जानी जैसा बनने के लिए प्रेरित करती है माँ के इस व्यवहार से समीर आहत हो जाता है और माँ से धीरे धीरे दूर होता जाता है समीर माँ को बहुत प्यार करता है पर माँ के गुस्से और जिद से डरता है इसलिए वह अकेला रह जाता है और परेशान होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाता है रेखा के समझाने पर राज को अपनी गलती का अहसास होता है और वह वापस एक माँ बनकर समीर के साथ व्यवहार करती है समीर को मनाने के लिए उसके दादा-दादी को बुला लेती है , वह समझ जाती है कि बुजुर्ग घर के लिए क्यों जरुरी हैं इससे यह सिध्द होता है कि हमारी संतति पर तीन पीढीयों के व्यवहार का प्रभाव पड़ता है बचपन के अच्छे या बुरे अनुभव जीवन का आधार बनते हैं और नई पीढी के मार्गदर्शक बनते हैं अंत में जन्मदिन में अपनी डायरी और और माँ का सानिध्य पाकर समीर का मुस्कराता बचपन वापस लौट आता है ।



## फगुनाहट में देश, समाज और प्रेम की कविताएं गूंजी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदुस्तानी अकादमी प्रयागराज एवं साहित्यिक संस्था लोकायतन की ओर से फगुनाहट कवि सम्मेलन में एक से बढ़कर एक रचनाएं सुनायी गईं। कपूरथला स्थित एक होटल में हुए सम्मेलन में कवियों का स्वागत कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मालविका हरिओम ने किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अम्बरीश अम्बर ने की, जबकि संचालन युवा कवि शाहबाज तालिब ने किया। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान रहे।कवि सम्मेलन में डॉ. मालविका ने हिंदी का परचम हमको लहराना है, दुनिया-भर में इसका अलख जगाना है कविता से हिन्दी की महिमा का गुणगान किया। वहीं पंकज प्रसून ने समकालीन तकनीक और नई पीढ़ी पर व्यंग्य करते हुए कहा कि अब तो लुगाई से कहीं बेहतर है एआई, जाने क्या गुल खिलाएगी इक्कीसवीं सदी, लाइक, शेयर, सब्सक्राइब जिनके मूलमंत्र हैं, जेन जी ही अब चलाएगी इक्कीसवीं सदी को सुनाकर श्रोताओं की तालियां अर्जित कीं। शाहबाज तालिब ने वतन मंजूर हमको मौत लेकिन तेरा परचम तो ऊंचा हो गया ना रचना से देशभक्ति का संचार किया।इसके साथ ही अभिश्रेष्ठ तिवारी ने इतना करम हुआ कि तमाशा नहीं हुआ, वरना तुम्हारी सम्त से क्या-क्या नहीं हुआ, फैज खुमार बाराबंकवी ने फैज यूं ही गजल नहीं होती, मुद्दतों जहन को खंगालना पड़ता है जैसी रचनाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

## क्रांतिकारी गीतों से भगत सिंह को श्रद्धांजलि



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वतंत्रता पाने की आम व्यक्ति की चाह और छटपटाहट को अनेक क्रांतिकारियों ने कैसे शब्दों और गीतों में ढालकर आवाज बुलंद कर एक आंदोलन सा खड़ा कर दिया, इसका अहसास कराती संगीतमय प्रस्तुति शहीदों ने लौ जलायी जो दर्शकों में जोश भर गयी।

अमर शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर डा.उर्मिल कुमार थपलियाल फाउण्डेशन की ओर से रितुन थपलियाल के निर्देशन में नाटिका का मंचन आज शाम संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह गोमतीनगर में किया गया। यह नाटक दरअसल मेरी जां न रहे मेरा सर न रहे, जल्दी बन्द करो जलसे को डायर यूं बोला चिल्लाय, झण्डा ऊंचा रहे हमारा, जो शाने पर बगावत का आलम लेकर निकलते हैं और शीर्षक गीत शहीदों ने लौ जलायी जो जैसे क्रांतिकारी गीतों का एक कोलाज है। प्रस्तुति में जंगे आजादी के उन तरानों को शामिल किया गया है जिन पर ब्रिटिश शासन ने प्रतिबंध लगा दिया था। इन तरानों को एक कथा सूत्र में बांधने के लिए ऐसी वीरान जगह की कल्पना की गई है जिसे अंग्रेजों ने जेल में बदल दिया था। इस जेल में उन क्रांतिकारियों को बंद कर दिया गया था जो अंग्रेजों के लिए खतरा थे। यह कैदी जेल में अपनी मृत्यु का उत्सव मनाने में तल्लीन थे। वह गाते बजाते अपनी मौत का स्वागत कर रहे थे। अंग्रेजों की यातनाओं से घायल पुरुषोत्तम दादा की प्राणाहुति के बाद इन क्रांतिकारियों का क्रोध चरम सीमा पर पहुंच जाता है और वह जेल तोड़कर फरार हो जाते हैं। नाटक में श्यामलाल गुप्ता पार्षद, नित्यानंद पांडे, सागर निजामी, साहिर लुधियानवी, जयदेव शर्मा कमल, इकबाल, माधव शुक्ला, पी एस वर्मा, कुलवंत सिंह और कुछ अज्ञात रचनाकारों के रचे गीत शामिल किये गये हैं। डा.थपलियाल द्वारा संकलित गीतों पर उनके रचे और संगीतबद्ध किये नाटक निर्देशक रितुन ने वेशभूषा निर्धारित करने के साथ नाटक में अभिनेताओं की शारीरिक ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करते हुए आवाज के उतार-चढ़ाव के साथ ही लय और ताल का संतुलन कर प्रस्तुति को दर्शनीय और श्रवणीय बनाया।

# कंस का वध कर श्रीकृष्ण ने दिया अत्याचार से मुक्ति का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ** । ऐशबाग रामलीला मैदान में बह रहे श्रीकृष्ण की भक्ति के सागर में डुबकी लगाने पहुंचे दर्शकों ने सोमवार की लीला में देखा कि मथुरा में दुराचारी राजा कंस श्री कृष्ण के पराक्रम की लीलाएं सुन कर और ज्यादा भयभीत हो रहा है और कृष्ण को मारने की योजनाएं बना रहा है ।

इसी क्रम में उसने कृष्ण को मथुरा बुलाने के लिए अक्रूर जी को चुना, क्योंकि वे कंस के विश्वासपात्र होने के साथ ही नंदबाबा के रिश्ते के भाई और श्री कृष्ण के प्रिय थे इस लिए कंस उन्हे यह जिम्मेदारी सौंपता है, अक्रूर जी जो श्रीकृष्ण के परम भक्त भी थे और कंस के मंत्री भी परंतु अक्रूर जी का उद्देश्य कृष्ण को किसी तरह का नुकसान पहुँचाना नहीं था बल्कि कंस की साजिश को जानते हुए भी कृष्ण की लीला में सहयोग करना था इसी आशा के साथ वे कृष्ण को लेने नंदगांव की ओर निकल पड़ते हैं ।

वृंदावन की यात्रा के दौरान अक्रूर जी लगातार भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण करते रहे यात्रा उपरान्त जब वे वृंदावन पहुँचे तो श्रीकृष्ण की भक्ति में भावविभोर हो उठे । नंदबाबा और माता यशोदा की आज्ञा लेकर अक्रूर जी श्रीकृष्ण और बलराम को लेकर मथुरा के लिए चल पड़ते हैं जहाँ रास्ते में यमुना स्नान करते हुए उन्हे भगवान के चतुर्भुज स्वरूप के दर्शन प्राप्त होते हैं ।

मथुरा पहुंचने पर प्रजा द्वारा कन्हैया और बलराम का भव्य स्वागत किया जाता है इसी कड़ी में भगवान श्रीकृष्ण की भेंट कुबजा नामक स्त्री से होती है जो श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थी, कुबजा कंस के लिए सुंगध और पुष्प लेकर जा रही थी जो उसने रास्ते में मिले श्रीकृष्ण को समर्पित कर दिए । अपनी भक्त की भक्ति से प्रसन्न हो कृष्ण उसे स्पर्श करते हैं तो वह एक सुंदर नारी के स्वरूप में परिवर्तित हो जाती है । इस प्रकार कुबजा का उद्धार कर श्री कृष्ण कंस के यज्ञशाला में पहुंचते हैं जहाँ उन्हे मारने की नीयत से उन पर षड्यंत्र कारी हमला किया जाता है जिसे वे विफल कर देते हैं और यज्ञ में रखे भगवान शिव के धनुष को भंग कर दुराचारी कंस का वध कर मथुरवासियों को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाते हैं । कंस वध के उपरांत लीला का मंचन देख रहे सैकडो भक्तों द्वारा वृंदावन विहारी लाल की जय का जोरदार उदघोष पूरे मैदान में गुंजायमान हो उठा इसी के साथ पांचवे दिन की लीला का समापन हो जाता है । प्रतिदिन की ही भांति सोमवार को भी चैती महोत्सव के मंच का शुभारंभ नृत्य कला के माध्यम से किया गया जिसका आरंभ चैती महोत्सव के पांचवें दिन मंच का आरंभ अनुरूप डांस अकादमी द्वारा अनुष्का श्रीवास्तव के संयोजन में स्वागतम कृष्णा, फूलों की होली, रणछोड़ रंगीला, राधा कृष्णा और गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो, पर नृत्य प्रस्तुतियां के साथ किया गया । इसके उपरांत नृत्य निर्देशक डा० राघवेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में नटवरी रंग की प्रस्तुतियां आरंभ हुई इसमें विष्णु वंदना, नृत्य नाटिका ₹सत्यभामा का घमण्डर₹, मयूर नृत्य के साथ ही बृज की होरी का नृत्य भाव से सुंदर प्रस्तुतिकरण किया गया जिसे वान्या चौधरी, आभ्या मौर्या, अविका चतुर्वेदी, मृणालिनी यादव, स्वरांजली मिश्रा, आरवि शुक्ला, दर्शिका चौहान, श्मायरा छाबरा, आराध्या सिन्हा, ममता यादव एवं अदयांशी चौहान ने अपने नृत्य कौशल से खूब सजाया ।



संक्षेप

## दुष्कर्म के आरोपी छात्र को मिली जमानत

सुलतानपुर। किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में जेल में निरुद्ध जौनपुर जिले के सुजानगंज थाने के गोवांवा निवासी हाईस्कूल के छात्र रितेश कुमार को कोर्ट से राहत मिल गई है। स्पेशल जज पाक्सो एक्ट नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता अंकुर पांडेय व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद आरोपी रितेश कुमार को जमानत दे दी है। आरोपी पर करौंदीकला थाने के एक गांव की किशोरी का दो नवंबर 2025 को अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोप है।

## फंदे से लटका मिला युवती का शव

सुलतानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अन्नपूर्णा नगर निवासी राम तीरथ की 22 वर्षीय पुत्री शिवानी ने बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि परिजनों को जब घटना का पता चला तो उसका भाई रोशन कुमार आनन-फानन में उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर केस में 27 को होगी सुनवाई

सुलतानपुर (वीओएल)। गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में सोमवार को सुनवाई टल गई। राहुल गांधी के वाइस सैम्पल का विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिलान कराने की भाजपा नेता विजय मिश्र की अर्जी पर राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने आपत्ति दाखिल की, जबकि परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के गैर हाजिर रहने पर उनके अधिवक्ता संतोष पांडेय ने मौका अर्जी दी। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 27 मार्च की तिथि तय की है। राहुल गांधी पर वर्ष 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर बंगलुरू में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने मानहानि का परिवाद कोर्ट में दायर किया था। 27 नवंबर 2023 को कोर्ट ने राहुल गांधी को विचारण के लिए तलब किया था।

## क्षेत्र में एक बार फिर शटर तोड़ गैंग सक्रिय

सलोन, रायबरेली। क्षेत्र में एक बार फिर शटर तोड़ गैंग सक्रिय हुआ है। रविवार रात कस्बे के एक मार्किट में स्थित कन्फेक्शनरी दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। इस दौरान चोरों ने बड़ी मात्रा में गुटखा, सिगरेट बीड़ी और तमाकू पर हाथ साफ कर फरार हुए है। कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला मिया साहब का फाटक निवासी राहुल साहू पुत्र बाबूराम की कस्बा स्थित एक मार्किट में परचून और कांफ्रेसनरी कि दुकान है। रविवार की रात व्यापारी दुकान बंद कर घर चला गया था। दुकानदार के मुताबिक सोमवार सुबह जानकारी मिली की दुकान का शटर टूटा हुआ है। पीड़ित के मुताबिक जब दुकान पर पहुँचा तो उसे चोरी हो जाने की सूचना मिली है।

# हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाना हमारा संकल्प : योगेंद्र चौहान

### समाजसेवी योगेंद्र चौहान ने कुष्ठ औघड़ आश्रम को दी 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता



रायबरेली। समाजसेवी योगेंद्र चैहान ने मानवता की सच्ची पहचान को सेवा से जोड़ते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति के जीवन में आशा, सम्मान और खुशहाली लाना हमारा संकल्प है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए उन्होंने सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।

दौरा इसी क्रम में आज उन्होंने औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम का निरीक्षण किया। आश्रम के बाउंड्री वॉल के नवीनीकरण एवं निर्माण कार्य के लिए योगेंद्र चैहान ने अपने निजी कोष से दो लाख रुपए दान स्वरूप प्रदान किया। साथ ही, आश्रम परिसर में सुरक्षा और सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से लाइट्स भी उपलब्ध कराईं।

इस सहायता से आश्रमवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आश्रम के निवासियों के चेहरों पर खुशी और संतुष्टि देखकर योगेंद्र चैहान का हृदय प्रसन्न हो उठा। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में उपेक्षित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलती है और हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। योगेंद्र चैहान ने आह्वान किया कि आइए, हम सब मिलकर एक ऐसे रायबरेली का निर्माण करें जहां कोई भी व्यक्ति उपेक्षित न रहे और हर चेहरे पर मुस्कान हो। उनकी यह पहल स्थानीय स्तर पर सराहनीय कही जा रही है, जो समाजसेवा और मानवीय संवेदना का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# आरेडिका में अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव में नाटकों का मंचन

### रेल कर्मियों ने दिखायी अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा

जिला संवाददाता

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, में आयोजित अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र तथा उपनिदेशक राजभाषा, रेलवे बोर्ड सतविंदर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उद्घाटन उपरांत आरेडिका सांस्कृतिक संगठन द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। नाट्योत्सव का प्रारंभ आरेडिका द्वारा प्रस्तुत नाटक परिणति से हुआ, जिसने दर्शकों की भरपूर सराहना एवं तालियां प्राप्त कीं। इस नाटक के लेखक विश्वेश्वर प्रसाद एवं निर्देशक अंगद सिंह कुशवाहा थे। प्रमुख भूमिकाओं में विश्वेश्वर प्रसाद, साधना कुमारी, अरविंद कुमार ओझा, श्वेता ओझा, आदित्य प्रकाश, अंगद, भारतेंदु, साक्षी एवं विनायक शामिल रहे। नाटक में संगीत एवं ध्वनि संयोजन विवेकानंद एवं दीपक द्वारा तथा प्रकाश प्रभाव रजिंदर वर्मा एवं गिरीश द्वारा दिया गया, जबकि रूप सज्जा का कार्य सविता ने किया। पहला गोल (दक्षिण रेलवे), ऑक्टोपस (बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी), फ्लाइंग रानी (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे), द्रौपदी (पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, गुवाहाटी), जिस लाहौर नहीं देख्या ओह जम्या नहीं (बंटवारा) (उत्तर रेलवे), अहिंसा की विजय (दक्षिण पश्चिम रेलवे) सभी नाटकों ने अपनी प्रभावशाली एवं मार्मिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। नाट्योत्सव के दूसरे दिन पूर्वोत्तर रेलवे के कलाकारों द्वारा प्रेसर, चितरंजन रेल इंजन कारखाना ने कालान्तर पूर्व रेलवे ने महाभारत का गदा युद्ध, पूर्व तट रेलवे ने ह्यह्यमृग कस्तूरी, पश्चिम रेलवे ने बताशा, दक्षिण पूर्व रेलवे ने खून एक है, मध्य रेलवे ने आधे-अधूरे, उत्तर पश्चिम रेलवे ने राजा मॉगे पसीना, आदि नाट्य प्रस्तुतियां की।

## लोहिया जयंती व शहीद दिवस पर सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



अमेठी। समाजवादी पार्टी कार्यालय में समाजवादी चिंतक राम मनोहर लोहिया की जयंती एवं शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने लोहिया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज में समानता, सामाजिक न्याय तथा गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को दिशा देते हैं। जिला महासचिव अरशद अहमद ने कार्यकताओं से लोहिया जी के सिद्धांतों को अपनाकर समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. लोहिया का जीवन संघर्ष, सादगी और समाजसेवा का प्रतीक है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक समाज की स्थापना संभव है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने और जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इसी दौरान एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) शशिकांत साहू ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी। शशिकांत साहू ने कहा कि वे लोहिया जी के विचारों से प्रभावित होकर सपा में शामिल हुए हैं। इस मौके पर चंद्रशेखर यादव, घनश्याम सिंह, शशिकांत साहू, मनीराम वर्मा, गुंजन सिंह, राकेश, सूबेदार यादव, सुदर्शन, अभिषेक प्रजापति, चंद्रकांत पाल, दीपू तिवारी, अशोक यादव और शेर बहादुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसकी जानकारी राजेश मिश्र प्रवक्ता समाजवादी पार्टी ने दी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन



गौरीगंज, अमेठी। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद स्मृति ईरानी जी का जन्मदिवस आज अमेठी जनपद में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके दीघार्यु, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यालय परिसर में केक काटकर की गई, जिसके पश्चात समीप स्थित बूढ़न माई मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित जनों ने माँ के चरणों में नमन कर दीदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। इसी क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में माँ कालिकन भवानी मंदिर में विधिवत हवन-पूजन का आयोजन किया गया। हवन में उपस्थित सभी कार्यकताओं एवं श्रद्धालुओं ने आहुति देकर दीदी के जीवन में निरंतर सफलता, ऊर्जा एवं जनसेवा की भावना बनी रहने की कामना की। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों—तपेश्वर धाम, मुसाफिरखाना, दादरा स्थित माँ हिंगलाज धाम एवं अहोरवा भवानी मंदिर—में भी मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा विशेष पूजन-अर्चन किया गया। सभी ने एक स्वर में माँ दुर्गा से प्रार्थना की कि दीदी सदैव स्वस्थ, प्रसन्न एवं जनसेवा के मार्ग पर अग्रसर रहें। यह आयोजन न केवल एक जन्मदिवस का उत्सव था, बल्कि जनसेवा, समर्पण और श्रद्धा का अद्भुत संगम भी रहा, जिसमें पूरे अमेठी जनपद की सहभागिता देखने को मिली।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सलोन, रायबरेली। बाइक सवार युवक के अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज कर कार्यवाही शुरू कर दी। मृतक युवक की पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली अंतर्गत करहिया चैकी क्षेत्र के कमालुद्दीनपुर निवासी रोहित यादव (35) पुत्र रामसुख यादव रविवार की रात बाइक से अपने घर लौट रहा है। सलोन प्रतापगढ़ राज्यमार्ग एक प्रतिष्टित होटल से सौ मीटर आगे बाइक सवार युवक को अज्ञात ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर घायल युवक को सीएचसी सलोन इलाज के लिए भेजा। यहां डॉक्टर ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली इंचार्ज पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

### 37 शिकायतें आयी, 4 का मौके पर निस्तारण

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील डलमऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील डलमऊ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 27, विकास 09 व अन्य 01 कुल 37 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 04 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ० रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० नवीन चंद्रा, उपजिलाधिकारी डलमऊ सतेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिले में दबंगों की दबंगई जारी, विधवा को नहीं मिल रही उसकी जमीन

डलमऊ रायबरेली। डलमऊ तहसील में जिले की डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में सम्पन्न संपूर्ण समाधान दिवस तहसील दिवस में फरियादी सरोज वती पत्नी स्वर्गीय बदलू निवासी गांव सेंदुरामऊ जो एक विधवा महिला है इनके द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें प्रतिपक्षी चंद्रिका प्रसाद पुत्र सत्ती, कालिका प्रसाद पुत्र सत्ती एवं दसउ पुत्र सत्ती का नाम है। इनका कहना है की प्रतिपक्षी अत्यंत ही दबंग और सरहंग किस्म के व्यक्ति हैं जो उनकी भूमि को कब्जा करके रखे हैं उनके द्वारा प्रार्थना पत्र में कहा गया कि जब भी प्रार्थनी भूमि बंटवाने जाती है तो प्रतिपक्षीगण उन्हें मारपीट के वहां से भगा देते हैं सरोज वती के द्वारा थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया गया था उनका कहना है कि उस प्रार्थना पत्र में थाने में प्रतिपक्षी गणों और सरोजवती के बीच पुलिस वालों के द्वारा एक समझौता कराया गया जिसमें यह कहा गया कि सरोज वती को उनके हिस्से की जमीन दी जाए। लेकिन जब भी प्रार्थनी अपनी जमीन बंटवाने के लिए जाती है प्रतिपक्षी गण उसे गाली गलौज के साथ मारपीट कर भगा देते हैं और कहते हैं कि यहां से छोड़कर और कहीं चली जाओ नहीं तो तुम्हें जान से मार देंगे। सरोजवती का कहना है कि वह एक असहाय और गरीब महिला है जो दिहाड़ी काम करके अपना जीवन यापन कर रही हैं कभी-कभी जब उन्हें काम नहीं मिलता है तो उनके घर में चूल्हा भी नहीं जलता यदि उन्हें उनके हिस्से की जमीन मिल जाए तो उसी में काम करके अपनी रोजी-रोटी का जुगाड़ कर सकती हैं उन्होंने जिलाधिकारी से संपूर्ण समाधान दिवस में गुहार लगाई है कि प्रतिपक्षी गणों के खिलाफ उचित कार्रवाई करके और उनके हिस्से की जमीन उन्हें दिला करके उनके साथ न्याय किया जाए।

## डीएम ने अस्थायी गौ संरक्षण केन्द्र का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने विकास खण्ड डलमऊ की अस्थायी गौ संरक्षण केन्द्र पूरे रेवती का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गायों के खानपान, चारे आदि व्यवस्था के बारे में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जानकारी ली।

## जन्मदिन मनाया, बांटी मिठाइयां



अमेठी। सोमवार को अमेठी की पूर्व लोकप्रिय सांसद एवं कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अमरेंद्र सिंह 'पिन्टू' के कार्यालय दुगार्पुर रोड खेरौना में केक काटकर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रभु श्री राम जी से कामना किया। कार्यालय प्रभारी विजयपाल उपाध्याय ने कहा कि जो भी विकास सांसद स्मृति ईरानी ने शुरू किया था उसके बाद वहीं से विकास का पहिया रुक गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कथन और करनी में कोई मतभेद नहीं है।

# बीएमपीएस की कार्यशैली अद्वितीय : अमित सिंह

### वार्षिक रिपोर्ट-कार्ड वितरण कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न

लालगंज, रायबरेली। कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा-9 एवं कक्षा -11 का वार्षिक रिपोर्ट-कार्ड वितरण कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक निदेशक सुनील सिंह की देखरेख मे प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित भी किया गया। पूरे साल सर्दी-गर्मी की परवाह न करते हुए हंड्रेड परसेंट उपस्थिति देने वाले छात्र-छात्राओं को भी विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि सी.ओ. लालगंज अमित सिंह ने सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि वास्तव में बैसवारा क्षेत्र में बीएमपीएस का अपना विशिष्ट स्थान है, यहां की कार्यशैली अद्वितीय है। विद्यालय के समस्त शिक्षक बधाई के पात्र हैं और अभिभावकों के लिए यह एक अच्छी बात है कि एक उच्च दर्जे की शैक्षिक व्यवस्था से परिपूर्ण विद्यालय आप लोगों को मिला है।

विद्यालय के प्रबंधक शांतनु सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बीएमपीएस का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करना है। हम सभी का यह भरसक प्रयत्न है कि ग्रामीण अंचल में उच्च दर्जे की शैक्षिक व्यवस्था उपलब्ध हो जिसके लिए विद्यालय प्रबंधन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने यह भी बताया सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नवरात्रि के अवसर पर प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश लेने वाली सभी बालिकाओं के प्रवेश शुल्क में विशेष छूट है। प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और यहां से अनेकों अनेक छात्र-छात्राएं देश भर में विभिन्न स्थानों पर बैसवारा क्षेत्र के नाम को बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर बी एन यादव, अर्चना सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, प्रशांत दुबे, ममता सिंह, मृत्युंजय सिंह, विष्णु सिंह, संदीप पांडे, प्रदीप सिंह, सीमा सिंह सहित विद्यालय के समस्त अध्यापक और कर्मचारियों का यथोचित योगदान रहा।

# विश्व जल दिवस पर छात्रों ने निकली जागरूकता रैली

सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर सोमवार को जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली संस्थान परिसर से प्रारंभ होकर पंचोपिरन तक पहुंची, जिसमें छात्र-छात्राओं ने जल बचाने का संदेश दिया। रैली के पश्चात अर्थशास्त्र विभाग द्वारा जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. किरण सिंह ने कृषि क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई जैसी तकनीकों के माध्यम से जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी। वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल यादव ने विश्व जल दिवस 2026 की थीम पर प्रकाश डालते हुए जल के महत्व और प्रदूषण से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल मिश्रा सहित लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस दौरान छात्रों ने जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



## संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित



अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील मुसाफिरखाना में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील अमेठी में 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 05 शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील गौरीगंज में 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पेशकार- कानूनगो पर भ्रष्टाचार का आरोप

### 31 मार्च तक कार्रवाई न होने पर 01 अप्रैल को लड़ेंगे आर पार की लड़ाई



लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। एसडीएम के पेशकार एवं कानूनगो पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए किसानों ने उन पर कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी की अगर 31 मार्च तक किसान समस्याओं का निस्तारण एवं दोनों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो किसान 01 अप्रैल को आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होंगे। लंभुआ तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी गुट के जिला अध्यक्ष गौरी शंकर पांडे के नेतृत्व में किसानो की एक बैठक आयोजित की गई। पूर्व में दिए गए मांग पत्र पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष श्री पांडेय ने बताया कि मांग पत्र में जो भी किसान समस्याएं थी, उसका प्रशासन ने एक भी निस्तारण नहीं किया। बैठक में मौजूद प्रदेश महासचिव राम कृपाल सिंह ने कहा कि एसडीएम के पेशकार द्वारा किसानों के मुकदमों की फाइलों में हेरा फेरी की जाती है तथा धारा 24 की फाइल में कानूनगो द्वारा गलत पैमाइश कर रिपोर्ट लगाने का आरोप है, जो ठीक नहीं है। यदि 31 मार्च तक कानूनगो एवं पेशकार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है तो 01 अप्रैल को तहसील परिसर में पंचायत लगाकर किसान आर पार की लड़ाई लड़ने पर मजबूर होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राज नारायण तिवारी, रमेश चंद्र दूबे, अरविंद उपाध्याय, अवधेश मिश्रा, अनिल वर्मा, विष्णु मिश्रा, करीम खान, सुनील यादव, बंसराज मौर्य, सरिता, गीता, वंदना आदि मौजूद रहे।

# दुखदुरिया कार्यक्रम में उमड़ी माताओं-बहनों की आस्था

### नव दिवसीय श्रीराम कथा में भक्ति और श्रद्धा का माहौल, 25 मार्च को होगा विशाल भंडारा



**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार क्षेत्र के गुप्तारगंज बाजार स्थित प्रसिद्ध चंडिका देवी धाम शक्ति पीठ मंदिर प्रांगण के सामने चल रही नव दिवसीय श्रीराम कथा के अंतर्गत सोमवार को दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र के कई गांवों से आई सैकड़ों माताओं और बहनों ने कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को भव्य रूप दिया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी और पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दुखदुरिया कार्यक्रम में भाग लिया और परिवार की सुख-समृद्धि तथा क्षेत्र की खुशहाली के लिए मां चंडिका देवी से प्रार्थना की। भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे नजर आए। इस अवसर पर कथा व्यास मुरारी बाबू जी महाराज ने श्रीराम कथा का रसपान कराते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, आस्था और मयार्दा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन आदर्शों और मयार्दा का प्रतीक है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा के माध्यम से समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता है। कथा व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 मार्च को नव दिवसीय श्रीराम कथा का समापन होगा, जबकि 25 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जो प्रभु कृपा तक चलता रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा और भंडारे में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु, आयोजक और सामाजिक कार्यकर्ता लगातार सहयोग और सहभागिता कर रहे हैं, जिससे पूरा आयोजन भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो रहा।

संक्षेप

## टूंडला पुलिस ने दो सट्टेबाजों को किया गिरफ्तार

थाना टूण्डला पुलिस ने अलग अलग जगहों से दो सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को मुखबिर खास की सूचना पर एक अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र माता प्रसाद निवासी राजा का ताल थाना टूंडला को एफ एच मेडिकल कालेज के मोड़ पर थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद घटना स्थल बन्ना रोड से सट्टा लेते हुए मय माल 630 रुपए नगद व सट्टा डायरी व 01 पेन के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं मुखबिर खास की सूचना पर 01 अभियुक्त विष्णु पुत्र रामनारायण निवासी सी०एल० जैन स्कूल के पास हुमॉयुपुर थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद को हिरनगाँव जाने वाले रास्ते पर जे०बी० इण्टर कॉलेज के पास थाना टूण्डला क्षेत्र से मय माल 1790 रुपए नगद व सट्टा डायरी व 01 पेन के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की है।

## सामान लेने बाजार आई दो बहने हुई गायब, मुकदमा दर्ज

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी से बाजार आई दो किशोरी गायब हो गई। पीड़िता ने अपनी बेटियों की तलाश किया लेकिन दोनों का सुराग नहीं लगा। पीड़िता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

नजमा पत्नी मोहम्मद रफीक निवासी पंजाबी कालोनी कटरा मीरा दो बेटी कोमल ( 16 ) सुहाना ( 15 ) 20 मार्च को घर से बाजार में कुछ सामान खरीदने के लिए गई थी। जब दोनों किशोरी काफी देर तक घर नहीं आई तो परिजनों को उनकी चिंता हुई। उन्होंने आसपास इलाके के साथ ही अपने रिश्तेदारों के यहां तलाश किया लेकिन उनका कही सुराग नहीं लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है।

## फरसा वाले बाबा चंद्रशेखर की आकस्मिक मौत पर जय कृष्ण दास महाराज ने जताया दुख

चैमुहाँ। योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा के कोसी कलां क्षेत्र में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले प्रसिद्ध गौ रक्षक दल के फरसा वाले बाबा चन्द्र शेखर की सड़क दुर्घटना में हुई आकस्मिक मृत्यु अत्यंत दुःखद एवं ह्रदय विदारक है फरसा वाले बाबा के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है जय कृष्ण दास महाराज ने बताया कि फरसा वाले बाबा वर्षो पहले चैमुहा की राधा मोहन गौ शाला पर काफी समय गौ सेवा की वह बहुत ही अच्छे संत थे इस दुःखद घटना पर यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत श्री जय कृष्ण दास महाराज ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।संत जय कृष्ण दास महाराज ने अपने शोक संदेश में कहा कि बाबा चन्द्र शेखर का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

वे गौ सेवा एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय रहते थे और उनके जाने से संगठन तथा क्षेत्र को गहरा आघात पहुंचा है।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि पुयात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों और अनुयायीयों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करें। चैमुहाँ के स्थानीय लोगों एवं सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना पर गहरा दुःख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस




**फिरोजाबाद।** शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति के साथ मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य

● **प्राप्त 50 शिकायतों में 10 का मौके पर ही समाधान किया**

और समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में आयोजित किया गया,इस दौरान राजस्व पुलिस विकास जिला पूर्ति जल निगम, समाज कल्याण से जुड़ी शिकायतें सामने आई,जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध,पारदर्शी व संवेदनशीलता के साथ किया जाए,किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, राधाकृष्ण नामक प्रार्थी ने अपना विद्युत बिल सही करने के संबंध में आवेदन दिया, उसका कहना था कि मीटर प्रतिदिन 25 से 30 यूनिट बिजली उपयोग में दर्शा रहा है, जबकि 10 दिन में उसके द्वारा एक यूनिट बिजली खर्च की जाती है, जिलाधिकारी ने एक्स ई एन विद्युत को संपूर्ण मामले की जांच करने हेतु निर्देशित किया, इसी तरह एक अन्य प्रार्थी सतीश चंद्र ने विद्युत संयोजन संख्या 00101225 कैवी ए के ट्रांसफार्मर को पुनः लगाकर दूसरी लाइन डाले जाने एवं एलटी लाइन पर लगे कटिया कनेक्शन को हटाए जाने पर आवेदन किया, इस पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण मामले की जांच करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए, इसी तरह अर्जुन सिंह नामक व्यक्ति ने भूमि पर अवैध कब्जा हटाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिलाधिकारी ने तहसीलदार और एस एच ओ की संयुक्त टीम बनाकर संपूर्ण मामले को निस्तारित करने के आदेश दिए, इसी तरह जिलाधिकारी के समक्ष कल 50 शिकायतें आयी जिनमें से 10 का मौके पर ही समाधान किया गया, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निस्तारण में विलंब या फरियादियों को अनावश्यक परेशान करने वाले पटल सहायकों एवं अधिकारियों के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी,इस दौरान डीएफओ उप जिलाधिकारी अनुराधा सिंह,परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी पिछला वर्ग कल्याण अधिकारी के एम सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सिंह,जल निगम, आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# वृंदावन के जीवनदीप आश्रम का 24 मार्च को संघ प्रमुख करेंगे लोकार्पण

जिला संवाददाता

मथुरा। वृंदावन नगर के रुक्मिणी बिहार में नवनिर्मित जीवनदीप आश्रम का लोकार्पण 24 मार्च यानी मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत करेंगे। इस समारोह में योगी आदित्यनाथ सहित कई राज्य के मुख्यमंत्री भी शामिल हो सकते हैं। संघ प्रमुख भागवत के वृंदावन आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार सुबह आश्रम के संस्थापक महामंडलेश्वर यतींद्रानंद ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि नगर के रुक्मिणी विहार में जीवनदीप आश्रम की स्थापना की गई है।

इसका लोकार्पण करने के लिए 24 मार्च को संघ प्रमुख मोहन भागवत वृंदावन आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आश्रम के लोकार्पण समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सैनी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल व मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आने की भी संभावना है। आश्रम के संस्थापक महामंडलेश्वर यतींद्रानंद ने बताया कि आश्रम का शिलान्यास संघ के सरकार्यवाह भैयाजी जोशी ने किया था। अब इसका लोकार्पण संघ प्रमुख मोहन भागवत करने आ रहे हैं। चूंकि मेरा जीवन संघ से जुड़ा रहा है, तो संघ मेरा परिवार है और संघ प्रमुख परिवार के मुखिया हैं। इसलिए आश्रम का लोकार्पण भी वहीं करने आ रहे हैं। यतींद्रानंद ने बताया कि समारोह में आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, भानुपुराधीश के जगद्गुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद महाराज, स्वामी चिद्ब्रानंद, अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री संत जीतेंद्रानंद, चंद्रपाणी महाराज, धर्मदेव महाराज, संत भैयादास, साध्वी ऋतंभरा समेत अनेक संत मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की भी पूरी उम्मीद है। नगर में संघ प्रमुख के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा के लिहाज से कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। इस संबंध में सीओ सदर पीतमपाल सिंह ने बताया कि संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के प्रस्तावित कार्यक्रम की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। आश्रम के लोकार्पण समारोह में आध्यात्मिक व राजनीतिक जगत की बड़ी हस्तियां भी शामिल होंगी। पुलिस प्रशासन के आलाअधिकारियों ने आश्रम में सुरक्षा व्यवस्था से लेकर तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया है।

# मथुरा से अयोध्या रवाना हुआ दिव्य प्रसाद, निकली भव्य शोभायात्रा



मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा से सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि द्वारा अयोध्या धाम स्थित श्रीराम जन्मभूमि के लिए भव्य प्रसाद रवाना किया गया। गाजे-बाजे भक्ति संगीत और श्रद्धा के उत्साह के बीच निकली इस शोभायात्रा ने पूरे शहर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। सोमवार सुबह करीब 10 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर से सुसज्जित वाहन में प्रसाद को विधिवत पूजन अर्चन के बाद रवाना किया गया। इस अवसर पर 11 मन धनिया की पंजीरी सवा मन लड्डू पंचमेवा फल भगवान श्रीराम के लिए वस्त्र श्रृंगार और सुगंधित दिव्य सामग्री विशेष रूप से भेजी गई। प्रसाद यात्रा अन्न सेवा धाम से प्रारंभ होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और श्री राधा कृष्ण के सजीव स्वरूपों के साथ निकाली गई। भक्त नाचते. गाते राधे-राधे और जय श्रीराम के जयघोष करते हुए केशव देव मंदिर और भागवत भवन के दर्शन करते हुए यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुए संत. महंत और सनातनी समाज के लोग मौजूद रहे जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने कहा कि भगवान राम और भगवान कृष्ण एक ही दिव्य शक्ति के दो स्वरूप हैं। यह आयोजन सनातन धर्म की एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में आयोजित भव्य रामनवमी महोत्सव के लिए यह प्रसाद विशेष रूप से भेजा गया है जिसे रामलला के जन्मोत्सव पर अर्पित किया जाएगा। कपिल शर्मा ने जानकारी दी कि केवल प्रसाद ही नहीं बल्कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान के सिद्धहस्त हलवाई और कारीगर भी अयोध्या भेजे गए हैं। ये कारीगर वहां श्रीराम जन्मभूमि की रसोई में अपने हाथों से ठाकुरजी के लिएविशेष धनिया की पंजीरी और अन्य भोग तैयार करेंगे। उन्होंने इसे अध्यात्म की त्रिवेणी बताते हुए कहा कि जिस प्रकार जन्माष्टमी पर अयोध्या और काशीसे मथुरा प्रसाद आता है उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अब मथुरा से अयोध्या के लिए यह सौगात भेजी गई है। यह आयोजन राम कृष्ण और शिव की एकात्मकता का जीवंत उदाहरण बनकर सनातन धर्म की जड़ों को और अधिक सशक्त करता है।

# हथियारों की तस्करी में माहिर थी मथुरा में रहने वाली मीरा, अब तक 22 गिरफ्तार



**मथुरा।** भारतीय सेना की गोपनीय रणनीतियों और मूवमेंट को दुश्मन देश तक पहुंचाने वाले एक खतरनाक अंतरराष्ट्रीय जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ हो चुका है। इस मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस और खुफिया एजेंसियों की संयुक्त कार्रवाई में अब तक 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। चैंकाने वाली बात यह है कि इस देशद्रोही नेटवर्क के तार मथुरा से भी गहराई से जुड़े पाए गए हैं। जांच एजेंसियों ने इस गैंग की एक अहम कड़ी मीरा निवासी औरंगाबाद, थाना सदर, मथुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मीरा न केवल रोमियो का सबसे खास इस जासूसी नेटवर्क का हिस्सा थी, बल्कि वह हथियारों की तस्करी में भी माहिर है। उसके मोबाइल फोन से देश के कई संवेदनशील इलाकों और सैन्य ठिकानों की तस्वीरें बरामद हुई हैं। मथुरा पुलिस और एटीएस अब इस बात की जांच कर रही है कि मथुरा क्षेत्र में उसने और किन लोगों को इस नेटवर्क से जोड़ा था। इस गिरोह का सबसे सक्रिय सदस्य नौशाद अली उर्फ लालू निकला, जो बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है।

वह हरियाणा के फरीदाबाद में एक पेट्रोल पंप पर पंचर की दुकान चलाता था। नौशाद सेना की गाड़ियों और मूवमेंट की तस्वीरें खींचकर पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेजता था। हर एक फोटो या वीडियो के बदले उसे 4 से 6 हजार रुपये दिए जाते थे।

नौशाद इस नेटवर्क के मास्टरमाइंड सुहेल मलिक उर्फ रोमियो ( मेरठ ) का राइट हैंड बताया जा रहा है। वह सीधे तौर पर जोरा सिंह नामक पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में था। मथुरा से मीरा और फरीदाबाद से नौशाद की गिरफ्तारी के बाद यूपी एटीएस, दिल्ली पुलिस और हरियाणा पुलिस की संयुक्त टीमें अब उन 50 संभावित जगहों की तलाश कर रही हैं जहां ये जासूस कैमरे लगाने वाले थे। सेना के ठिकानों और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। पुलिस और खुफिया एजेंसियों द्वारा की गई जांच से पता चला है कि यह गिरोह देश-विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर रहा था।

आरोपियों ने दिल्ली और हरियाणा के रेलवे स्टेशनों के पास रणनीतिक महत्व वाले स्थानों पर सोलर पावर्ड कैमरे लगाए थे और उनकी योजना पूरे देश में ऐसे कुल 50 कैमरे लगाने की थी।

## भाकियू सुनील के पदाधिकारियों ने अखंड हिन्द फौज के कैडेट्स साथ अर्पित की श्रद्धांजलि

मथुरा। मथुरा महानगर के भगत सिंह पार्क में अमर शहीद क्रांतिकारी भगत सिंह के शहीदी दिवस पर भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारियों व अखंड हिंद फौज के कैडेट्स ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अखंड हिंद फौज के कैडेट्स एवं भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं ने शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी कृष्णा फौजदार ने संयुक्त रूप से भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की कहां शहीदे आजम भगत सिंहजी के बलिदान दिवस व जयंती पर केंद्रीय राज्यकीय अवकाश घोषित किया जाए। शहीद ए आजम भगत सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। देश के अमर शहीद हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। इस दौरान कैडेट्स द्वारा शौर्य प्रदर्शन एवं देशभक्ति के नारों से वातावरण ओजस्वी हो उठा। कार्यक्रम में भाकियू सुनील के महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल मोहन, प्रीतम, राम, जॉन आदि उपस्थित रहे।

# सरदार भगत सिंह राजगुरु सुखदेव वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर किया नमन



टूंडला। देश की आजादी के महान क्रान्तिकारी शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह राजगुरु सुखदेव तीनों वीरों का बलिदान दिवस क्रांतिकारी संगठन आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी के नेतृत्व में डॉ.अनिल वार्ष्णेय निवास क्लिनिक स्टेशन रोड पर बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतीक यादव मण्डल विद्युत अभियंता रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर सुरेन्द्र पाल सिंह यादव इंडेन गैस सर्विस ने की विशेष अतिथि अनिल कुमार सिंह थाना प्रभारी टूंडला डॉ.अनिल वार्ष्णेय और सरदार मनमिंदर सिंह रहे,मुख्य अतिथि प्रतीक यादव और राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी ने वीरों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी,आए सभी अतिथिगणों ने वीरों को नमन किया,संचालन पत्रकार रंजीत गुप्ता ने किया,प्रतीक यादव ने शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा सरदार भगत सिंह राजगुरु,सुखदेव , ऐसे निडर वीर थे जो ब्रिटिश के जुल्म का डटकर मुकाबला किया उनके जुल्म वीरों की बहादुरी के आगे टिक ना सके ऐसे वीरों को याद करना हर भारतीय का नैतिक दायित्व है, अगर ये अपना बलिदान नहीं देते तो भारत का इतिहास कुछ ओर होता डॉ अनिल वार्ष्णेय ने कहा देश का दुर्भाग्य हे वीरों को चंद लोग ही याद करते हे जिन्होने हर शोहरत का लुप्त उठाया उनका गुणगान देश में उनको याद किया जाता है सरदार भगत सिंह जैसे वीर को भुला दिया जो आजादी के शहीदों में प्रथम दर्जा रखते हैं।ही इन वीरों को भुला दिया, आजाद सरकारों ने इनको शहीद का दर्जा तक नहीं दिया भारत सरकार से हम वीरों के लिए भारत रत्न और शहीद का दर्जा जैसी मांगे करते आ रहे परन्तु आजाद भारत कई सरकार पर कोई असर नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रतीक यादव मण्डल विद्युत अभियंता बी एस बेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल वार्ष्णेय वीर सुरेन्द्र पाल सिंह यादव सरदार मनमिंदर सिंह दीपक सलूजा पश्चिम प्रदेश प्रभारी डॉ कमल यादव टूंडला प्रेस क्लब अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां डॉ.अनुसील वार्ष्णेय समाजसेवी रंजीत गुप्ता राजेंद्र कुमार अजू राजू गांधी , सरदार इंदर पाल सिंह वीरेंद्र कुमार , उदय वीर सिंह फौजी सरदार गुरमीत सिंह सैकी गोपाल शर्मा देवेंद्र प्रताप सिंह देवू योगेंद्र चौधरी ब्रजपाल परमार प्रदीप बत्रा मनोज गौतम फौजी बहादुर सिंह अरोरा गुरमुख दास, ध्रुव दीक्षित ठा.अर्नेस सिंह कृष्णा यादव श्री प्रकाश तिवारी , साजिद अली रियाज अली पासी राहुल जैन लक्की पवन कक्कड़ रमाकांत शर्मा आदी लोग शामिल रहे।

# संस्कृति विवि के 10 विद्यार्थियों का जेके टायर ने किया चयन



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के डिप्लोमा मैकेनिकल के 10 विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित भारतीय कंपनी जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लि. ने अपने यहां अच्छे वेतनमान पर नौकरी देने के लिए चयनित किया है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान विद्यार्थियों के इस चयन पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है।

संस्कृति प्लेसमेंट सेल के आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि देश की टायर निमार्ता कंपनी जेके टायर एंड इंडस्ट्री लि. भारत की एक अग्रणी टायर निमार्ता कंपनी है, जो 1977 से रेडियल टायर तकनीक में विशेषज्ञता रखती है। नई दिल्ली में मुख्यालय वाली यह कंपनी ट्रक-बस रेडियल सेगमेंट में भारत में अग्रणी है और 100 से अधिक देशों में अपनी उपस्थिति के साथ वैश्विक स्तर पर टायरों की एक पूरी श्रृंखला बनाती है। भारत में 9 और मेक्सिको में 3 संयंत्रों के साथ, कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता लगभग 3.5 करोड़ टायर प्रति वर्ष है। कंपनी यात्री कारों, वाणिज्यिक वाहनों ( ट्रक/बस ), ट्रैक्टरों, और दोपहिया/तिपहिया वाहनों के लिए टायरों का उत्पादन करती है।कैंपस प्लेसमेंट के दौरान तीन स्तरीय चयन प्रक्रिया में संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता का परिचय देते हुए बड़ी संख्या में सफलता हासिल की है। कंपनी ने संस्कृति विवि मैकेनिकल डिप्लोमा के अर्जुन कुमार, सत्यम कुमार सिंह, हेमराज, प्रदीप, प्रेम चंद्र, नरेश कुमार शर्मा, गौरव कुमार, गुड्डू यादव, दिनेश, मनीष कुमार निमेष हैं। संस्कृति विवि की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों के इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## भाजपा के नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत



टूंडला। मां सीयर देवी मंडल लाइन पार अनिल कुमार बघेल के प्रतिष्ठान रॉयल टेलर्स पर भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद में नवनियुक्त पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के विस्तारक रहे वीरेन्द्र प्रताप सिंह को जिला सह मीडिया प्रभारी पूर्व में अपलसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रहे सचिन जैन को सह जिला संयोजक सोशल मीडिया व भाजपा फिरोजाबाद में लगातार तीसरी बार जिला कोषाध्यक्ष के पद पर महिपाल सिंह निषाद को नियुक्त किए जाने पर भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के सभी कार्यकताओं व जनमानस ने हर्षोल्लास के साथ विशेष उत्साह प्रदर्शित करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पटका पहनाकर व मिष्ठान वितरण कर भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात सह मीडिया प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने शीर्ष नेतृत्व व कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि जिले की नवनियुक्त कार्यकारिणी मोदी व योगी की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पूरा प्रयास करेंगे व भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा व नीतियों को पुष्ट करते हुए संगठन को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री वेद प्रकाश बघेल मंडल महामंत्री सूरज धाकरे क्षेत्रीय पंचायत सदस्य नवीन कुमार बघेल नरेंद्र पाल सिंह आदि उपस्थितरहे।

## महिला के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर डाले, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

फिरोजाबाद । थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने थाना नसीरपुर क्षेत्र के एक युवक पर उसके नाम से फर्जी आई डी बनाकर उस पर उसके अश्लील फोटो लगाकर बदनाम करने की शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी पीड़िता से बात करने का दबाव बनाकर उसे ब्लैकमेल का प्रयास कर रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने आरोप लगाया कि उसके मोबाइल पर आलोक पुत्र बृजमोहन निवासी धर्मनगर थाना नसीरपुर पिछले कई महीनों से बार बार फोनकर जबरन बात करने का प्रयास कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी को उसके निजी पल के फोटो किसी तरह से कही से प्राप्त कर लिए। उसके बाद उसके अश्लील फोटो को पीड़िता के नाम से सोशल मीडिया पर आई डी बनाकर चला रहा है। आरोपी आये दिन पीड़िता के अश्लील फोटो को सोशल मीडिया आई डी पर लगाकर बदनाम कर रहा है। पीड़िता ने कई बार आरोपी से मना किया लेकिन उसके बाबजूद लगातार अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर डालकर मानसिक रूप से परेशान कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि वह आरोपी की हरकतों से अवसाद की अवस्था में आ गई है। वह बात करने का दबाव डाल रहा है। बात न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी हैं।

## छात्राओं और युवाओं को बताया प्रेम-प्रसंग के जाल और घर छोड़ने के कानूनी व सामाजिक दुष्परिणाम

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत रविवार को थाना रसूलपुर क्षेत्र के कलावती इंटर कॉलेज में एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरों और युवाओं में बढ़ते प्रेम-प्रसंग और बिना बताए घर छोड़कर जाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाना तथा इसके गंभीर परिणामों के प्रति सचेत करना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला उप निरीक्षक अलका रानी ने छात्र, छात्राओं को विस्तार से समझाया कि किशोरावस्था में लिए गए भावनाओं में बहकर गलत फैसले न केवल करियर बर्बाद करते हैं, बल्कि कानूनी पेचीदगियों और सामाजिक तिरस्कार का कारण भी बनते हैं। पुलिस टीम ने युवक, युवतियों को बताया कि घर से चले जाने के मामलों में अक्सर युवाओं को जेल और युवतियों को असुरक्षित परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। टीम ने विशेष रूप से 'एलोपमेंट' से होने वाले मानसिक और शारीरिक शोषण के बारे में जागरूक किया। *हेल्पलाइन नंबर्स की दी गई जानकारी *महिला आरक्षियों द्वारा उपस्थित छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि किसी भी विपरीत परिस्थिति में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।जागरूकता अभियान के दौरान कलावती इंटर कॉलेज का परिसर खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम में 18 वर्ष से कम आयु के लगभग 600 बालक और 400 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

# दूसरों को न झेलनी पड़े मुसीबत इसलिए टीबी मरीजों को जागरुक कर रहीं विनीश

मथुरा। विनीश, टीबी संक्रमण से मुक्त हो चुकी फरह ब्लॉक के ग्राम राहेपुराजाट की 42 वर्षीय निवासी, अब टीबी चैंपियन बनकर समुदाय में टीबी के प्रति जागरूकता का प्रसार कर रही हैं। उनका कहना है, ह्लमैंने जिन परेशानियों को टीबी संक्रमण होने के दौरान चुनौतियों और सोशल स्टिग्मा का सामना किया, उनका सामना किसी और को न करना पड़े, इसलिए मैं टीबी चैंपियन बनकर लोगों को टीबी और टीबी के उपचार के प्रति जागरूक कर रही हूं।ह्ल विनीश टीबी मरीजों की काउंसलिंग भी कर रही हैं, जिससे समुदाय में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़े और लोग समय पर इलाज करवाएं।विनीश ने बताया कि उन्हें वर्ष 2015 में टीबी का संक्रमण हुआ था। तेज खांसी और बुखार की समस्या काफी दिनों तक रही। शुरूआती दिनों में उन्होंने निजी अस्पताल में इलाज कराया, लेकिन पैसे की कमी के कारण वे सरकारी अस्पताल गईं। वहां डॉक्टर ने उन्हें समझाया कि टीबी का इलाज सरकारी अस्पताल में पूरी तरह से मुफ्त है और समय से दवाएं खाने से टीबी का संक्रमण खत्म हो जाएगा। वे पढ़ी-लिखी थीं, इसलिए डॉक्टर की बात समझ गईं। उनके पति उस वक्त कमाते नहीं थे और शराब पीते थे, इसलिए वे जैसे-तैसे काम करके अपना परिवार चलाती थीं। सरकारी चिकित्सालय में उन्होंने छह माह तक उपचार कराया। उस दौरान रिश्तेदार-पड़ोसी भी उनसे दूरी बनाने लगे थे, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और डॉक्टर के कहने पर अपना उपचार कराया और टीबी संक्रमण से मुक्त हो गईं। विनीश ने आगे बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत उन्हें पौष्टिक आहार का सेवन करने के लिए हर महीने 1000 रुपये की आर्थिक सहायता मिली। साथ ही, स्वयंसेवी संस्था मंडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने उन्हें गोद लिया और पोषण पोटली देने के साथ-साथ उनका सोशल स्टिग्मा दूर करने में भी सहयोग किया। संस्था ने उन्हें पौष्टिक व्यंजन पुस्तिका भी दी, जिससे उन्हें पौष्टिक आहार बनाकर खाने में मदद मिली और वे जल्दी स्वस्थ हो गईं। विनीश ने ठाना कि वह लोगों को बताएंगी कि सही समय पर टीबी की जांच व उपचार कराया जाए तो टीबी के संक्रमण से मुक्ति पाई जा सकती है। अब विनीश नौकरी करके अपने परिवार का जीवनयापन भी करती हैं और समुदाय स्तर पर जाकर मरीजों से भी मिलती हैं। वे उन्हें बताती हैं कि टीबी की दवा बीच में न छोड़ें, कोई भी परेशानी हो तो डॉक्टर को दिखाएं, और सही पोषण आहार लें तो टीबी का संक्रमण ठीक हो जाएगा। विनीश की इस पहल से निश्चित ही समुदाय में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोग समय पर इलाज करवाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधा वल्लभ ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को हल्का बुखार, खांसी, कमजोरी, वजन कम होने लगना आदि हो तो तुरंत ही टीबी की जांच कराएं। टीबी का उपचार एवं जांच की सुविधा किसी भी सरकारी चिकित्सा इकाई पर निःशुल्क उपलब्ध है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. संजीव यादव ने बताया कि टीबी ग्रसित व्यक्ति अपनी बीमारी को छिपाएं नहीं, यह एक आम बीमारी है।

## नई कार्यकारिणी एवं मनोनीत पार्षदों का महानगर अध्यक्ष ने किया स्वागत

मथुरा। भाजपा के जिला कार्यालय पर नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी का स्वागत एवं कार्यकर्ता परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में कार्यकताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मंचासीन नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं मनोनीत पार्षदों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में भाजपा मथुरा महानगर की नई कार्यसमिति को लेकर भी चर्चा हुई । प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी की संस्तुति के बाद घोषित कार्यसमिति में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मंच से पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मनोनीत पार्षदों विष्णु दास अग्रवाल, शिव कुमार रावत, जितेंद्र भारद्वाज, विष्णु सैनी, मुन्ना लाल निषाद, संजीव गुलाटी आदि उपस्थित रहे।

# परमाणु युद्ध की दहलीज पर खड़ी दुनिया





लोकमित्र

> हकीकत ये है कि अब अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम ईरान से युद्ध विराम करने के फिराक में है। जबकि ईरान न केवल अमरीका के हर हमले पर पलटकर जवाब दे रहा है बल्कि साफ शब्दों में कह दिया कि अगर युद्ध विराम चाहिए तो पहले हमारी 6 शर्तें माननी होंगी।

पश्चिम एशिया में जिस तेजी से सामरिक परिदृश्य बदल रहा है, उससे इजरायल, अमेरिका-ईरान जंग धीरे-धीरे परमाणु युद्ध की दहलीज पर आ खड़ी हुई है। जिस तरह जंग के 23वें दिन ईरान ने कई इजरायली शहरों पर कलस्टर बमों की झड़ी लगा दी और उसके डिमोना व अराद जैसे परमाणु शोध के सबसे संवेदनशील शहरों को निशाना बनाया, उससे भले इजरायल ईरान को घुटनों में ला देने की धमकियां दे रहा हो, लेकिन सैन्य विशेषज्ञों के मुताबिक सच्चाई तो यह है कि इजरायल के होश फाख्ता हो गये हैं। 28 फरवरी 2026 को जिस आक्रामक तरीके से इजरायल और अमरीका ने मिलकर ईरान पर महज कुछ घंटों के भीतर 50 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा के बम बरसाये थे और ईरान के टॉप लीडर अयातुल्ला खामनेई सहित 9 शीर्ष राजनेताओं और 11 से ज्यादा वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को पहले ही दिन मार डाला था, उससे दुनिया को यह संदेश देने की कोशिश हुई थी कि ईरान के विरूद्ध तो अमेरिका और इजरायल चंद घंटों में ही जंग खत्म कर देंगे। लेकिन 22 मार्च 2026 को 23वें दिन और 23 मार्च 2026 को 24वें दिन भी न सिर्फ ईरान दोहरी ताकत से पलटवार कर रहा है बल्कि किसी भी ईंट का जवाब पत्थर से दे रहा है। हकीकत ये है कि अब अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम ईरान से युद्ध विराम करने की बेसब्री से फिराक में है, तब ईरान न केवल अमरीका के हर हमले को पलटकर जवाब दे रहा है बल्कि साफ शब्दों में कह दिया कि अगर युद्ध विराम चाहिए तो पहले 6 शर्तें माननी होगी। ईरान की ये शर्तें हैं-

- भविष्य में दोबारा युद्ध नहीं होगा, इसकी गारंटी।
- मध्य पूर्व में अमरीका की जो 38 सैन्य ठिकाने हैं, उनको बंद किया जाए।
- ईरान को इस युद्ध में अब तक हुए सारे नुकसान की मुआवजा देकर भरपायी की जाए।
- मध्य पूर्व में चल रहे सभी युद्ध खत्म किए जाएं।
- होर्मुज स्ट्रेट के नये नियम बनाए जाएं।
- ईरान के खिलाफ मीडिया पर कार्यवाई की जाए।

इस तरह भले अमरीका में इजरायल के राजदूत येचिएल लीटर कह रहे हों कि वो ईरान को घुटनों पर लाकर ही दम लेंगे। लेकिन खुली नजरों से इस जंग पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि अब तो यह महज इजरायल की धमकी लगी है। क्योंकि इजरायली राजदूत की प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म होते-होते ही ईरान राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने गरजकर कहा कि हम किसी भी हमले का न सिर्फ जवाब देंगे बल्कि अगर ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया, तो होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह से बंद कर देंगे, जिससे पूरी दुनिया तेल संकट से घिर जायेगी। इजरायल भले ईरान को लेकर लापरवाह बयान और बार-बार मिटा देने की धमकी दे रहा हो, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके मुख्य सलाहकारों में से दो सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ ने वास्तव में ईरान की धमकियों को गंभीरता से लिया है, शायद यही कारण है कि एक्सियोज न्यूज के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप अपने सलाहकारों के साथ इस बात पर गंभीरता से चर्चा कर रहे हैं कि सीजफायर की कोई राह कैसे निकले?

## मध्य पूर्व युद्ध

हालांकि उन्होंने ईरान की मुआवजा संबंधी शर्त को न केवल मानने से इंकार कर दिया है बल्कि अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में यह धमकी भी दी थी कि अगर 48 घंटों के भीतर ईरान का होर्मुज स्ट्रेट को लेकर रवैय्या नहीं बदलता तो उसके ऊर्जा ठिकानों पर बमबारी की झड़ी लगा दी जायेगी। हालांकि अब ट्रंप ने इस धमकी की टाइमलाइन को पांच दिनों तक के लिए बढ़ा दिया है। अब अगी ट्रंप अपने कहे को नाक का बाल बनाते हैं और सचमुच ट्रंप पागलपन में उतरे तो सैन्य विशेषज्ञों को शक है कि सीमित प्रभाव वाला ही सही, पर परमाणु युद्ध भी छिड़ सकता है। लेकिन अगर परमाणु युद्ध न भी छिड़े और जिस तरह दोनों तरफ से एक दूसरे पर हमलों की झड़ी लगी हुई है, अगर ये भी अगले एक हफ्ते तक जारी रहा, तो दुनिया की अर्थव्यवस्था पटरी से उतरने लगेगी। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने दुनिया को चेतावनी दी है कि ईरान जंग दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। 22 मार्च 2026 को कैनबरा में उन्होंने कहा, जंग के हालात बेहद खराब हैं यह अगर सिर्फ कुछ दिन यानी एक सप्ताह तक भी यह जारी रही, तो पूरी दुनिया तेल और गैस संकट में फंस जायेगी। उन्होंने साफ कहा कि हालात ऐसे हो गये हैं कि दुनिया का कोई भी देश इससे बच नहीं पायेगा और पूरी दुनिया की तेल व गैस सप्लायी चेन पूरी तरह से बाधित हो जायेगी। सवाल ये है कि जब धोखे-धोखे में और कुछ घंटों में निपटा देने के इरादे से ये जंग शुरू हुई थी, वह जब इस खतरनाक मोड़ पर आ पहुंची है, तो क्या इसे थामने, इसे रोकने या इसे धीमा करने का सारा दारोमदार अब केवल उन देशों पर ही रह गया है, जो सीधे-सीधे आमने-सामने हैं? नहीं। अब इस सरलीकरण से बचना होगा। अब दुनिया की कई दूसरी ताकतों को आगे बढ़कर इस खतरनाक हो चली जंग पर दखल देना ही होगा और इसमें यूरोप के साथ बड़ी भूमिका भारत की भी हो सकती है। भारत एक मात्र ऐसी बड़ी राजनीतिक ताकत है, जिसके इस युद्ध में शामिल तीनों पक्षों के साथ अच्छे रिश्ते हैं। अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप चाहे जिस भी वजह से कहते हों, लेकिन वह कोई ऐसा एक हफ्ता नहीं गुजरने देते, जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सबसे अच्छा दोस्त न कहते हों। दूसरी तरफ सच्चाई ये है कि इस जंग से शुरू होने के ठीक दो दिनों पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इजरायल की यात्रा की थी और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने उन्हें अपना दोस्त और दुनिया के महत्वपूर्ण राजनेताओं में शुमार करते हैं। साथ ही इस जंग का सबसे संवेदनशील पहलू यानी ईरान भी भले दुनिया के दूसरे देशों को इतना महत्व न देता हो, लेकिन पिछले 72 घंटों में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने प्रधानमंत्री मोदी से न सिर्फ दो बार बात की है बल्कि साफ शब्दों में कहा है कि ब्रिक्स के अध्यक्ष होने के नाते मोदी इस युद्ध को रुकवाने में अपनी भूमिका निभाएं। गौरतलब है कि पिछले 72 घंटों में पूरी दुनिया में इस युद्ध को लेकर सिहरन बढ़ गई है और यूरोप से लेकर दक्षिण अफ्रीका तक हर महत्वपूर्ण और बड़े राजनेता के माथे पर परेशानियों की लकीर देखी गई है, क्योंकि यह जंग बिना रुके आगे बढ़ रही है बल्कि परमाणु युद्ध की दहलीज पर पहुंच गई है।

जिस तरह से ईरान ने इजरायल के डिमोना और अराद जैसे शहरों को निशाना बनाया, जिसे वह हमेशा इस जंग से बिल्कुल दूर रखने की कोशिश कर रहा था, उससे इजरायल में तो हड़कंप मचा ही है। दूसरी महत्वपूर्ण बात ये है कि ईरान ने जिस तरह हिंद महासागर में स्थित ब्रितानी और अमरीका के साझे सैन्य ठिकाने डियागोगार्सिया तक मिसाइल हमला किया है, उससे साफ है कि अभी तक दुनिया को यही मालूम था कि ईरान के पास 2000 से 2500 किलोमीटर तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलें ही हैं, लेकिन लगभग 4000 किलोमीटर दूर डियागोगार्सिया पर उसने जिस तरह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है, उससे बात साफ हो गई है कि पूरा यूरोप उसके निशाने की जद में है। इसलिए अब भारत जैसे देश को कूटनीतिक कमर कसकर आगे आना ही होगा ताकि दुनिया युद्ध की आग में राख होने से बच सके। क्योंकि भारत पूर्व की गुटनिरपेक्ष ताकत होने के कारण न सिर्फ अपना असर रखता है बल्कि बड़े उपभोक्ता बाजार होने के कारण दुनिया की हर आर्थिक शक्ति उसके बाजार में कारोबार करने के लिए लालायित हैं। भारत को अपनी इस हैसियत का फायदा उठाना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी को बढ़कर सचमुच युद्ध रुकवाने का प्रयास करना चाहिए।

# युद्ध विराम के प्रयास

ईरान युद्ध में अमरीका की ओर से कुछ सुखद संकेत आये हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि वह अमरीकी सैनिक नहीं भेजेंगे। यह भी कि ट्रंप के मुताबिक ईरान से बातचीत हुई है और इस कारण ईरान के पावर इन्फ्रा पर हमले को पांच दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। ट्रंप के मुताबिक अमरीका युद्ध जीत चुका है। ईरान का पूरा नेतृत्व समाप्त हो चुका है। अब शीघ्र ही सामान्य हालात होंगे। अमरीका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट का बयान आया है कि ईरान पर से तेल की पाबंदियां हटाई जा सकती हैं। समुद्र में जिन जहाजों, टैंकरों में ईरान का तेल है, वह उसे किसी भी देश को बेच सकेगा। शीघ्र ही फैसला लिया जा सकता है। अमरीकी राष्ट्रपति ने युद्ध की समाप्ति के संकेत दिए हैं, लेकिन जब तक वह घोषणा नहीं करते और अपनी सेनाओं की वापसी का आदेश नहीं देते, तब तक सब कुछ अनिश्चित और अस्थिर है, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप की फितरत ही ऐसी है। दरअसल ईरान युद्ध के आयाम बिल्कुल बदल चुके हैं। अब यह 'तेल-गैस युद्ध' के खौफनाक, विध्वंसक चरण में प्रवेश कर चुका है। यदि अमरीका वाकई युद्ध समेटना चाहता है, तो पेंटागन ने अमरीकी कांग्रेस (संसद)



से 200 अरब डॉलर, यानी 18.64 लाख करोड़ रुपये, के अतिरिक्त फंड की मांग क्यों की है? यह बेहद मौजू सवाल है। यदि भारत के शेयर और कारोबारी बाजार की बात करें, तो युद्ध के 20 दिनों में ही 37 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके हैं। गत 19 मार्च को एक ही दिन में करीब 14 लाख करोड़ रुपये डूब चुके हैं। ये सिर्फ वित्तीय सेवाओं, संस्थानों और कॉरपोरेट के ही नुकसान हैं। समग्र नुकसान अनंत, असीम हो सकता है। विशेषज्ञों का आकलन है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें, लंबे वक्त तक, 120 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहीं, तो वित्त वर्ष 2027 में देश की जीडीपी बढ़ोतरी और कॉरपोरेट आय पर बुरा असर पड़ना तय है। भारत 19 लाख करोड़ रुपये का निर्यात खाड़ी देशों को करता है, जो युद्ध के कारण बाधित है, जाहिर है कि अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। ईरान के जिस 'साउथ पार्स गैस प्लांट' पर इजरायल ने विनाशकारी हमला किया था, वह 1800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस का सर्वाधिक उत्पादन करता है। पार्स अकेले ही 13 लंबे सालों तक दुनिया की गैस-जरूरतों की आपूर्ति कर सकता था। प्राकृतिक गैस उत्पादन में ईरान, अमरीका और रूस के बाद, तीसरा सबसे बड़ा गैस उत्पादक देश है। प्राकृतिक गैस 'ईरान की लाइफलाइन' रही है, क्योंकि वहां 80 फीसदी बिजली प्राकृतिक गैस से ही बनाई जाती रही है। उस प्लांट को जला कर खाक कर दिया गया है। चूंकि इस क्षेत्र में कतर भी साझेदार है, लिहाजा वह भी इतना प्रभावित हुआ है कि उसने एलएनजी का उत्पादन ही बंद कर दिया है। सबसे भीषण हमला कतर के 'रास लफान' एलएनजी प्लांट पर ईरान ने किया। नतीजतन कतर की गैस निर्यात क्षमता 17 फीसदी नष्ट हो गई है। भारत कतर से 47 फीसदी एलएनजी और 25 फीसदी रसोई गैस (एलपीजी) लेता रहा है। चीन और जापान भी इसी पर निर्भर रहे हैं। कतर से ही एशिया और यूरोप के अन्य देशों को भी गैस आपूर्ति होती रही है। यदि एलएनजी नहीं मिलेगी, तो यूरिया खाद का उत्पादन भी संकट में पड़ सकता है। यदि खाद की कमी होगी, तो फसलें भी कम होंगी। इन विनाशकारी हमलों ने ऊर्जा-संकट के साथ-साथ खाद्य-संकट की संभावनाएं भी पैदा कर दी हैं। ईरान ने 'साउथ पार्स' हमले से तिलमिला कर ही इजरायल समेत 9 देशों पर विध्वंसक मिसाइलों से हमले किए। यदि युद्ध यहीं थम जाता है, तो तबाह तेल-गैस ठिकानों, प्रतिष्ठानों और रिफाइनरियों के पुनर्निर्माण में कमोबेश 3-5 साल का वक्त लगेगा। अरबों रुपये खर्च करने पड़ेंगे। सबसे अहम यह है कि इस कालखंड में युद्ध नहीं होना चाहिए। अमरीका-इजरायल और ईरान ने इन बर्बादियों से हासिल क्या किया? मिट्टी-मलबा, खंडहर, बंजर जमीन और धधक कर खाक होते तेल-गैस प्लांट! दरअसल युद्ध से कुछ हासिल नहीं होता है इसलिए ट्रंप ने पांच दिन हमले न करने की जो बात कही है, उस बीच बातचीत होनी चाहिए ताकि युद्धविराम हो सके।

## विचार

जब कोई प्रतिभाशाली हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसको इस लक्षण से पहचाना जाता है कि सभी मूर्ख उसके विरुद्ध खड़े हो जाते हैं।

-स्विफ्ट.

पापी पेट! तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

जो मनुष्य निरुत्साह, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।

-वाल्मीकि रामायण.

छोटी-छोटी वस्तुओं को संगठित करने से भी कार्य सिद्ध हो जाता है, जैसे घास की बंटी हुई रस्सियों से मतवाले हाथी बांधे जाते हैं।

- हितोपदेश.

## सोशल मीडिया



पूर्ण ब्रह्म पूर्णावतार श्री श्री हरिचांद ठाकुर के 215वें पावन प्राकट्य के मौके पर आयोजित पवित्र मतुआ धर्म मेला व पवित्र स्नान के पर मतुआ भाई-बहनों को शुभकामनाएं। अमित शाह.



आधी आबादी की पूरी आजादी व उनकी हिफाजल के साथ साथ उनके हक अधिकार और सशक्तीकरण व सबलीकरण के लिए हम सब सदैव कटिबद्ध हैं। अखिलेश यादव.



जनपद प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। योगी आदित्यनाथ, सीएम.

# ज्ञान-विज्ञान का पराभव

अंतर्दृष्टि

मध्यकालीन युग में भारत के परम्परागत गौरव, ज्ञान-विज्ञान एवं आध्यात्म का भारी पतन हुआ। अंधकार के इस युग ने स्वर्ण जैसी भारत भूमि की सारी विशेषताओं का अपहरण कर लिया। पतन और पराभव ही रह गया, अब हम दानी नहीं याचक बनकर रह गये। शासन अर्थ, शिक्षा, विज्ञान आदि भौतिक क्षेत्रों में ही नहीं सांस्कृतिक दृष्टि से भी भरतवर्ष आयातक भर है। निर्यातक बनने की स्थिति तो अभी तक नहीं बन पायी। इस दृष्टि से ईसाई मिशन निर्यातक होने का गौरव प्राप्त करते हैं। इस देश के साधु बाबा, धर्म प्रचारक और दूसरे लोग कभी विदेश जाते हैं तो लालच की आंखें और याचना की झोली भर लेकर बाहर पहुंचते हैं। बहाने बनाने के हजार रास्ते हैं। मांगने के लिए भी अनेक सच्चे-झूठे कारण एवं पाखण्ड खड़े किये जा सकते हैं। दृष्टि तो वही रही जिसके कारण उनके प्रति जनसाधारण की श्रद्धा घटती और प्रभावोत्पादक सामर्थ्य मिटती है। यहां चर्चा समर्थ देशों से राजनीतिक वैज्ञानिक आर्थिक याचना के होते रहने वाले प्रयत्नों की नहीं हो रही वह दूसरे लोगों के सोचने की बात है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक एवं राजनीतिक सामंजस्य एवं संतुलन के निर्धारण का दायित्व एक वर्ग विशेष पर है। इन पंक्तियों में उस सांस्कृतिक दरिद्रता का उहापोह चल रहा है जिसके कारण पूर्वजों की भांति भारत भूमि के देव पुत्र विश्व मानक को वह भी नहीं दे पाते जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। जबकि इस गई गुजरी स्थिति में भी दे सकने के योग्य उनके पास बहुत कुछ है। सर्वविदित है कि भौतिकवादी दृष्टिकोण और सम्पन्नता के दुरुपयोग ने नैतिक मूल्यों का बुरी तरह ह्रास किया है। फलतः पारस्परिक स्नेह सहयोग में भारी कमी आयी है। स्वार्थपरता और निष्ठुरता बढ़ने से सारा प्रचलन ही उलट गया है और विषाक्त वातावरण ने जनजीवन को अनिश्चित, अशान्त और आतंकित करके रख दिया है। इन दिनों समृद्धि तो निश्चित रूप से बढ़ी है पर साथ ही यह भी स्पष्ट है कि पूर्वजों को स्वल्प साधन वाली स्थिति की तुलना में वह अत्यंत तुच्छ और कष्ट कारक बनकर रह रही है। इस व्यापक विपन्नता को दूर करने के लिए भारत अभी भी इस स्थिति में है कि पूर्वजों के प्रतिपादनों और निर्धारणों से अवगत कराते हुए, विश्व मानस को यह सुझाये कि विनाश के कगार पर खड़ी सभ्यता को पीछे लौटने और शान्ति पूर्वक जीने का क्या तरीका हो सकता है। निःसंदह भारत बहुत कुछ खो चुका है। उसके पास जो बचा है, अस्त-व्यस्त और नष्ट भ्रष्ट है फिर भी उसके कुछ टुकड़े ऐसे हैं जिन्हें अभी भी डूबते को तिनके के सहारे प्रयुक्त किया जा सकता है।

# जो फेल होगा, वही राजा बनेगा

व्यंग्यलोक

इन दिनों परीक्षाओं का चक्रव्यूह चल रहा है। इधर-उधर पास कराने वाले गिरोह पनप रहे हैं। वे बच्चों को पास होने के लिए उकसा रहे हैं। इस गिरोह में शिक्षक भी शामिल है। वे बच्चों को पढ़कर पास होने जैसे घटिया कामों की ओर प्रवृत्त कर रहे हैं। ऐसे झांसेबाज शिक्षकों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। जो पढ़ेगा, वह बस पढ़ता ही रह जाएगा। जो फेल होगा वही एक दिन राजा बन जाएगा। चुनाव लड़ जाएगा और फटाक से शिक्षा मंत्री हो जाएगा। इसलिए हर कोई फेल होना चाहता है। लेकिन फेल होना हर किसी के भाग्य में नहीं है! कमबख्त परीक्षक! वे खाली कॉपी में भी सफाई के नंबर देकर पास के चक्रव्यूह में फंसा देते हैं। ये तमाम शिक्षकों-परीक्षकों की साजिश है! जाने कैसे वे पास कर देते हैं? अगला साल भर फेल होने के लिए मेहनत करता है। लेकिन उस पर पानी फेर देते हैं। परीक्षा की कॉपियां परीक्षकों के बच्चे ही जांचते हैं और वे पास कर देते हैं। आखिर परीक्षक भी करें तो क्या? कमबख्त! फेल होना किसे अच्छा नहीं लगता है? बच्चे लोग फेल होने के लिए रात-दिन मेहनत भी करते है। ऐसे में जिनके इरादे और हौसले बुलंद हो तो निश्चित ही वे फेल होने के लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। वे शानदार ढंग से फेल होकर सबके लिए एक नई मिशाल पेश करते है। कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती, ये बात तो हर कोई कहता है। लेकिन अगर बार-बार कोशिश करने के बाद भी फेल न हो सकें तो फिर क्या करें? इस बात को कोई नहीं बताता। यदि ट्राई अगैन का फामूर्ला पूरा समझना है तो गुरुओं से समझो। अगर एक-दो बार कोशिश करने के बाद भी फेल नहीं हो तो क्या किया जाए? गुरु कहते हैं कि फेल होना ही जिंदगी का असली मकसद होना चाहिए। फेल होने में ही जिंदगी का सार है। जो फेल होता है वही संसार में सब पर राज करता है। जो पास हो जाते हैं, वे पढ़ते ही जाते हैं। फिर कोई छोटी सी नौकरी लग जाती है। फिर उसके बाद भी पढ़ते ही रहते। जिंदगी में पढ़ते-पढ़ते सड़ जाते हैं। इसलिए फेल होने में ही जिंदगी का असली आनंद आता है। जी भर कर कोशिश करते रहिए और फेल होने के लिए दम भरते रहिए। ए दोस्त, तेरी जिन्दगी की राह में पास कराने वाले हजारों दुश्मन आएंगे। असली खुशियां जब होगी जब आप फेल होकर दुनिया में अपना नाम रोशन कर जाएंगे। यहां सतत संघर्ष फेल होने का चल रहा है। गुरु परीक्षा में पास करने की साजिश रच रहा है। ए दोस्त हारना मत! फेल होने के लिए पूरा जोर लगा देना। बढ़िया तरीके से फेल होने के लिए पूरी अप्रोच लगा देना। जीवन के संघर्ष में पास होकर टूटा भी हूं और परेशान भी हूं मैं। लेकिन ए जिंदगी मैंने हार नहीं मानी और इस बार फेल होकर बहुत निखरा भी हूं मैं। जीवन के सफर में जो फेल होकर आगे बढ़ता जाता है।


रामविलास जॉगिड़

# मध्यपूर्व में युद्ध का संकट और भारत की चुनौतियां



कूटनीति

सरिल राज

आज दुनिया एक ऐसे दौर से गुजर रही है जहां पिछले लगभग 5 वर्षों से बना वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक ढांचा धीरे-धीरे बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव—खासकर अमरीका - इजराइल और ईरान के बीच टकराव ने आर्थिक और रणनीतिक व्यवस्था को भी हिला रखा है। आज मिडिल ईस्ट में जो उथल-पुथल दिखाई दे रही है, कई विशेषज्ञ उसे इसी बदलते वैश्विक संतुलन का संकेत मान रहे हैं। भारत के लिए यह समय केवल संकट का नहीं है—यह एक ऐसा दौर भी हो सकता है जहाँ चुनौतियों के बीच नयेअवसर भी पैदा हों।

पिछले कई दशकों से वैश्विक अर्थव्यवस्था एक खास व्यवस्था पर टिकी रही है। खाड़ी देश अपना तेल डॉलर में बेचते हैं और उस तेल से होने वाली कमाई का बड़ा हिस्सा अमेरिका की अर्थव्यवस्था—उसके बैंकों और शेयर बाजार—में निवेश करते हैं। इसी व्यवस्था को पेट्रो डॉलर सिस्टम कहा जाता है। इसी व्यवस्था ने डॉलर को दुनिया की सबसे मजबूत मुद्रा बना दिया। लेकिन अब हालात बदलते दिखाई दे रहे हैं। मिडिल ईस्ट में युद्ध और बढ़ते तनाव के कारण खाड़ी देशों में यह सवाल उठने लगा है कि क्या अमेरिका सच में उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देता है या केवल अपने रणनीतिक हितों को। अगर किसी कारण से खाड़ी देश अपनी ट्रिलियन डॉलर की अमेरिकी संपत्तियां कम करना शुरू कर देते हैं, तो इसका असर सिर्फ अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। वॉल स्ट्रीट से लेकर दुनिया के वित्तीय बाजारों तक इसका झटका महसूस किया जा सकता है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता बढ़ सकती है और कर्ज भी महंगा हो सकता है और वैश्विक महंगाई दर आसमान की ऊंचाई छू सकती है।

**आईएमईईसी कॉरिडोर पर युद्ध का असर:** भारत ने हाल के वर्षों में एक बड़ी रणनीतिक पहल की थी—इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरीडोर। इसका उद्देश्य भारत को खाड़ी देशों के रास्ते सीधे यूरोप से जोड़ना था, जिससे व्यापार तेज हो सके और चीन के बेल्ट एंड रोड एनिसिएटिव को एक मजबूत विकल्प दिया जा सके। लेकिन मौजूदा युद्ध ने इस योजना की सबसे अहम कड़ी अर्थात इजराइल को ही संघर्ष के केंद्र में ला दिया है।

जब तक मिडिल ईस्ट में स्थिरता नहीं आती, तब तक सऊदी अरब या जॉर्डन जैसे देश इजराइल के साथ किसी बड़े व्यापारिक प्रोजेक्ट पर तेजी से आगे बढ़ने में हिचक सकते हैं। इसका मतलब यह है कि फिलहाल यह महत्वाकांक्षी परियोजना और लंबे समय तक ठडे बस्ते में जा सकती है।

**संकट के बीच अवसर**

इतिहास हमें यह भी सिखाता है कि जब दुनिया में बड़े बदलाव होते हैं, तो कुछ देशों के लिए नए अवसर भी पैदा होते हैं। भारत के सामने ऐसे तीन संभावित अवसर दिखाई देते हैं-

- पहला अवसर 'डॉलर पर निर्भरता को कम करना।' यदि भारत खाड़ी देशों के साथ तेल का व्यापार रुपये में करने की दिशा में आगे बढ़ता है, तो इससे डॉलर पर निर्भरता कम हो सकती है और भारतीय मुद्रा की भूमिका मजबूत हो सकती है।

- दूसरा अवसर 'निवेश का नया केंद्र।' यदि वैश्विक निवेशक या खाड़ी देशों के फंड अमेरिका से कुछ पूंजी निकालते हैं, तो उन्हें नये और सुरक्षित बाजारों की तलाश होगी।

- तीसरा अवसर 'चीन का विकल्प'। आज दुनिया की कई कंपनियाँ 'चाइना प्लस वन' रणनीति अपना रही हैं, यानी वे चीन के अलावा किसी दूसरे देश में भी सप्लाई चेन स्थापित करना चाहती हैं। भारत अपनी जनसंख्या, बाजार और लोकतांत्रिक व्यवस्था के कारण इस रणनीति का बड़ा लाभ उठा सकता है। लेकिन भारत के सामने कुछ गंभीर चुनौतियाँ भी हैं जैसे-

**ऊर्जा सुरक्षाः** भारत अपनी लगभग 80 प्रतिशत तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। यदि मिडिल ईस्ट में संघर्ष लंबे समय तक चलता है, तो और 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' जैसे अहम समुद्री रास्ते प्रभावित होते हैं, जो कि इस समय बाधित हो गयी हैं, तो तेल की कीमतें आसमान पर पहुंच जायेंगी। इसका सीधा असर भारत की महंगाई और अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

प्रवासियों की सुरक्षााः खाड़ी देशों में लगभग 90 लाख भारतीय काम करते हैं। वहां से आने वाली रेमिटेंस भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। युद्ध लंबा चलने या भीषण संघर्ष की स्थिति में उनकी सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता एक बड़ा मुद्दा बन सकती है। कूटनीतिक संतुलन को बनाये रखना भी मिडिल ईस्ट युद्ध में बड़ी चुनौती होगी।

## आप की बात

### स्वास्थ्य सेवा की दशा

लोक कल्याणकारी राज्य की पहली प्राथमिकता अपने सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मुहैया कराने पर होनी चाहिए। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते। इससे प्राइवेट अस्पताल का कामकाज बढ़ता और सरकारी अस्पतालों का बोझ कम होता।

**अवनीश शर्मा, लखनऊ.**

### गेमचेंजर बनेगी जीएसटी

देश में प्रस्तावित जीएसटी सुधारों से न सिर्फ महंगाई से बड़ी राहत मिलेगी लेकिन साथ ही आर्थिक प्रगति को भी पंख लगेंगे। इसके साथ ही अगर पेट्रोल कीमतों में भी कुछ कटौती जो जाये तो देश में महंगाई से बड़ी राहत के साथ विकास का भी आशाजनक माहौल बनेगा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की घटती कीमतों के मददेनजर यह जरूरी है कि सरकार पेट्रोल एवं डीजल के दामों में कुछ राहत प्रदान करे। सरकार मंहगायी कम करने के लिए सीधे बाजार हस्तक्षेप करे। महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में कटौती की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। जीएसटी से महंगाई घटेगी। पेट्रोल के दाम भी कम हो जाये तो दीवाली ही बन जायेगी।

**विवेक कुमार प्रजापति, लखनऊ.**

संक्षेप

## रसोई गैस की किल्लत पर भड़की किसान यूनियन

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत तिकोनिया पार्क में महिला जिला अध्यक्ष सुमन पांडेय के नेतृत्व में आयोजित हुई। पंचायत में किसानों ने लंबित मांगों और घरेलू गैस की किल्लत को लेकर नाराजगी जताई प्रदर्शन करके जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा ने आरोप लगाया कि दर्शन नगर झलकारी वार्ड और कुशमाहा क्षेत्र में 29 मीटर सड़क निर्माण का टेंडर होने के बावजूद भी काम नहीं शुरू हुआ पूर्व में नगर निगम में प्रदर्शन करने के बाद कार्य शुरू हुआ लेकिन फिर बंद हो गया इससे स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत को संबोधित करते हुए सुमन पांडेय और प्रदेश सचिव श्री राम वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान बड़ा आंदोलन करेंगे। पंचायत में युवा जिला अध्यक्ष सरवर सैनी उपाध्यक्ष गोलू गोस्वामी जिला संगठन मंत्री राम प्रकाश वर्मा महानगर अध्यक्ष बाबूराम तहसील आदि उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद




जिला संवाददाता

**सोहावल-अयोध्या।** सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर सोहावल तहसील में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी गौरव ग्रोवर ने जनता की फरियादें सुनी। बिना अवकाश अनुपस्थित रहने वाले विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रोहित जैन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। दिवस में कुल 140 मामले सामने आए, जिनमें से चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया दिवस पर सुनवाई के दौरान धमसा दीन पुत्र टेकई निवासी पिरखौली की विद्युत विभाग के विरुद्ध 47 वीं बार की गई शिकायत की पूछताछ पर गैर हाजिर मिले क्षेत्रीय अधिशाषी अभियंता के विरुद्ध एक दिन का वेतन काटने का निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कड़ा रुख दिखाया। भाकियू नेता फरीद अहमद ने करोड़ों रुपए की लागत से कागजों में बन कर तैयार हुई पानी की टंकी आज तक न चलने वाली पुराने पानी टंकी की शिकायत की जाँच पर जल निगम के अभियंता को कड़ी फटकार लगाई और पूरी जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। दोपहर बारह बजे पहुंचे जिले के दोनों जिम्मेदार अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज करने वालों में सबसे ज्यादा राजस्व विभाग के मामले रहे। जिन्हें टीम बनाकर जांच करने का निर्देश जारी किया गया। पुलिस, बिजली और भूमि पर अवैध कब्जेदारों से जुड़ी शिकायतें ज्यादा सामने आई। जिन्हें लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मौजूद अन्य लोगों में उप जिलाधिकारी सविता , सीओ सदर अरविंद सोनकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या देवेन्द्र कुमार भिटोरिया नायब तहसीलदार रेशू जैन, राजस्व निरीक्षक, संबंधित थानों के निरीक्षक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम और एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित



**बहराइच।** चजनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर ह्वसम्पूर्ण समाधान दिवसह्व का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तहसील सदर में उपस्थित रहकर ह्वसम्पूर्ण समाधान दिवसह्व की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण करने तथा निस्तारित प्रार्थना पत्रों की आख्या समय से प्रेषित करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा कुछ शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित कर मौके पर जाकर जाँचकर निस्तारण करने हेतु रवाना किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर महोदय, राजस्व व प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, 43 शिकायतों का हुआ तत्काल निस्तारण




**बाराबंकी।** जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण किये जाने को लेकर तहसील फतेहपुर में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुन पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर त्वरित राहत प्रदान की। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को भूमि विवाद, सरकारी रास्ते, चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन, आवास एवं अन्य जनसामान्य से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। जनपद में समस्त तहसीलों में विभिन्न संदर्भों में से संबंधित कुल 291 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर से 43 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

## 28 को एआरटीओ कार्यालय पर होगी बंद वाहनों की नीलामी प्रक्रिया

**बाराबंकी।** पुलिस थानों में लंबे समय से बंद या जब्त वाहनों की नीलामी प्रक्रिया आगामी 28 मार्च को सुबह 10 बजे उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय पर आयोजित होगी। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि जनपद के बड्डूपुर, मसौली, बदोसराय, कोतवाली, कुर्सी, लोनीकटरा, उमरा कुर्सी थानो मे बंद वाहनो की पारदर्शी तरीके से नीलामी प्रक्रिया आगामी 28 मार्च को सुबह 10 बजे आयोजित होगी। नीलामी से पहले सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की जा चुकी है। नीलामी मे बोली मे भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति वाहनवार टोकन प्राप्त करने हेतु सुबह 10 से 11:30 बजे के मध्य निर्धारित प्रारूप पर अपनी फोटो, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत करें। 11:30 बजे के बाद बोली लगाने की प्रक्रिया आरम्भ होगी।

## महिला और पुरुष प्रतियोगिता वर्ष 2026 का शुभारंभ



**बहराइच।** स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में गोरखपुर जोन की 13वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी (महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष 2026 का आयोजन प्रारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के विभिन्न जनपदों–गोरखपुर, गोंडा, बस्ती, देवरिया, संतकबीरनगर, बहराइच, कुशीनगर एवं सिद्धार्थनगर–की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक (नगर), बहराइच महोदय द्वारा किया गया।इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह, सभी टीम मैनेजर, खिलाड़ीगण, पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित निर्णायक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

## गायत्री पब्लिक स्कूल में चोरी का प्रयास, पुलिस जांच में जुटी

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चैकी क्षेत्र के रेवतीगंज में स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल, रेवतीगंज में बीती रात चोरों द्वारा बड़ी वारदात को अंजाम देने का असफल प्रयास सामने आया है। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन की सतर्कता और स्थानीय लोगों की सक्रियता से संभावित बड़ी घटना टल गई। बताते चलें कि इधर कुछ समय से रेवतीगंज के आसपास चोर उचक्के ज्यादा सक्रिय हो गए हैं। हैरिंग्टनगंज चैकी प्रभारी आशीष सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुलिस चैकी हैरिंग्टनगंज में दी गई तहरीर के अनुसार, घटना के समय विद्यालय परिसर में उप प्रबंधक रमाशंकर शुक्ल मौजूद थे। रात करीब 9 बजे कुछ अज्ञात लोग बाउंड्री फांदकर परिसर में घुस आए और वहां खड़ी मारुति वैगन-आर, हुंडई आई टेन व टाटा मैजिक की चाबियां चुरा लीं। कुछ देर बाद परिसर में खड़ी एक कार की पार्किंग लाइट जलती देख संदेह हुआ। जब वह मौके की ओर बढ़े, तो एक संदिग्ध व्यक्ति पास में छिपा मिला, जो लोगों को आता देख बाउंड्री कूदकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए बगल में स्थित गोसाईं बाबा स्थल की झाड़ियों में जा छिपा। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और चैकी इंचार्ज हैरिंग्टनगंज को दी गई। मौके पर जुटे लोगों ने संदिग्ध को घेरने का प्रयास किया, लेकिन वह अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। हालांकि, घटनास्थल से चोर का जूता, टी-शर्ट और पास के स्थल से एक साइकिल बरामद हुई है, जिसे पुलिस ने साक्ष्य के रूप में कब्जे में ले लिया है। विद्यालय के उप प्रबंधक रमाशंकर शुक्ल का कहना है कि घटनाक्रम को देखते हुए प्रतीत होता है कि आरोपियों का उद्देश्य केवल वाहन चोरी ही नहीं, बल्कि किसी बड़ी वारदात को अंजाम देना भी था। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन और क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। सभी ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द घटना का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मिशन शक्ति 5.0' के तहत बाइक रैली जिलाधिकारी व एसपी ने दिखायी हरी झंडी




**फतेहपुर।** प्रदेश सरकार के सतत समृद्धि के नौ वर्ष पूर्ण होने तथा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 'मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण' अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित बाइक-स्कूटी रैली पटेल नगर चौराहासे निकाली गई जिलाधिकारी रविंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवंसशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना रहा।रैली में ह्लनारी सुरक्षा-नारी सम्मान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र सशक्तिकरणह्व जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई गई।इसके अलावा, प्रदेश सरकार की महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं तथा उनके अधिकारों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन प्रगति यादव, महिला थाना प्रभारी मय मिशन शक्ति टीम, प्रभारी निरीक्षक क्राइम थाना कोतवाली एवं विभिन्न पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनपद में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

बहराइच, । जनपद में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आज एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई।इसका औपचारिक शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलारगंज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया, जबकि इसी के साथ जनपद के सभी 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी एक साथ टीकाकरण सत्र शुरू किए गए।



जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद में लगभग 40 हजार किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह टीका 14 वर्ष की उन बालिकाओं को लगाया जा रहा है जिनका 14वां जन्मदिन पूरा हो चुका है लेकिन 15वां जन्मदिन अभी नहीं हुआ है।इस आयु वर्ग में दिया गया एचपीवी टीका भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है, जिसका प्रमुख कारण ह्लमानव पैपिलोमा विषाणुह्व संक्रमण माना जाता है।

उन्होंने बताया अभियान के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि बालिकाओं को खाली पेट टीका न लगाया जाए।टीकाकरण से पहले उन्हें भोजन कराने की सलाह दी गई, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

टीका लगाने के बाद बाएं हाथ की तर्जनी उंगली परचान चिह्न भी लगाया गया, जिससे टीकाकरण की निगरानी और पहचान में सुविधा हो सके।सीएमओ डॉ संजय कुमार ने अभिभावकों से अपील की है कि वे पात्र आयु वर्ग की सभी बालिकाओं को इस महत्वपूर्ण टीके से अवश्य लाभान्वित कराएं, ताकि भविष्य में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

इस अवसर पर शहरी नोडल अधिकारी डॉ पीके वर्मा, डबल्यूएचओ एसएमओ डॉ विपिन लिखोरे, पीएसआई से मनीष त्रिवेदी, यूनिसेफ डीएमसी दिलीप मिश्रा, यूएनडीपी से राजकुमार श्रीवास्तव, एआरओ मुशरफ व दीपक पाण्डेय व क्षेत्र की एएनएम और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

# टेट के विरोध में शिक्षक सरकार को दिखायेंगे अपनी ताकत



**अयोध्या।** टेट के विरोध में अयोध्या से एक हजार शिक्षक दिल्ली जाएंगे।ऐतिहासिक रैली के द्वारा केंद्र सरकार को अपनी ताकत का एहसास करायेंगे शिक्षक। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आगामी 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली की तैयारी के बाबत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-अयोध्या की एक बैठक प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस में संपन्न हुई,जिसका संचालन जिलामंत्री चक्रवर्ती सिंह ने किया। जिला कार्यसमिति एवं ब्लॉक इकाईयों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों ने तत्समय बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित अर्हताएं पूरी करने के पश्चात सेवारत हुए हैं।

इसलिए उन्हें टेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता का कानून न्यायोचित नहीं है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ डां दिनेश चंद्र शर्मा की अगुवाई में शिक्षक विरोधी कानून को वापस लेने हेतु आंदोलनरत है। संचालन कर रहे जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि पूरे देश में लगभग 20 लाख शिक्षक और उत्तर प्रदेश में ही लगभग दो लाख शिक्षकों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। लगभग 15 से 20 बर्षो तक शिक्षण कर चुके शिक्षकों को उनके अनुभव को दरकिनार करते हुए टेट परीक्षा के लिए बाध्य किया जाना निराशाजनक व अपमानजनक भी है। सरकार द्वारा प्रकरण को नजरंदाज किए जाने के कारण शिक्षक सड़कों पर उतरने को मजबूर है।

जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि बैठक में प्रत्येक ब्लॉक के अध्यक्ष ,मंत्री,कोषाध्यक्ष, ब्लॉक संघर्ष समिति के अध्यक्ष और मंत्री को एक बस दिल्ली ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।ट्रेन द्वारा भी शिक्षक दिल्ली रवाना होंगे।बैठक में अजय सिंह,अविनाश पांडे, सत्येंद्र गुप्ता,अनुज सिंह, महेंद्र यादव, अरविंद पाठक,ओपी यादव,सुमित सिंह,प्रवेश कुमार, रविंद्र गौतम,उद्धवश्याम तिवारी,संजय सिंह ,राजेश कुमार,मो गयासआदि मौजूद रहे।

## गांव की समस्याओं पर जिलाधिकारी को ज्ञापन तत्काल कार्रवाई की मांग

फतेहपुर अहिल्या आर्मी भारत एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल के नेतृत्व में आज जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया जिसमें ग्रामसरवल ब्लॉक असोथर मैं व्याप्त मूलभूत समस्याओं एवं आधे गांव की उपेक्षा पर तत्काल कार्यवाही हेतु जन आक्रोषपूर्ण विज्ञापन देकर मांग की गई की ग्राम सरविल की पीड़ित जनता की वह आवाज है जो वर्षों से अनसुनी की जा रही है ग्राम सरवल का आधा हिस्सा आज भी बदहाली कीचड़ और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन जीने को मजबूर जबकि समय-समय पर शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई यह स्थिति न केवल चिंताजना के बल्कि प्रशासनिक उदासीनता को भी पूजा कर करती है जब एक ही गांव का एक भाग विकास की ओर बड़े और दूसरा भाग आज भी दलदल और अभाव में फंसा रहे तो यह इस पर संकेत है कि कहीं ना कहीं व्यवस्था में गंभीर कमी है जमीनी सच्चाई यह है कि आधे गांव में आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हर जगह दलदल आम जनमानस का आवा गमन अत्यंत कठिन एम्बुलेंस एवं आपातकाल प्रभावित कई परिवार आज भी कच्चे मकान में रहने को मजबूर सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन की निष्क्रियता हमारी मांग जनता का अधिकार सरवल गांव के जिस हिस्से में सड़क खराब है वहां तत्काल पक्की सड़क सीसी रोड का निर्माण कराया जाए सभी पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ सिख दिया जाए नाली अपनी सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाए लापरवाही पर रखने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे जनता को लाभ मिल सके। इस मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## विश्व हिंदू महासंघ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियो ने सौंपा ज्ञापन




**बाराबंकी।** जनपद के नाका चौराहा का नाम बदलकर वंदे मातरम चैराहा किये जाने की मांग को लेकर विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष दीप्तांशु निगम के नेतृत्व मे पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी शिवकुमार को सौपा।इसके उपरान्त पराक्रम पत्रिका भेट की गई। इस मौके पर विश्व हिन्दू महासभा जिलाध्यक्ष श्री निगम ने कहा कि वन्दे मातरम् गीत के 151वी वर्षगांठ एंव शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के 95वी शहादत दिवस पर पूरे प्रदेश मे चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जनपद के व्यस्तम नाका चौराहे को वंदे मातरम चौराहा घोषित किये जाने की पुरजोर मांग करते है। शहीदो के सम्मान, उनकी स्मृति तथा उनके श्रद्धाजंलि स्थल के रुप मे एक प्रमुख चैराहो को वदे मातरम चैक रखने की अपील कर रहा है। ज्ञापन देने वालो में आशीष पाठक, रामू गुप्ता, तेज सिंग, श्याम कुमार, सोनू, शिवकेश शर्मा, मुकेश निगम, प्रमोद कुमार, छोटे लाल आदि मौजूद रहे।

**●नाका चौराहा का नाम बदल वंदे मातरम चौराहे किये जाने की पुरजोर मांग**

## उच्चस्तरीय निरीक्षण सम्पन्न

बहराइच। थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच अंतर्गत ग्राम सेमरहना में माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत आज दिनांक 23.03.2026 को श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र एवं पुलिस अधीक्षक, बहराइच द्वारा कार्यक्रम स्थल का विस्तृत एवं उच्चस्तरीय भौतिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की समग्र समीक्षा करते हुए यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्गों सहित समस्त बिंदुओं का गहन परीक्षण किया गया। उच्चधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर तैनात संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को सकुशल, सुव्यवस्थित समयसीमा में पूर्ण करने तथा विभिन्न एजेंसियों के मध्य समन्वय स्थापित करें।


## शहीद दिवस पर सीपीआई कार्यालय पर हुई श्रद्धांजलि सभा




**बाराबंकी।** अंग्रेजी साम्राज्यवाद की मुखबिरी करने वाले लोग भगत सिंह के सपनों के भारत को बनाने के मुख्य दुश्मन हैं। देश का भला तभी हो सकता है जब मुखबिरों से देश को आजादी मिलेगी। उक्त उद्गार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय पर आल इन्डिया स्टुडेन्ट्स फेडरेशन प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता मे 23 मार्च शहीद दिवस पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात व्यक्त किये। कार्यक्रम मे आल इन्डिया स्टुडेन्ट्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ब्रिटिश साम्राज्य वाद के खिलाफ भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव ने अप्रियतम बलिदान दिया था। वर्तमान सत्तारूढ़ दल की नीतियों के कारण अमेरिकी साम्राज्यवाद के गुलाम हो रहे है। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि गौरक्षा के नाम पर अराजक तत्वों के गैंग रात्रि वाहन चेकिंग कर वसूली करते हैं। और साम्प्रदायिकता फैलाते है। यह भगत सिंह जैसे महान क्रान्तिकारियों की शहादत को गलत दिशा में ले जा रहे हैं। पार्टी कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि भगत सिंह एक ऐसा समाज बनाना चाहते थे जिसमें शोषण अत्याचार मंहगाई बेरोजगारी व भुखमरी न हो। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालो मो0कदीर हसन, विनय कुमार सिंह, मुनेश्वर बक्स, प्रेमचन्द्र वर्मा, अमर सिंह, जितेन्द्र श्रीवास्तव, महेन्द्र यादव, आशीष शुक्ला, सच्चिदानन्द श्रीवास्तव, दीपक वर्मा, दीपक शर्मा, अम्बिका प्रसाद, आनन्द गुप्ता, अंकुल वर्मा, श्याम सिंह, आदित्य, अभय, आलोक, रीमा मौर्य, आफरीन सिद्दीकी, योगेंद्र सिंह मौजूद रहे।

**●अंग्रेजी साम्राज्यवाद की मुखबिरी करने वाले भगत सिंह के सपनों के भारत को बनाने के मुख्य दुश्मनः रणधीर सिंह सुमन**

## प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी आशा बहुओं को वितरित किया गया प्रमाण पत्र



बहराइच । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर ह्लउत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्षह्व के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में 18 से 26 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले 09 दिवसीय समारोह अन्तर्गत रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी बहराइच द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी 40 आशा बहुओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एडीपी के 05 इण्डीकेटर को संतृप्त करने एवं एबीपी हुजूरपुर के 06 इण्डीकेटर को शतप्रतिशत संतृप्त करने हेतु सम्पूर्णता के इण्डीकेटर स्वास्थ्य, पोषण, पशुओं का टीकाकरण विद्यालयों में पर्याप्त संख्या में बालिका शौचालय पर विस्तृत चर्चा की गयी

संक्षेप

## सैमसंग ने गैलेक्सी एस26 सीरीज के साथ 'क्विक शेयर' में जोड़ा एयरड्रॉप सपोर्ट

नयी दिल्ली। सैमसंग अपनी गैलेक्सी एस26 सीरीज में एयरड्रॉप सपोर्ट पेश कर रहा है, जिससे यूजर्स के लिए 'क्विक शेयर' का उपयोग करके डिवाइसेज के बीच कंटेंट शेयर करना और भी आसान हो जाएगा। यह फीचर 23 मार्च से चरणबद्ध तरीके से रोलआउट होना शुरू होगा, जिसकी शुरूआत कोरिया से होगी। इसके बाद इसे यूरोप, हांगकांग, जापान, लैटिन अमेरिका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण-पूर्वी एशिया और ताइवान सहित अन्य क्षेत्रों में विस्तारित किया जाएगा। एयरड्रॉप सपोर्ट शुरूआत में गैलेक्सी एस26 सीरीज पर उपलब्ध होगा, जबकि अन्य डिवाइसेज के लिए इसके विस्तार की घोषणा भविष्य में की जाएगी।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक की मुंबई इंडियंस से साझेदारी

मुंबई। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि उसने टी20 लीग 2026 के लिए मुंबई इंडियंस के साथ ऑफिशियल बैंकिंग पार्टनर के रूप में साझेदारी की है। यह रणनीतिक साझेदारी बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि इसके माध्यम से बैंक अपनी राष्ट्रीय पहचान को और गहरा कर रहा है और पूरे देश में लाखों क्रिकेट फैंस के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत बना रहा है। हमें मुंबई इंडियंस के साथ साझेदारी करके बेहद खुशी हो रही है क्योंकि यह एक ऐसी टीम है जिसने प्रदर्शन, नेतृत्व और फैंस के साथ जुड़ाव के मामले में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

## अजमल दुबई के ब्रांड एंबेसडर बने रणवीर

नई दिल्ली। अजमल दुबई ने रणवीर सिंह को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है, जो अपने नवीनतम अभियान के लॉन्च के साथ एक साहसिक नए अध्याय की शुरूआत का प्रतीक है। अपनी पीढ़ी के एक प्रभावशाली कलाकार और अंतिम शोमैन के रूप में पहचाने जाने वाले रणवीर सिंह, सुगंध के माध्यम से व्यक्तित्व का उत्सव मनाने की ब्रांड की विचारधारा को पूरी तरह से अभिव्यक्त करते हैं। यह सहयोग अजमल की समृद्ध परफ्यूमरी विरासत को एक समकालीन आवाज के साथ जोड़ता है, जो नई पीढ़ी के फ्रेगरेंस प्रेमियों के साथ गूंजता है।

## क्रॉम्पटन ने लॉन्च किया एमियो फ्रेश कोल्ड प्रेस जूसर

मुंबई। आज की तेज रफ़्तार जीवनशैली में, संतुलित पोषण बनाए रखना अक्सर पीछे रह जाता है। लंबे कार्यदिवस, व्यस्त दिनचर्या और सुविधा-आधारित खानपान के चलते दैनिक आहार में ताजे फल और सब्जियों को शामिल करना एक चुनौती जैसा लग सकता है। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, क्रॉम्पटन एमियो फ्रेश कोल्ड प्रेस जूसर पेश करता है, जिसे हर दिन स्वास्थ्यवर्धक विकल्प चुनना आसान हो जाता है। क्रॉम्पटन की विश्वसनीयता और विचारशील नवाचार की विरासत पर बना एमियो फ्रेश कोल्ड प्रेस जूसर उन उपभोक्ताओं के लिए बनाया गया है जो एक स्वस्थ, अधिक संतुलित जीवन शैली की ओर पहला कदम बढ़ाना चाहते है। सौम्य कोल्ड प्रेस तकनीक से संचालित, यह जूसर आवश्यक पोषक तत्वों, विटामिनों और एंटीऑक्सीडेंटों को संरक्षित करते हुए अधिकतम जूस निकालना सुनिश्चित करता है - जिससे हर गिलास एक स्वास्थ्यवर्धक आदत बन जाता है।


## टीटीके प्रेस्टीज का इलेक्ट्रो ड्यूओ 3600 डब्ल्यू लॉन्च

नयी दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने आज 'इलेक्ट्रो ड्यूओ 3600 डब्ल्यू' के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक स्मार्ट डबल कुकिंग स्टेशन है, जिसे गैस सिलेंडर की उपलब्धता और विश्वसनीयता से जुड़ी रोजमर्रा की चुनौतियों को दूर करने के लिए डिजाइन किया गया है। खाना पकाने के लिए एलपीजी पर बढ़ती निर्भरता के बीच, इलेक्ट्रो ड्यूओ 3600 डब्ल्यू घरों के लिए एक सुविधाजनक



और कुशल इलेक्ट्रिक विकल्प प्रदान करता है, जिससे घर पर बिना किसी रुकावट के खाना बनाना सुनिश्चित होता है। बेलनाकार समस्याओं का आयताकार समाधान के रूप में परिकल्पित, इलेक्ट्रो ड्यूओ 3600 डब्ल्यू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर पर निर्भरता कम करने के साथ-साथ तेज और अधिक लचीले कुकिंग अनुभव का आनंद लेने का एक व्यावहारिक तरीका प्रदान करता है।

# सेंसेक्स में 1837 अंकों की गिरावट




मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,837 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 602 अंक लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त होने के कोई संकेत नहीं होने के साथ वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से घरेलू बाजार में गिरावट रही। युद्ध अब चौथे सप्ताह में पहुंच गया है। इसके कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपये की विनिमय दर में गिरावट को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,836.57 अंक यानी 2.46 प्रतिशत टूटकर 72,696.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार दौरान, एक समय यह 1,974.52 अंक का गोता लगाकर 72,558.44 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 601.85 अंक यानी 2.60 प्रतिशत लुढ़ककर 22,512.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाइटन में सबसे अधिक 6.24 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरग्लोब एविएशन, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.97 प्रतिशत चढ़कर 113.3 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच कर गया। कमजोर वैश्विक संकेतों और बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को बाजारों में भारी बिकवाली देखी गई, जिससे मौजूदा गिरावट का रुख जारी रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण निवेशकों का भरोसा डगमगाया हुआ है....। तेल की कीमतों में उछाल, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी और रुपये के मूल्य में गिरावट ने जोखिम लेने की प्रवृत्ति को काफी हद तक प्रभावित किया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में संभावित कमी को लेकर चिंताओं के बीच एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के साथ घरेलू बाजारों में भारी गिरावट आई। होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 48 घंटे की चेतावनी के बाद निवेशकों का रुख सतर्क है। वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि ने बढ़ती मुद्रास्फीति और राजकोषीय चिंताओं का संकेत दिया है। जबकि रुपये के अबतक के सबसे निचले स्तर पर आने से बाजारों पर और दबाव पड़ा और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी शुरू हो गई। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 3.82 प्रतिशत टूटा जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप 3.66 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

# रुपया 50 पैसे टूटकर 94.03 प्रति डॉलर के नये रिकॉर्ड पर

मुंबई। रुपया सोमवार को 50 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 94.03 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया।

यह पहली बार है जब रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले टूटकर 94 प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गया है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के कारण घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, मजबूत अमेरिकी डॉलर और घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.84 पर खुला और पूरे दिन गिरावट में रहा। अंततः यह पहली बार 94 के स्तर को पार करते हुए 94.03 (अस्थायी) पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 50 पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को भी



रुपया 64 पैसे टूटकर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जिससे यह 93 के स्तर के पार चला गया था। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर घरेलू बाजारों के बीच रुपया पहली बार 94 के स्तर को पार कर गया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली ने भी रुपये पर दबाव डाला है। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपये पर दबाव बना रह सकता है। हालांकि, समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का हस्तक्षेप रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकता है। उन्होंने अनुमान जताया कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 93.60 से 94.40 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 99.78 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.11 प्रतिशत गिरकर 113.4 डॉलर प्रति बैरल पर था। घरेलू शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखी गई। सेंसेक्स 1,836.57 अंक (2.46 प्रतिशत) टूटकर 72,696.39 अंक पर और निफ्टी 601.85 अंक (2.60 प्रतिशत) गिरकर 22,512.65 अंक पर बंद हुआ।

## आरबीआई ने 2.53 अरब डॉलर खरीदे

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने जनवरी में हाजिर मुद्रा बाजार से शुद्ध रूप से 2.53 अरब डॉलर की खरीदारी की। आरबीआई ने सोमवार को जारी अपने मासिक बुलेटिन में यह कहा। केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर की यह खरीद लगातार सात महीनों की शुद्ध डॉलर बिक्री के बाद की है। आरबीआई ने पिछली बार, मई, 2025 में हाजिर मुद्रा बाजार से 1.76 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद की थी। मासिक बुलेटिन के आंकड़ों के अनुसार, आरबीआई ने दिसंबर में 10.02 अरब अमेरिकी डॉलर, नवंबर में 9.71 अरब अमेरिकी डॉलर, अक्टूबर में 11.88 अरब अमेरिकी डॉलर, सितंबर में 7.91 अरब अमेरिकी डॉलर, अगस्त में 7.69 अरब अमेरिकी डॉलर, जुलाई में 2.54 अरब अमेरिकी डॉलर और जून में 3.66 अरब अमेरिकी डॉलर की शुद्ध बिक्री की।

## आईएचसीएल ने दायित्वपूर्ण पर्यटन को दिया बढ़ावा

नईदिल्ली। भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) अपने ईएसजी प्लस फ्रेमवर्क पथ्य के अंतर्गत अपनी सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक प्रभाव को आगे बढ़ा रही है। पथ्य के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर आईएचसीएल ने भारत एकसाथ वॉकथॉन के साथ सस्टेनेबल वृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। यह एक 3 किलोमीटर की वॉक है जिसमें 14 देशों की 200 से ज्यादा जगहों पर ऐसोसिएट्स, उनके परिवार, स्थानीय साझेदार, विक्रेता और समुदाय एकजुट होते हैं।

## सोना 10 प्रतिशत टूटकर 1.29 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में सोने की कीमतें सोमवार को 10 प्रतिशत से अधिक टूटकर 1.29 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गईं।

वैश्विक स्तर पर बिकवाली, बढ़ती मुद्रास्फीति की आशंकाओं और मजबूत अमेरिकी डॉलर के बीच वायदा कारोबार में सोने की कीमतों में भारी गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का अप्रैल में आपूर्ति वाला अनुबंध 14,897 रुपये यानी 10.3 प्रतिशत गिरकर 1,29,595 रुपये



प्रति 10 ग्राम रह गया। सोना अब 29 जनवरी 2026 को दर्ज अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 1,93,096 रुपये प्रति 10 ग्राम से 63,501 रुपये यानी करीब 33 प्रतिशत नीचे आ चुका है। विश्लेषकों के अनुसार, इस तेज गिरावट के पीछे महंगाई बढ़ने की आशंका और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल है, जिससे वैश्विक आर्थिक स्थिति को लेकर चिंता बढ़ गई है। कीमती धातुओं में भारी बिकवाली के कारण सोमवार को सोने की कीमतों में बड़ी गिरावट आई। बढ़ती महंगाई और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने वैश्विक आर्थिक स्थिरता को लेकर चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

## डैनोन इंडिया ने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में बनाया नया कीर्तिमान

बंगलुरु। डैनोन इंडिया ने आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया के खिलाफ सबसे अधिक हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स की प्रतिज्ञा हासिल करने के लिए एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। इसके लिए पूरे भारत से कुल 20,911 प्रतिज्ञाएं मिलीं। यह ऐतिहासिक उपलब्धि जागरूकता बढ़ाने, समय पर पहचान को प्रोत्साहित करने और आयरन की कमी व एनीमिया से निपटने के लिए प्रभावी पोषण संबंधी हस्तक्षेपों को बढ़ावा देने के डैनोन के सामूहिक प्रयासों को दर्शाती है।

## वैश्विक बाजारों में बढ़ी अस्थिरता

मुंबई। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और अमेरिका द्वारा नई व्यापार जांच के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में सोमवार को यह बात कही गई। बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त है। बुलेटिन के अनुसार, वित्त 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद के दूसरे अग्रिम अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। अर्थव्यवस्था की स्थिति का संकेतक देने वाले आंकड़े फरवरी में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का संकेत दे रहे हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई फरवरी में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों के कारण बढ़ी। इसमें कहा गया है कि प्रणाली में नकदी की स्थिति संतोषजनक बनी रही और वाणिज्यिक क्षेत्र को मिलने वाले कुल वित्तीय संसाधनों में वृद्धि हुई है।

## एफआईआईबी न्यू दिल्ली ने की विशेष पहल

बंगलुरु। प्रबंधन शिक्षा के इच्छुक छात्रों को सही और सूचित निर्णय लेने में मदद करने के उद्देश्य से एफआईआईबी, नई दिल्ली 26 मार्च 2026 को लखनऊ में एक विशेष मिक्सर सेशन आयोजित कर रहा है। यह इंटरैक्टिव सत्र एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जहां प्रतिभागी फैकल्टी और वर्तमान छात्रों से सीधे संवाद कर सकेंगे और एफआईआईबी के अकादमिक माहौल, शिक्षण पद्धति, कैंपस जीवन और करियर परिणामों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

## लेक्सस इंडिया ने ऑल-न्यू ई.एस500ई पेश

मुंबई। लेक्सस इंडिया ने भारत में अपनी ऑल-न्यू ई.एस500ई पेश की। यह इलेक्ट्रिफिकेशन की ओर ब्रांड का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके अंतर्गत भारत में लेक्सस की पहली बैटरी इलेक्ट्रिक वैहिकल (बी.ई.वी) कार पेश की गई है। जापान के मोबिलिटी शो, 2025 में लेक्सस ने अपने ब्रांड के बुनियादी दृष्टिकोण डिस्कवर (खोज) की घोषणा की थी। कंपनी का मिशन बेहतर उत्पादों, बेहतर सेवाओं और बेहतर अनुभवों की खोज करना और ग्राहकों को अपनी जीवनशैली में नए मूल्य खोजने में मदद करना है। लेक्सस की मल्टी-पाथ एप्रोच से प्रेरित, ऑल-न्यू ई.एस एक्सपीरियंस एलिगेंस एंड इलेक्ट्रिफाइड सेडान के कॉन्सेप्ट के साथ बनाई गई है। यह मॉडल ड्राइविंग के एक शानदार अनुभव के साथ ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हुए बिल्कुल शांत ऑपरेशन और कम्फर्टेबल राइड प्रदान करता है।

## हर तरह के यूजर के लिए आसान, बेहतर और दमदार स्मार्टफोन का नया दौर

बंगलुरु। एआई+ स्मार्टफोन ने आज अपनी नई और बहुप्रतीक्षित नोवा सीरीज लॉन्च करने की घोषणा की। इस सीरीज में नोवा 2 और नोवा 2 अल्ट्रा को 9 अप्रैल 2026 को फ्लिपकार्ट और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लॉन्च किया जाएगा। बाकी तीन फोन – नोवा 2 प्रो, नोवा 2 नियो और नोवा फ्लिप – आने वाले महीनों में लॉन्च होंगे। यह लॉन्च एआई+ के अगले कदम को दिखाता है, जहां कंपनी अब हर तरह के यूजर के लिए अलग-अलग फोन ला रही है। ये फोन लोगों की जरूरत, लाइफस्टाइल और पसंद को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। नोवा सीरीज सिर्फ एक नया फोन नहीं है, बल्कि एक नई सोच है – जिसमें अच्छा डिजाइन, तेज परफॉर्मेंस और पर्सनल एक्सपीरियंस दिया गया है।

## फैशन, शोहरत और मैक्स के 20 साल का उत्सव मना

मुंबई। मैक्स फैशन ने अपनी 20वीं सालगिरह को एक यादगार उत्सव में बदल दिया। भारत के सबसे प्रतिष्ठित रनवे, 'लैक्मे फैशन वीक' पर मैक्स ने महज एक शो नहीं, बल्कि एक शानदार फैशन पार्टी पेश की। लाइट्स धीमी हुईं, संगीत की थाप बढ़ी और देखते ही देखते रनवे एक जीवंत मंच में तब्दील हो गया। शो में प्रदर्शित किए गए 35 लुक्स पारंपरिक फैशन से कहीं आगे थे। यह आधुनिक भारत के उस युवा चेहरे की झलक थी जो प्रयोगधर्मी है, आत्मविश्वासी है और अपनी पसंद को लेकर पूरी तरह बेबाक है मंच पर तीन चमकते सितारों–कल्कि कोचलिन, सिद्धांत चतुर्वेदी और अलाया एफ–की मौजूदगी ने ऊर्जा को दोगुना कर दिया।

## एआई प्लस स्मार्टफोन की मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स से साझेदारी

नई दिल्ली। एआई प्लस स्मार्टफोन ने आज ऐलान किया कि वह आने वाले टी20 सीजन में दो बड़ी टीमों मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स का ऑफिशियल स्मार्टफोन पार्टनर रहेगा। इस साझेदारी के जरिए एआई प्लस स्मार्टफोन भारत के सबसे बड़े और असरदार प्लेटफॉर्म में सीधा जुड़ जाएगा। इससे ब्रांड को देशभर के लाखों क्रिकेट फैंस से सीधे कनेक्ट होने का मौका मिलेगा। फैंस को खास एक्सपीरियंस भी मिलेंगे, जैसे प्लेयर से मिलने का मौका, मैच के टिकट, साइन की हुई मर्चेंडाइज और एआई प्लस स्मार्टफोन से शूट किया गया एक्सक्लूसिव प्लेयर कंटेंट। खेल लोगों को जोड़ने का सबसे बड़ा जरिया है, जहां हर कोई एक जैसा उत्साह और उम्मीद महसूस करता है।

# ट्रंप के दावे के बाद बाजारों में उछाल, तेल की कीमतों में गिरावट

तोक्यो। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए समयसीमा बढ़ाने के बाद सोमवार को वॉल स्ट्रीट (अमेरिकी शेयर बाजार) में जबर्दस्त उछाल आया और वैश्विक तेल कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अगले पांच दिन तक ईरानी बिजली संयंत्रों और अन्य उर्जा बुनियादी ढांचों पर हमले नहीं करेगा। इसके साथ ही ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के साथ बातचीत में प्रगति हुई है।

ईरान के साथ युद्ध के चौथे हफ्ते में प्रवेश करने के बीच ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इन हमलों को टालने की जानकारी साझा की। इस खबर के आते ही एसएंडपी 500 और डाऊ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज के वायदा कारोबार में बाजार खुलने से पहले ही 2.6 प्रतिशत की तेजी देखी गई। दूसरी ओर, कच्चे तेल की कीमतों ने तुरंत अपना रुख बदल लिया और इनमें 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई। बेंचमार्क अमेरिकी कच्चा तेल 8.23 डॉलर गिरकर 90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड भी 9.02 डॉलर की गिरावट के साथ 103.17 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## निवा बूपा ने इंडस्ट्री की पहली कॉफी टेबल बुक लॉन्च

नयी दिल्ली। निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने अपने एडवाइजर्स की प्रेरणादायक यात्राओं को समर्पित एक कॉफी टेबल बुक लॉन्च की है–ये वे अनसुने नायक हैं जो परिवारों के स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पुस्तक 40 एडवाइजर्स की सशक्त और भावनात्मक कहानियों को सामने लाती है, जिनमें ऐसे कई क्षण शामिल हैं जब उन्होंने केवल पॉलिसी बेचने से आगे बढ़कर मेडिकल इमरजेंसी में परिवारों का साथ दिया, जटिल डॉक्यूमेंटेशन में मदद की और जीवन के सबसे कठिन समय में क्लेम प्रोसेस को सहज बनाया। इन कहानियों के माध्यम से यह पहल न केवल उनके योगदान को सम्मान देती है, बल्कि अधिक लोगों को इंश्योरेंस एडवाइजरी को एक सार्थक करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित भी करती है।

पेज एक का शेष

## ईरान- अमेरिका

गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, गैस और फर्टिलाइजर होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते से आते हैं। इस जंग के बाद से ही जहाजों का आना-जाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसके बाद भी हमारी सरकार का यह प्रयास रहा है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की सप्लाई ज्यादा प्रभावित ना हो। हम सभी जानते हैं कि देश अपनी जरूरत की 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। इसकी सप्लाई में अनिश्चितता के कारण सरकार ने घरेलू उपयोग को प्राथमिकता दी है। इसके अलावा देश में ही इसके उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। पेट्रोल और डीजल की सप्लाई सुचारू रूप से होती रहे। इसके लिए भी काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि गत एक दशक में एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर उठाए गए कदम और भी प्रासंगिक हो गए हैं। अपने अपने ऊर्जा आयात को डाइवर्सिफाई किया है। पहले 27 देशों से हम आयात करते थे। अब एनर्जी इंपोर्ट हमारा 41 देशों से हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे पास 53 लाख मीट्रिक तेल रिजर्व है। हम 65 लाख तक इसे पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। कंपनियों के पास जो रिजर्व होता है, वह अलग है। हम अलग-अलग देशों के साथ भी संपर्क में है, जहां से सप्लाई ली जाए। हमारी प्राथमिकता यही है कि जहां से भी संभव हो, वहां से सप्लाई आती रहे। भारत की सरकार खाड़ी और उसके आसपास के रास्तों पर नजर बनाए हुए है। हमारी पूरी कोशिश है कि भारत आने वाले सभी जहाज सुरक्षित रूप से यहां पहुंचें। उन्होंने कहा कि देश की एक और तैयारी इस समय काम आ रही है। बीते 10 से 11 सालों में एथेनॉल की ब्लेंडिंग पर खूब काम हुआ है। आज पेट्रोल में 20 फीसदी एथेनॉल ब्लेंडिंग हो रही है। इससे हमें प्रति वर्ष करीब 4 करोड़ बैरल तेल हर साल कम इंपोर्ट हो रहा है। इससे बड़ा फायदा हो रहा है। फिर रेलवे के विद्युतीकरण ने भी हमें फायदा पहुंचाया है।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं किसानों को भरोसा दिलाता हूं कि सरकार हरसंभव मदद करती रहेगी। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना में भी सप्लाई बाधित थी, लेकिन किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं हुआ था।

## ईरान के

ईरान में ऊर्जा संयंत्रों पर हमले करेगा। ट्रंप ने शनिवार देर रात ईरान को जलडमरूमध्य खोलने के लिए 48 घंटे की समयसीमा दी थी। सोमवार को इजराइल ने ईरानी राजधानी पर फिर से हमले शुरू किए। दोपहर में कई जगहों पर विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि किन-किन जगहों को निशाना बनाया गया। युद्ध के चौथे सप्ताह में प्रवेश के बीच अमेरिका द्वारा मध्य पूर्व में और युद्धपोत एवं अतिरिक्त मरीन सैनिकों की तैनाती के मद्देनजर, ईरान ने किसी भी जमीनी हमले के खिलाफ चेतावनी दी है। इस युद्ध के दौरान इजराइल ने लेबनान में ईरान से जुड़े हिजबुल्ला आतंकवादी समूह को भी निशाना बनाया है, जबकि इस समूह ने इजराइल पर सैकड़ों रॉकेट दागे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इजराइली हमलों में लेबनान में 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि हमलों में मरने वालों की संख्या 1,500 से अधिक हो गई है। वहीं, इजराइल में ईरानी हमलों में 15 लोग मारे गए हैं। कब्जे वाले वेस्ट बैंक और अरब देशों में कम से कम 13 अमेरिकी सैन्यकर्मी और एक दर्जन से अधिक नागरिक मारे गए हैं।

## जमीनी आक्रमण

से भर देने का कारण बनेगा। इस बीच, अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य को ऊर्जा आपूर्ति के लिए फिर से खोलने की कोशिश कर रहा है, जो फारस की खाड़ी का संकरा प्रवेश द्वार है। इस मिशन को समर्थन देने के लिए अमेरिकी मरीन नौसैनिक ईरान के द्वीपों या उसके तटीय क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए उतर सकते हैं। वहीं, इजराइल ने भी संकेत दिया है कि युद्ध के दौरान जमीनी अभियान की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## योगी

योगी आदित्यनाथ ने इसे 50 लाख मीट्रिक टन किए जाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने 48 घंटे के भीतर डीबीटी के माध्यम से किसानों को भुगतान के भी निर्देश दिए हैं। बिचौलियों का हस्तक्षेप न रहे, इसलिए सारा सिस्टम ऑनलाइन कर दिया गया है। गेहूं की बिक्री के लिए अब तक लगभग दो लाख किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक 1,95,628 किसानों ने सोमवार दोपहर दो बजे तक पंजीकरण करा लिया है। योगी कैबिनेट ने उप्र. राजस्व संहिता, 2006 की धारा-80 में संशोधन के लिए अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी है। इस अहम फैसले के तहत विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में गैर-कृषि उपयोग (लैंड यूज) परिवर्तन की प्रक्रिया को बेहद सरल बना दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में अलग से लैंड यूज बदलवाने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी भूखंड का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास हो जाता है, तो उसी को भूमि उपयोग परिवर्तन माना जाएगा। इससे पहले लोगों को दोहरी प्रक्रिया (पहले लैंड यूज परिवर्तन और फिर नक्शा पास कराने) से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी। प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए शोधित जल (ट्रीटेड वॉटर) के सुरक्षित पुनः उपयोग के लिए नई नीति लागू करने की तैयारी कर ली है।

## प्रयागराज में

घायलों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं ह्रदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। इस दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनका समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने बताया था कि हमें आज दोपहर डेढ़- दो बजे के बीच फाफामऊमें कोल्ड स्टोरेज ढहने की सूचना मिली जिस पर मैं और पुलिस आयुक्त समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

## एनआईए ने

रफियाबाद और कुलगाम सहित श्रीनगर जिले के विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास एक कार में बम विस्फोट हुआ था जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी जबकि कई अन्य घायल हो गए थे। यह विस्फोट आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी द्वारा अंजाम दिया गया था। उसने लाल किले के बाहर विस्फोटक से भरी कार में खुद को उड़ा लिया था। वह हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय में मेडिकल चिकित्सक और सहायक प्रोफेसर था। एनआईए ने इस मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## धामी सरकार

बल्कि तय समय सीमा में कार्यों को पूरा कर उन्हें जनता को समर्पित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। राज्य में जी-20 बैठकों का सफल आयोजन, राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी और ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट जैसे आयोजनों ने निवेश और विकास को नई गति दी है। उन्होंने बताया कि 3.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था में डेढ़ गुना से अधिक वृद्धि हुई है, जबकि जीएसडीपी में 7.23 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्रतिव्यक्ति आय में 41 प्रतिशत की वृद्धि और 20 हजार से अधिक नए उद्योगों की स्थापना को उन्होंने सरकार की नीतियों का परिणाम बताया। साथ ही स्टार्टअप्स की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि और लाखों महिलाओं के लखपति दीदी बनने को भी उन्होंने उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में उत्तराखंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और स्टार्टअप रैंकिंग में भी राज्य को अग्रणी श्रेणियों में स्थान मिला है। इसके अलावा राज्य को 'मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट' का दर्जा भी लगातार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पारदर्शी प्रशासन और सख्त निर्णयों के चलते आबकारी और खनन क्षेत्रों से राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। साथ ही खनन तत्परता सूचकांक में राज्य को देशभर में दूसरा स्थान मिला है। युवाओं के हितों को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल और पेपर लीक जैसी समस्याओं पर सख्ती से रोक लगाने के लिए कड़ा कानून लागू किया गया है। इसके परिणामस्वरूप 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं और नकल माफिया पर कार्रवाई करते हुए कई लोगों को जेल भेजा गया है। कानून-व्यवस्था और सामाजिक संतुलन पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मांतरण और दंगा नियंत्रण से जुड़े सख्त कानून लागू किए गए हैं।

## एलपीजी लदे

से दो-दो जहाज सुरक्षित रूप से जलडमरूमध्य तक पहुंचने में सफल रहे हैं। एलपीजी ला रहा जहाज शिवालिक 16 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा बंदरगाह पहुंचा। वहीं एक अन्य एलपीजी टैंकर नंदा देवी, अगले दिन गुजरात के कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। दोनों एलपीजी वाहक जहाजों ने 13 मार्च को अपनी यात्रा शुरू की थी और 14 मार्च की सुबह होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया था। संयुक्त अरब अमीरात से 80,886 टन कच्चे तेल से लदा भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर जग लाडकी 18 मार्च को मुंदड़ा बंदरगाह पहुंचा था। एक अन्य टैंकर, जग प्रकाश पहले ही सुरक्षित रूप से जलडमरूमध्य को पार कर चुका है और तंजानिया के रास्ते में है। यह ओमान से अफ्रीका के लिए गैसोलीन ले जा रहा था। युद्ध क्षेत्र में बचे हुए 24 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से 22 जलडमरूमध्य के पश्चिमी भाग में हैं, जिनमें 611 नाविक सवार हैं, जबकि दो पूर्वी भाग में हैं। पश्चिमी भाग में बचे हुए 22 भारतीय ध्वज वाले जहाजों में से छह एलपीजी वाहक हैं। इनमें से दो भारत के लिए रवाना हो चुके हैं। बाकी बचे जहाजों में से एक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) टैंकर है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों का परिवहन कर रहा है, तीन कंटेनर जहाज हैं और दो बल्क यानी थोक सामान की ढुलाई करने वाले हैं।

## यूएपीए के

प्रणाली पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है? इससे अदालतों पर कितना बोझ पड़ता है? इससे पता चलता है कि अधिकांश लोगों को गिरफ्तार तो किया गया, लेकिन उन्हें दोषी साबित नहीं किया जा सका। इससे संकेत मिलता है कि कई गिरफ्तारियां समय से पहले और पर्याप्त सबूतों के अभाव में की गईं। उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों में उनकी संख्या केवल 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 25 उच्च न्यायालयों में से केवल दो में महिला मुख्य न्यायाधीश हैं- गुजरात और मेघालय। एक महीने में एक और महिला मुख्य न्यायाधीश बन जाएंगी। यह भी बेहद अपर्याप्त है, 25 उच्च न्यायालयों में से केवल तीन।

## तलाक मामले

इस मामले में दोबारा सुनवाई की जरूरत है या नहीं। इस बीच, उस न्यायाधीश ने भी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है, जिन्होंने यह फैसला सुनाया था। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ की गई सख्त टिप्पणियों को हटाने की मांग की है।




# कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हम्पी की जगह यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक



नयी दिल्ली। यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को साइप्रस में होने वाले आगामी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में कोनेरू हम्पी की जगह शामिल किया गया है चूंकि भारतीय ग्रैंडमास्टर ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते सुरक्षा कारणों से नाम वापिस ले लिया था। शनिवार से पाफोस में शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट से विश्व चैम्पियनशिप खिताब के चैलेंजर का निर्धारण होगा। इस समय ओपन वर्ग में डी गुकेश और महिला वर्ग में जू वेंजुन विश्व चैम्पियन हैं। दो बार महिला विश्व रैपिड चैम्पियन हम्पी ने आयोजकों से आश्वासन मिलने के बावजूद निजी सुरक्षा को लेकर चिंता का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। इस महीने की शुरूआत में साइप्रस में एक ब्रिटिश एयर बेस पर ड्रोन हमला हुआ था जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ गई है। फिडे ने एक बयान में कहा, टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार हम्पी की जगह महिला इवेंट्स सीरिज 2024 . 25 में अगला सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाली खिलाड़ी को दी गई है जिसने अभी तक क्वालीफाई नहीं किया है। यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक यह टूर्नामेंट खेलेंगी। वह महिला विश्व रैपिड चैम्पियन (2016) और दो बार महिला विश्व ब्लिट्ज चैम्पियन (2014 और 2016) रह चुकी हैं। इससे पहले हम्पी ने एक्स पर जारी बयान में कहा, काफी



सोच विचारकर मैने फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से बाहर रहने का कठिन फैसला किया है। उन्होंने कहा, कोई भी टूर्नामेंट, कितना भी बड़ा क्यों नहीं हो, निजी सुरक्षा से बढकर नहीं हो सकता। तमाम आश्वासनों के बावजूद मुझे मौजूदा हालात में वहां जाना सुरक्षित नहीं लगता।

# एशिया कप : नये सत्र की शुरूआत करेगी भारतीय तीरंदाजी टीम

बैंकॉक। भारत तीरंदाजी के नये अंतरराष्ट्रीय सत्र का आगाज यहां मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले चरण से करेगा जिसके लिये टीम में नामी गिरामी सितारों की बजाय प्रतिभावान युवाओं को जगह दी गई है। भारतीय टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय , ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा नहीं हैं। भारतीय टीम प्रबंधन जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों तक चलने वाले इस व्यस्त सत्र के पहले टूर्नामेंट में अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है।



शीर्ष तीरंदाज मैक्सिको और शंघाई में अप्रैल से होने वाले विश्व कप के पहले दो चरण के लिये वापसी करेंगे। पिछले साल भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे। दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज की गैर मौजूदगी में भारत का पलड़ा फिर भारी लग रहा है। उसे चीन और बांग्लदेश से चुनौती मिल सकती है। रिकर्व पुरूष वर्ग में आस्ट्रेलिया के रियान टियाक प्रबल दावेदार हैं जो विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर हैं। महिला वर्ग में रूस में जन्मी तटस्थ खिलाड़ी नूरिनिस्सो माखमुदोवा (45वीं रैंकिंग) सर्वोच्च रैंकिंग वाली तीरंदाज हैं। भारतीय पुरूष कंपाउंड टीम में दुनिया के चौथे नंबर के तीरंदाज ज्षभ यादव, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रथमेश जावकर और रजत चौहान हैं। पिछले साल कुशल दलाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता था जबकि मानव जाधव और गणेश तिरिमुरू के साथ टीम स्वर्ण अपने नाम किया था। महिला वर्ग में ज्योति की गैर मौजूदगी में नजरें 20 वर्ष की चिकिथा तानीपर्थी पर होंगी जो विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर हैं।

भारतीय टीम :

रिकर्व पुरूष : देवांग गुप्ता, आरव पूनिया, जुयेल सरकार और सुखचैन सिंह

रिकर्व महिला : कीर्तिक, अंशिका कुमारी, रूमा बिस्वास और रिद्धि

कंपाउंड पुरूष : रजत चौहान, प्रथमेश जावकर, उदय कम्बोज और ज्षभ यादव

कंपाउंड महिला : स्वाति दुधवाल, राज कौर, तेजल साल्वे और चिकिथा तानीपर्थी।

## संक्षेप

### एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप स्थगित

कराची। इस्लामाबाद में अगले महीने होने वाली एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप खाड़ी में जारी संघर्ष के कारण स्थगित कर दी गई है। यह चैम्पियनशिप 14 से 18 अप्रैल के बीच होनी थी। एक अधिकारी ने बताया, एशियाई स्क्वाश महासंघ ने हमें बताया कि संघर्ष के कारण क्षेत्र के मौजूदा हालात को देखते हुए इस समय यह टूर्नामेंट करा पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हालात सुधरने पर पाकिस्तानी स्क्वाश महासंघ सितंबर में इसे करा सकता है। यह पूछने पर कि क्या भारतीय स्क्वाश महासंघ ने टीम भेजने पर मंजूरी दी थी, अधिकारी ने कहा कि टीमों की भागीदारी की पुष्टि एशियाई महासंघ देख रहा है।

### शनाका चोटिल राजस्थान रॉयल्स में शामिल होंगे

नयी दिल्ली। श्रीलंका के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान दासुन शनाका को सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए इंग्लैंड के चोटिल ऑलराउंडर सैम कुरेन के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किए जाने की पुष्टि की गई। शनाका दो करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे। आईपीएल की सोमवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया, कुरेन के स्थान पर दासुन शनाका दो करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे। शनाका ने श्रीलंका के लिए छह टेस्ट, 71 वनडे और 131 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 3350 से अधिक रन और 86 विकेट हैं। इस 34 साल के खिलाड़ी ने 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए आईपीएल में तीन मैच खेले हैं। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच और टीम निदेशक कुमार संगकारा ने एक बयान में कहा, सत्र की शुरुआत से ठीक पहले सैम जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी का चोट के कारण उपलब्ध न होना हमारे लिए निराशाजनक है।

### दिल्ली कैपिटल्स को जल्द एनओसी मिलने की उम्मीद

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि उनका प्रमुख तेज गेंदबाज एक अप्रैल को टूर्नामेंट में शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव और मुख्य कोच हेमांग बदानी ने सोमवार को यहां मीडिया से बातचीत में अपने तेज गेंदबाज की उपलब्धता से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए। स्टार्क ने पिछले सत्र में 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। बदानी ने कहा, हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जैसे ही हमें वह मिल जाएगा, हमें पता चल जाएगा कि वह कब टीम में शामिल होंगे। उन्होंने एनओसी मिलने में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ लगातार संपर्क में हैं। वह गेंदबाजी अभ्यास कर रहे हैं, उन्होंने कुछ दिन पहले भी गेंदबाजी की थी। जब तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उन्हें खेलने के लिए फिट घोषित नहीं कर देता, तब तक कोई फ्रेंचाइजी कुछ नहीं कर सकती। उनके बगल में बैठे राव ने आगे कहा, वह आ रहे हैं, बस क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी मिलने का सवाल है।

# अरूंधति रेड्डी आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

## आस्ट्रेलिया में टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिए फरवरी माह में आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया

एजेंसी

दुबई। भारत की मध्यम तेज गेंदबाज अरूंधति रेड्डी को आस्ट्रेलिया में टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के लिये फरवरी महीने में आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया। वहीं पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को टी20 विश्व कप में असाधारण प्रदर्शन के लिये सर्वश्रेष्ठ पुरूष क्रिकेटर चुना गया है। रेड्डी ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में भारत की 2 .1 से जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने श्रृंखला में 7 . 25 की इकॉनॉमी दर से आठ विकेट लिये। रेड्डी ने कहा आईसीसी महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना गर्व की बात है। यह इसलिये भी और खास है कि आस्ट्रेलिया में टी20 श्रृंखला जीतने में योगदान दे सकी। आस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराना आसान नहीं होता।



साहिबजादा ने नामीबिया और श्रीलंका के खिलाफ टी20 विश्व कप में शतक लगाया और एक ही टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने का विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने सात टी20 मैचों में 383 रन बनाये थे। वहीं दूसरी ओर क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने टेस्ट पिच की तैयारी पर अधिक नियंत्रण रखने की बात को खारिज करते हुए कहा कि साल की शुरूआत में एशेज श्रृंखला के दौरान आलोचना के बावजूद स्थानीय क्यूरेटर ही अच्छी और अनूठी पिचें तैयार करने के लिये सबसे सही लोग हैं। पर्थ और एमसीजी टेस्ट दो दिन के भीतर खत्म होने के कारण क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 15 मिलियन डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा था जिससे वहां की पिचों को लेकर भी काफी आलोचना हुई।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीन ने स्वीकार किया कि टेस्ट मैचों का जल्दी खत्म होना व्यवसायिक दृष्टि से बुरा है। सीए के संचालन प्रमुख पीटर रोच ने आस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा, यह अकल्पनीय है कि हम अभी जितना नियंत्रित करते हैं, उससे अधिक कर पायेंगे। उन्होंने कहा, इंग्लैंड में आप एक केंद्रीय क्यूरेटर को रख सकते हैं या न्यूजीलैंड या दक्षिण अफ्रीका में क्योंकि विकेट, मिट्टी और मौसम एक जैसे हैं। लेकिन आस्ट्रेलिया में हर जगह अलग अलग हालात हैं और स्थानीय क्यूरेटर ही सर्वश्रेष्ठ है। उन्हें हालात ,मौसम और पिचों की जानकारी बेहतर होती है। वहीं दूसरी ओर हाल ही में टी20 विश्व कप में एसोसिएट देशों के निडर प्रदर्शन की तारीफ करते हुए आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने उनके विकास को क्रिकेट के परिपक्व वैश्विक खेल बनने का संकेत बताया और कहा कि भारत मुख्य बाजार है लेकिन क्रिकेट निश्चित तौर पर वैश्विक होता जा रहा है।

भारत ने 20 टीमों की भागीदारी वाला टी20 विश्व कप जीता लेकिन पहली बार टूर्नामेंट खेल रही इटली, अमेरिका, नेपाल और जिम्बाब्वे जैसी टीमों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। गुप्ता ने डब्ल्यूपीपी मीडिया स्पोर्टिंग नेशन 13वें संस्करण में एक कॉलम में लिखा, भारत विश्व क्रिकेट का मुख्य बाजार है। इसके प्रशंसकों की संख्या, वित्तीय मजबूती और खेल के प्रति समय समय पर परखे गए लगाव से एक ऐसा मंच मिलता है, जिससे पूरे इकोसिस्टम को फायदा होता है। आईसीसी टूर्नामेंटों में हालांकि यह देखने को मिला है कि जहाज एक गंतव्य से बहुत आगे निकल चुका है। उन्होंने लिखा, आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2026 में एसोसिएट देशों जैसे नेपाल, इटली और अमेरिका ने निडर क्रिकेट खेलकर दुनिया भर का ध्यान खींचा है।

उन्होंने कहा इसी के साथ श्रीलंका और जिम्बाब्वे जैसे पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों ने सुपर आठ में पहुंचकर अपनी उस काबिलियत को साबित किया जिसे अक्सर नजरंदाज किया जाता है। ये पल मैदान पर उलटफेर से काफी अधिक हैं। ये परिपक्व वैश्विक खेल के संकेत हैं। गुप्ता ने कहा कि महिला वनडे विश्व कप में भारत की खिताबी जीत से महिला क्रिकेट का विकास भी तेजी से होने की उम्मीद है क्योंकि इसने एक प्रभावी बाजार को पूरी तरह से खोल दिया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीन ने स्वीकार किया कि टेस्ट मैचों का जल्दी खत्म होना व्यवसायिक दृष्टि से बुरा है। सीए के संचालन प्रमुख पीटर रोच ने आस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा, यह अकल्पनीय है कि हम अभी जितना नियंत्रित करते हैं, उससे अधिक कर पायेंगे। उन्होंने कहा, इंग्लैंड में आप एक केंद्रीय क्यूरेटर को रख सकते हैं या न्यूजीलैंड या दक्षिण अफ्रीका में क्योंकि विकेट, मिट्टी और मौसम एक जैसे हैं।

# आईपीएल का इंपैक्ट खिलाड़ी नियम पसंद नहीं : अक्षर पटेल



नयी दिल्ली। भारतीय हरफनमौला और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना करते हुए कहा, मुझे यह पसंद नहीं है , क्योंकि इससे उनके जैसे खिलाड़ियों (हरफनमौला) के विकास में बाधा आती है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या भी इम्पैक्ट प्लेयर नियम के खिलाफ बोल चुके हैं, जिसके तहत टीमें मैच के किसी भी समय अपनी एकादश में किसी खिलाड़ी को सूचीबद्ध पांच खिलाड़ियों में से किसी एक से बदल सकती हैं। यह नियम 2023 में लागू हुआ था और कम से कम 2027 तक लागू रहेगा।

रोहित ने 2024 में कहा था कि उन्हें यह रणनीतिक नियम पसंद नहीं है, क्योंकि इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडर खिलाड़ियों के विकास में बाधा आती है। इसके अगले सत्र में हार्दिक ने कहा था कि टीम में किसी हरफनमौला को चुनना मुश्किल हो गया है, जब तक कि वह बल्ले और गेंद दोनों से समान रूप से अच्छा न हो। भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान ने इम्पैक्ट प्लेयर से जुड़े पीटीआई के सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा, मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं खुद एक ऑलराउंडर हूं। पहले हम इस भूमिका (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) के लिए ऑलराउंडर चुनते थे। अब टीम प्रबंधन किसी खास बल्लेबाज या गेंदबाज को चुनता है। वे कहते हैं कि हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है? उन्होंने कहा, खुद एक ऑलराउंडर होने के नाते मुझे यह पसंद नहीं है, लेकिन साथ ही नियम तो नियम होते हैं। हमें उनका पालन करना होता है। व्यक्तिगत रूप से मुझे यह पसंद नहीं है। अक्षर ने पिछले आईपीएल सत्र में केवल 204 गेंदें फेंकी थीं, जबकि उससे पिछले सत्र में उन्होंने 264 गेंदें फेंकी थीं। उन्होंने कहा कि यह इम्पैक्ट प्लेयर नियम के कारण नहीं था, बल्कि उंगली की चोट के कारण था, जो उन्हें आईपीएल से पहले परेशान कर रही थी। उन्होंने कहा, मैंने ज्यादा गेंदबाजी नहीं की। यह इम्पैक्ट प्लेयर की वजह से नहीं था। मैं गेंद को स्पिन कराने के लिए जिस उंगली का इस्तेमाल करता हूं, वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद चोटिल (घाव) हो गई थी। यह घाव इतना बढ़ गया था कि मैं गेंद की सीम पर पकड़ नहीं बना पा रहा था। अक्षर ने कहा, इसीलिए मैं सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही गेंदबाजी कर रहा था और अपनी उंगली का ध्यान रख रहा था। सात मैचों के बाद हालत बेहतर हुई और मैंने नियमित रूप से गेंदबाजी करना शुरू कर दिया।

# हार्दिक, सुखजीत, संजय , अभिषेक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की दौड़ में

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह, फॉरवर्ड सुखजीत सिंह और अभिषेक और डिफेंडर संजय इस साल हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैं। महिला वर्ग में सलीमा टेटे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी और सविता पूनिया को नामांकन मिला है।

यहां शुक्रवार को होने वाले हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह में उदीयमान खिलाड़ी (अंडर 21) का जुगराज सिंह और असुंथा लाकड़ा पुरस्कार भी दिया जायेगा। अंतिम नामांकन में आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को चुना गया है। इसके साथ ही हॉकी में अमूल्य योगदान के लिये जमन लाल शर्मा पुरस्कार और असाधारण उपलब्धि के लिये अध्यक्ष का पुरस्कार भी दिया जायेगा। अधिकारियों की श्रेणी में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर अंपायर मैनेजर का पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी और सर्वश्रेष्ठ सदस्य ईकाई का पुरस्कार भी दिया जायेगा।

इसके साथ ही एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरूष टीम और जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली जूनियर पुरूष टीम को भी सम्मानित किया जायेगा। हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा , भारतीय हॉकी के लिये यह अहम साल है और ऐसे में असाधारण प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और पिछले एक साल में अपना योगदान देने वालों को सम्मानित करना महत्वपूर्ण है।

बलजीत सिंह वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर : प्रिंसदीप सिंह, कृशन बहादुर पाठक, बिछू देवी खारीबम, सूरज करकेरा

परगट सिंह वर्ष का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर : संजय, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह और हरमनप्रीत सिंह

अजित पाल सिंह वर्ष का सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर : हार्दिक सिंह, सुमित, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा।

### आईपीएल गाइडलाइन- मैच के दिन प्रैक्टिस पर रोक

नयी दिल्ली । मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीमों के प्रैक्टिस के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। आईपीएल 2026 के लिए बीसीसीआई ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत मैच के दिन कोई भी टीम प्रैक्टिस नहीं कर सकेगी। साथ ही खिलाड़ियों के लिए मैच-डे पर फिटनेस टेस्ट नहीं होगा। वहीं जर्सी नंबर बदलने से 24 घंटे पहले जानकारी देनी होगी और ड्रेसिंग रूम में सिर्फ स्टाफ को ही एंट्री मिलेगी। आईपीएल की शुरूआत 28 मार्च से होगी। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

# अनुबंध उल्लंघन और वेतन वृद्धि की मांग से पीएसएल 11 की मुश्किलें बढ़ी

कराची। विदेशी खिलाड़ियों के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बावजूद नाम वापस लेने के कारण दो नई टीमों के साथ पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की मेजबानी करना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए लॉजिस्टिक्स (आयोजन संबंधी) और अनुबंध संबंधी परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। विदेशी खिलाड़ी अधिक आकर्षक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से करार मिलने के बाद पीएसएल को छोड़ रहे हैं। दो नई फ्रेंचाइजी को शामिल करने के साथ विस्तारित पीएसएल बृहस्पतिवार को लाहौर में शुरू होने वाली है। यह आईपीएल के 28 मार्च को शुरू होने से दो दिन पहले है। इस तरह इन दोनों लीगों का आयोजन एक साथ होगा। पीएसएल तीन मई तक चलेगा, जबकि आईपीएल का पूरा कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है, लेकिन यह मई के अंतिम या जून के शुरुआती सप्ताह तक चल सकता है।

एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, पीसीबी न केवल खिलाड़ियों द्वारा अनुबंधों के उल्लंघन से जूझ रहा है, बल्कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण कुछ खिलाड़ियों द्वारा अंतिम समय में फीस बढ़ाने की मांग से भी परेशान है। सूत्र ने बताया, पीसीबी इस समय पीएसएल को निर्धारित समय पर आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और उसने अभी तक नाम वापस लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों के खिलाफ कोई कार्वाई तय नहीं की है। नाम वापस लेने वाले खिलाड़ियों पर दो से चार साल तक का प्रतिबंध लगाने के बारे में आंतरिक चर्चा हुई है, लेकिन चिंता बनी हुई है।

### वरिष्ठ खेल पत्रकार एस त्यागराजन का निधन

चेन्नई। हॉकी की बेहतरीन कवरेज के लिये मशहूर वरिष्ठ खेल पत्रकार एस त्यागराजन का सोमवार को यहां बढती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। छह ओलंपिक और नौ एशियाई खेल कवर कर चुके त्यागराजन 1962 से 2013 तक द हिंदू समाचार पत्र के लिये काम करते रहे। उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत 1961 में द इंडियन एक्सप्रेस से की थी।

द हिंदू के खेल संपादक केसी विजय कुमार ने एक्स पर लिखा, द हिंदू के लिये कई दशक तक काम करने वाले हॉकी पत्रकारिता के दिग्गज वरिष्ठ खेल संवाददाता एस त्यागराजन का निधन। त्यागराजन अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) की मीडिया और संचार से जुड़ी कई समितियों में भी रहे।

# ऋषि यादव व सुनील जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में



खेल संवाददाता

लखनऊ। क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में पहुंचे उत्तर प्रदेश के ऋषि यादव व हरियाणा के सुनील कुमार ने स्वरुप अग्रवाल मेमोरियल आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में उलटफेर भरी जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। इंडिया पेस्टीसाइड्स लिमिटेड द्वारा प्रायोजित एक लाख रुपए की प्राइजमनी वाले टूर्नामेंट का आयोजन एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में किया जा रहा है। टूर्नामेंट के सोमवार को मुख्य ड्रा के पहले दौर में यूपी के छठीं वरीय अंशुमान सिंह और क्वालीफायर वंश यादव व चिन्मय देव

**यूपी के अंशुमान, वंश यादव व चिन्मय देव भी जीत के साथ दूसरे दौर में**

चौहान ने भी जीत से अगले दौर में जगह बनाई। क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में पहुंचे कई खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए अगले दौर में जगह बनाई। इसमें हरियाणा के हर्ष मलिक, राजस्थान के अमित, केरल के कौशिक ने अपने खेल से सबको प्रभावित किया। मुख्य ड्रा के पहले दौर में लकी लूजर यूपी के ऋषि यादव जब 6-3, 2-0 से आगे थे तभी प्रतिद्वंद्वी पांचवीं वरीय महाराष्ट्र के तनिष्क जाधव ने मैच छोड़ दिया। वहीं क्वालीफायर हरियाणा के सुनील कुमार

**स्वरुप अग्रवाल मेमोरियल आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट**

ने सातवीं वरीय हरियाणा के प्रशांत को 6-0, 6-0 से हराकर दूसरा उलटफेर किया। क्वालीफायर यूपी के वंश यादव ने दिल्ली के सौरव कुमार यादव को एक रोमांचक मुकाबले में डबल टाईब्रेक में 7-6(2), 7-6(3) से हराकर उम्दा जीत दर्ज की। क्वालीफायर से ही मुख्य ड्रा में पहुंचे यूपी के चिन्मय देव चौहान ने उत्तराखंड के अर्णव को 6-1, 6-1 से हराते हुए दूसरे दौर में स्थान सुरक्षित किया। छठीं वरीय यूपी के अंशुमान सिंह ने बिहार के वैभव सिंह के खिलाफ 6-1, 6-3 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में हरियाणा के हर्ष मलिक ने पश्चिम बंगाल के आदित्य को 6-4, 6-4 से, दूसरी वरीय दिल्ली के मयंक शर्मा ने पश्चिम बंगाल के जसराज को 6-4, 6-2 से, तीसरी वरीय पश्चिम बंगाल के सार्थक गुलाटी ने हरियाणा के आर्यन को 6-4, 6-3 से, राजस्थान के अमित ने हरियाणा के प्रिंगल को 6-1, 6-1 से, केरल के कौशिक ने चौथी वरीय दिल्ली के रिकी चौधरी को 7-5, 6-2 से और दूसरी वरीय मुकिल रामानन ने यूपी के अनुरुद्ध कुमार को 6-1, 6-1 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।




# भारतीय एथलेटिक्स के नये युग की शुरूआत

एजेंसी

भुवनेश्वर। भारत संकरे ट्रैक और एक समान हालात वाले इंडोर एथलेटिक्स में अपने सफर की औपचारिक शुरूआत मंगलवार से यहां शुरू हो रही पहली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के जरिये करेगा जबकि दो साल बाद इसी स्थान पर उसे विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी करनी है। पिछले सप्ताह भारत को विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिली है जो इसी स्थान पर तीन से पांच मार्च, 2028 में होगी।

भारत में पहली बार ट्रैक और फील्ड की विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन होगा। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप दो दिन तक चलेगी। भारत में शीर्ष स्तर की इंडोर सुविधाओं के अभाव में इंडोर एथलेटिक्स उतना लोकप्रिय नहीं रहा है। कुछ भारतीय हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करते आये हैं। इंडोर स्पर्धाओं में खिलाड़ी संकरे ट्रैक पर उतरते हैं। आउटडोर 400 मीटर ट्रैक चौड़े और सपाट टर्न वाले होते हैं। इंडोर स्पर्धायें हवा या मौसम से प्रभावित नहीं होती क्योंकि भीतर एक सी परिस्थितियां होती है। भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले इसमें भाग नहीं लेंगे क्योंकि उनकी स्पर्धायें रोस्टर का हिस्सा नहीं हैं। कलिंगा स्टेडियम परिसर के भीतर विश्व स्तरीय



सुविधायें तैयार होने के बाद भारत ने विश्व एथलेटिक्स को 2028 चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिये मनाया है। भारत को 2028 में होने वाली एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिलने की भी उम्मीद है जिस पर फैसला मई में लिया जायेगा। अधिकांश भारतीय एथलीटों, आयोजकों और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अधिकारियों के लिये यह नया अनुभव होगा। इंडोर स्पर्धा 200 मीटर के ट्रैक पर होगी। सबसे छोटी फर्राटा दौड़ 60 मीटर की है। ऊंची कूद, पोल वॉल्ट, लंबी कूद , त्रिकूद और शॉटपुट को इसमें शामिल किया गया है लेकिन भालाफेंक, चक्काफेंक या तारगोला फेंक जैसी थ्रो स्पर्धायें नहीं होंगी। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के सबसे बड़े दल हैं।

# 125 सरकारी पुस्तकालयों का होगा आधुनिकीकरण

## प्रारंभिक मूल्यांकन में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में कमियों की पहचान की गई

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 125 स्कूलों के पुस्तकालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करेगी। इन पुस्तकालयों में 20 डिजिटल उपकरण, हेडफोन, एक कियोस्क और चार्जिंग कार्ट उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा सर्वेक्षण में यह भी सामने आया है कि पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के लगभग 7.50 लाख छात्रों में सीखने की कमी (लर्निंग गैप) पाई गई है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि सितंबर 2025 में किए गए एक प्रारंभिक मूल्यांकन में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में कमियों की पहचान की गई, जिसके आधार पर शैक्षणिक हस्तक्षेप की योजना तैयार की गई है।

सर्वेक्षण के अनुसार, छात्रों को चार श्रेणियों- बिगिनर, इमर्जिंग, प्रोग्रेसिव और प्रोफिशिएंट - में वर्गीकृत किया गया है। दूसरी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए मध्यावधि परीक्षाओं के बाद एससीईआरटी द्वारा विकसित रेडीनेस मॉड्यूल के जरिए सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। ये प्रयास निपुण संकल्प कार्यक्रम के तहत किए जा रहे हैं। सर्वेक्षण में कहा गया कि मौजूदा शैक्षणिक सत्र में स्कूलों के 125 पुस्तकालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिनमें से प्रत्येक में 20 डिजिटल



उपकरण, 20 हेडफोन, एक लाइब्रेरी कियोस्क, एक चार्जिंग कार्ट और एक प्रिंटर उपलब्ध कराया जाएगा।

इसमें कहा गया कि शिक्षा निदेशालय समावेशी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दे रहा है, तथा वर्ष 2025 में गंभीर या गहन दिव्यांगता वाले 879 बच्चों को गृह-आधारित शिक्षा कार्यक्रम में शामिल किया गया है। इस कदम के तहत, स्कूल से बाहर 286 बच्चों को स्कूलों की मुख्यधारा में शामिल किया गया, जबकि बौद्धिक समस्या वाले बच्चों के लिए एक कार्यात्मक पाठ्यक्रम विकसित किया गया और इसे पूर्व-प्राथमिक से आठवीं कक्षा तक के 100 स्कूलों में लागू किया गया।

### दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र से पहले खीर समारोह आयोजित किया गया

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सोमवार को बजट सत्र से पहले विधानसभा में खीर समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आगामी बजट विकास की गति तेज करने, बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने और निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने पर केंद्रित होगा। इस समारोह में कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ-साथ किसान, चिकित्सक और शिक्षक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए, गुप्ता ने कहा कि बजट का लक्ष्य बेहतर नागरिक सुविधाएं, उन्नत बुनियादी ढांचा और एक ऐसा सकारात्मक वातावरण तैयार करना है जहां लोग आराम से रह सकें। उन्होंने कहा कि सरकार निवासियों की लंबे समय से लंबित आकांक्षाओं को पूरा करने और दिल्ली के विकास को एक नयी गति देने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार, बजट में छात्रों के लिए बेहतर सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना तथा स्वच्छ हवा व हरित राजधानी सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम शामिल होंगे। उन्होंने इस बजट को दिल्ली को अधिक रहने योग्य और टिकाऊ बनाने की एक कार्ययोजना करार दिया है।

## आदिवासियों को वनवासी कहने पर भड़के राहुल, आरएसएस, भाजपा पर साधा निशाना

वडोदरा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आदिवासियों के लिए वनवासी शब्द के इस्तेमाल को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधा तथा दावा किया कि उन्होंने इस शब्द को इसलिए गढ़ा है, ताकि पानी, जंगल और जमीन पर आदिवासियों के मूल स्वामित्व को नकारा जा सके, जो सदियों से उन्हीं का है।



वडोदरा में आयोजित आदिवासी अधिकार संविधान सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी ने जाति जनगणना की अपनी मांग को दोहराया, जिसे उन्होंने आदिवासियों के लिए देश की सत्ता और संपदा में अपना हिस्सा पाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, आदिवासी से तात्पर्य भारत के मूल निवासियों से है। यदि आप इस भूमि पर।,000, 2,000 या यहां तक कि 5,000 वर्ष पहले भी आते, तो आप पाते कि जमीन का एक-एक इंच आदिवासियों के हाथों में था। उन्होंने कहा अब, 21वीं सदी में एक नया शब्द सामने आया है आरएसएस और भाजपा द्वारा गढ़ा गया एक शब्द वनवासी। वनवासी शब्द का तात्पर्य है कि आप इस भूमि के मूल स्वामी नहीं थे। दूसरी ओर, आदिवासी शब्द का अर्थ है कि यह देश आपका था, इसका जल, जंगल और जमीन सही मायने में आपकी थी।

गांधी ने कहा कि आदिवासियों को वनवासी कहना संविधान और पूज्य आदिवासी नेता बिरसा मुंडा पर हमला है। कांग्रेस नेता ने कहा, वनवासी शब्द का प्रयोग यह दर्शाता है कि आप मूल स्वामी नहीं थे- बल्कि मूल स्वामी कोई और था और जल, जंगल एवं जमीन आपकी नहीं थीअ आप केवल संयोगवश वन में निवास करते थे। गांधी ने कहा कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते में पहली बार देश के कृषि क्षेत्र को सरकार द्वारा अमेरिकी उत्पादों के लिए खोला गया है, ऐसा पहले कभी नहीं किया गया था।

## संक्षेप

### पीएम ने कुछ नया नहीं कहा : प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर जो वक्तव्य दिया, उसमें कुछ नया नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया के मामले पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को बताया है कि अभी हालात क्या हैं। इसमें कुछ नया नहीं था। उन्होंने कहा, ऐसे में हमने चर्चा के लिए जो नोटिस दिया है, उस पर भी बात होनी चाहिए, ताकि सभी का पक्ष सामने आ सके। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है और देशवासियों को उसी तरह तैयार रहना होगा जिस तरह एकजुटता के साथ सब ने कोरोना वायरस महामारी का सामना किया था। मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर लोकसभा में वक्तव्य देते हुए कहा कि इस समस्या का समाधान कूटनीति और बातचीत से ही संभव है तथा भारत तनाव को कम करने व संघर्ष समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

## न्यूयॉर्क के हवाई अड्डे पर कनाडा का विमान ट्रक से टकराया, पायलट व सह-पायलट की मौत

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क के ला गार्डिया हवाई अड्डे पर रविवार रात लैंडिंग के दौरान एयर कनाडा का एक विमान रनवे पर दमकल विभाग के ट्रक से टकरा गया, जिसके चलते दो पायलटों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि भिड़ंत की वजह से विमान का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद 39 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को आसपास के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से कुछ को गंभीर चोट आई है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

हवाई अड्डे का संचालन करने वाले न्यूयॉर्क एवं न्यूजर्सी पोर्ट अथॉरिटी की कार्यकारी निदेशक कैथरीन गार्सिया ने बताया कि ट्रक में सवार पोर्ट अथॉरिटी के दो कर्मचारी भी घायल हो गए। गार्सिया ने सोमवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हादसे में जान गंवाने वालों में विमान के पायलट और सह-पायलट शामिल हैं।

## सभी हितधारक मिलकर तपेदिक को पूरी तरह करें समाप्त : राष्ट्रपति

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तपेदिक (टीबी) को हमेशा के लिए समाप्त करने के मकसद से सभी हितधारकों से सामूहिक संकल्प के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा कि तपेदिक अब भी एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है। विश्व क्षय रोग दिवस की पूर्व संध्या पर मुर्मू ने



कहा कि तपेदिक-मुक्त भारत अभियान ने प्रारंभिक निदान का विस्तार करने, मुफ्त उपचार सुनिश्चित करने, पोषण संबंधी सहायता को मजबूत करने और रोगी देखभाल में सुधार करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति हमारे साझा संकल्प और राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की ताकत को रेखांकित करती है। राष्ट्रपति ने कहा, मैं सभी हितधारकों से आग्रह करती हूं कि वे सामूहिक संकल्प के साथ मिलकर तपेदिक को हमेशा के लिए समाप्त करने के मकसद से काम करें। मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि टीबी से उत्पन्न वैश्विक चुनौती के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जा रहा है।

## पीएम ने फिर से आत्म-प्रशंसा और डॉयलागबाजी की : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर जो वक्तव्य दिया, वो आत्म-प्रशंसा, कायरता और डॉयलागबाजी से भरा हुआ था तथा ईरान पर हमले की निंदा भी नहीं की गई।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा कोविड काल के समय का उल्लेख करना चिंताजनक है क्योंकि उस वक्त सरकार की प्रतिक्रिया विनाशकारी थी। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, आज लोकसभा में प्रधानमंत्री का अस्वाभाविक रूप से छोटा भाषण, हमेशा की तरह आत्मप्रशंसा, कायरता और डॉयलागबाजी वाला था। ईरान पर जारी अमेरिकी-इजराइल हवाई हमलों की निंदा में एक भी शब्द नहीं कहा गया। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का हमला निश्चित रूप से पूरी तरह से अस्वीकार्य है, लेकिन शासन परिवर्तन और राज्य के पतन के उद्देश्य से ईरान पर लगातार बमबारी भी अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता ने कहा, प्रधानमंत्री ने भारत के आर्थिक विकास रिकॉर्ड पर भी अपना बड़बोलापन जारी रखा। कुछ दिन पहले, उनके अपने पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में



भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया था। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री का मानना है कि अगर वह इस बेहद विश्वसनीय और परेशान करने वाली रिपोर्ट से खुद को नहीं जोड़ते हैं तो इससे बच सकते हैं। उन्होंने कहा, अंततः प्रधानमंत्री का कोविड-19 महामारी का आह्वान चिंताजनक है।

उनकी सरकार की प्रतिक्रिया विशिष्ट रूप से विनाशकारी थी। राष्ट्र उन अत्यधिक निराशाजनक दृश्यों को नहीं भूल सकता जो तब बहुत सामान्य हो गए थे, लाखों प्रवासी नंगे पैर अपने घरों की ओर चल रहे थे, हजारों लोग ऑक्सीजन की कमी से मर रहे थे और लाखों लोग बेरोजगार हो गए थे। उन्होंने कहा, हम केवल यह आशा कर सकते हैं कि इस बार अधिक तैयारी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने बहुत बड़ा खतरा पैदा हो गया है : अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी प्रमुख

एजेंसी

वेलिंगटन। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख फातिह बिरोल ने सोमवार को कहा कि ईरान युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने बहुत बड़ा खतरा खड़ा हो गया है।

उन्होंने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में नेशनल प्रेस क्लब को संबोधित करते हुए कहा, अगर यह संकट यूं ही आगे बढ़ता रहा, तो कोई भी देश इसके प्रभाव से अछूता नहीं रहेगा। बिरोल ने कहा कि पश्चिम एशिया का यह संकट 1970 के दशक के दो तेल संकटों और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान गैस बाजारों पर पड़े प्रभाव से भी अधिक गंभीर असर डाल रहा है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आयी है, जब तेहरान पर सोमवार तड़के इजराइल ने हमलों की बौछार शुरू की।

इस बीच, एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य कमांडर ने ईरान के लोगों से फिलहाल शरणस्थलों में रहने को कहा है जबकि ईरान ने अपने खाड़ी पड़ोसी देशों पर हमले तेज कर दिए हैं और उनके बिजली संयंत्रों को निशाना बनाने की धमकी दी है। बिरोल ने बताया कि इस पूरे क्षेत्र में नौ देशों के 40 ऊर्जा प्रतिष्ठान गंभीर या बेहद गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह यूरोप और एशिया की सरकारों के साथ तेल भंडार को मुहैया करने की संभावना पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम बाजार की स्थिति पर नजर रखेंगे। अगर आवश्यकता पड़ी, तो हम निश्चित रूप से कदम उठाएंगे, लेकिन पहले हम हालात का विश्लेषण करेंगे और सदस्य देशों के साथ चर्चा करेंगे।

## आतंकवाद से पीड़ित 438 लोगों के परिजनों को दिये गये नियुक्ति पत्र

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि 2025 से अब तक आतंकवाद से पीड़ित 438 परिवारों के सदस्यों को नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह महज एक आंकड़ा नहीं बल्कि उन परिवारों की बिखरी हुई दुनिया को समेटने का प्रयास है जिन्होंने हिंसा में अपने प्रियजनों को खो दिया है। सिन्हा ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रत्येक मामले उन घरों का प्रतिनिधित्व करते हैं जहां हंसी की जगह सन्नाटा छा गया था और उन परिवारों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिन्हें वर्षों तक खुद का भरण-पोषण करना पड़ा, अक्सर व्यक्तिगत नुकसान के अलावा सामाजिक उपेक्षा का भी सामना करना पड़ा। उप राज्यपाल ने सोमवार को आतंकवाद के पीड़ितों के 37 परिजनों और सेवा के दौरान जान गंवाने वाले सरकारी कर्मचारियों के 29 परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा अब तक आतंकी हमले से पीड़ित 438 परिवारों के सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।

## इंटरटेनमेंट...

### भूत बंगला का 'तू ही दिसदा' सॉन्ग टीजर रिलीज





मुंबई। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की फिल्म 'भूत बंगला' के नए लव ट्रैक 'तू ही दिसदा' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में अक्षय कुमार और वामिका गब्बी की रोमांटिक केमिस्ट्री नजर आ रही है। गाने में अरिजीत सिंह और निकिता गांधी की आवाज वाले इस गाने में खूबसूरत लोकेशन्स और प्यारी लव स्टोरी की झलक दिखाई गई है। अरिजीत सिंह की आवाज में रोमांटिक ट्रैक फिल्म के पहले गाने 'राम जी आके भला करेंगे' की सफलता के बाद

❍ अक्षय-वामिका की रोमांटिक केमिस्ट्री दिखी अरिजीत की आवाज में फिल्म का दूसरा ट्रैक

मेकर्स ने अब फिल्म का रोमांटिक पहलू पेश किया है। 'तू ही दिसदा' गाने के विजुअल्स में झरने, घने जंगल और खूबसूरत पहाड़ों के नजारे दिखाए गए हैं। वामिका गब्बी अक्षय कुमार के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी और उनकी जोड़ी काफी 'नेचुरल' लग रही है। गाने में अरिजीत सिंह की सुकून देने वाली आवाज इस गाने को और खूबसूरत बना रही है। 14 साल बाद साथ आए अक्षय-प्रियदर्शन 'भूत बंगला' साल 2026 की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है।

इसकी सबसे बड़ी वजह अक्षय कुमार और डायरेक्टर प्रियदर्शन का 14 साल बाद साथ आना है। इस जोड़ी ने पहले 'हेरा फेरी', 'भूल भुलैया' और 'गरम मसाला' जैसी कल्ट क्लासिक कॉमेडी फिल्में दी हैं। फैंस एक बार फिर बड़े पर्दे पर उसी पुराने स्टाइल का ह्यूमर और एंटरटेनमेंट देखने का इंतजार कर रहे हैं। पुरानी कॉमेडी कास्ट की वापसी फिल्म में सिर्फ अक्षय ही नहीं, बल्कि प्रियदर्शन की पसंदीदा कॉमेडी टीम भी वापस लौट रही है।

### फिल्म : धुरंधर 2 में आर माधवन के सीन पर विवाद



मुंबई। फिल्म धुरंधर 2 को लेकर नया विवाद सामने आया है। फिल्म के एक सीन में गुरबाणी के कथित अपमान को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। शिव सेना गुरजोत सिंह कीर ने ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए फिल्म मेकर्स से सार्वजनिक माफी की मांग की है। 'धुरंधर 2' में आर. माधवन ने इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर अजय सान्याल का किरदार निभाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, विवाद उस सीन को लेकर है जिसमें आर माधवन का किरदार गुरबाणी का उच्चारण करता नजर आता है। आरोप

❍ शिवसेना नेता ने गुरबाणी के अपमान पर उठाया सवाल, फिल्म मेकर्स से सार्वजनिक माफी की मांग की

है कि इस दौरान उनके हाथ में सिगरेट दिखाई गई है। सिख समुदाय और नेताओं का कहना है कि यह प्रस्तुति धार्मिक मर्यादाओं के खिलाफ है और इससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। यही इस पूरे विवाद का मुख्य कारण बन गया है।

### आरके स्टूडियो रिन्यूअल की खबरें गलत : करीना

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने हाल ही में चल रही खबरों को खारिज करते हुए स्पष्ट कहा है कि लीजेंडरी आरके स्टूडियो के फिर से शुरू होने का कोई प्लान अभी तक तय नहीं हुआ है। अभिनेत्री ने बताया कि यह चर्चा केवल अफवाह है और फिलहाल ऐसी कोई योजना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक करीना ने कहा कि उनके परिवार में कुछ समय पहले यह बात चर्चा में आई थी, लेकिन सभी ने इसे तुरंत यह मान लिया कि यह नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोग सच में आरके स्टूडियो को फिर से देखने की चाहत रखते हैं, लेकिन फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव फाइनल नहीं हुआ है।

### फिल्म : 'डकैत' में दिखेगी एंग्री लव स्टोरी

मुंबई। अदिवि शेष का कहना है कि डकैत, हिंसक बैकड्रॉप में रची गई एक ऐसी प्रेम कहानी है, जिसमें दो किरदारों के बीच प्यार और नफरत का एक बेहद बारीक और गहरा संघर्ष दिखेगा। अदिवि शेष जल्द ही 'डकैत: ए लव स्टोरी' में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ मृणाल ठाकुर भी हैं।

❍ इंडियन सोल और अमेरिकन टेक्नीक का मेल है ये फिल्म

फिल्म का विचार हमारे सिनेमाई जुनून और पुरानी यादों का मेल है। मैं और मेरे करीबी दोस्त व निर्देशक शनि, हम दोनों ही ह्यद मैग्निफिसेंट सेवन' और 'द गुड, 'द बैड एंड द अग्ली' जैसी क्लासिक काउबॉय फिल्मों के प्रशंसक रहे हैं।


काफी समय से मेरा मन एक प्रेम कहानी पर काम करने का था, लेकिन मैं उसे पारंपरिक रूप में नहीं देखना चाहता था। हमने सोचा, क्या होगा अगर तपते रेगिस्तान, रेल की पटरियों, बंदूकों और खून-




खराबे के उस खौफनाक काउबॉय माहौल के बीच एक 'एंग्री लव स्टोरी' बुनी जाए? बस, इसी कल्पना ने 'डकैत' को जन्म दिया। यह असल में डकैती के हिंसक बैकड्रॉप में रची गई एक ऐसी प्रेम कहानी है, जहां दो किरदारों के बीच प्यार और नफरत का एक बेहद बारीक और गहरा संघर्ष चलता है।

देखिए जब माहौल ही इतना कठोर हो, तो किरदारों को भी उसी रंग में ढलना पड़ता है। यही वजह है कि यह कहानी एक बिल्कुल अलग और यूनिक संयोजन बनकर सामने आई है।

आमतौर पर दर्शक या तो पूरी तरह एक्शन से भरी फिल्म देखते हैं, या फिर एक ऐसी प्रेम कहानी, जहां भावनाएं आंसुओं और गीतों में बहती हैं। लेकिन हमने इस सोच को थोड़ा मोड़ा। हमने तय किया कि इस बार प्यार की बात तो होगी, लेकिन उस नरम, मासूम अंदाज में नहीं, बल्कि गुस्से, टकराव और तीखे जज्बातों के साथ। यानी यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जहां भावनाएं दबी नहीं रहती, बल्कि खुलकर, तेज और कभी-कभी चिल्लाते हुए सामने आती हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com